
वर्ष 73 ▸ अंक 116 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 23 जनवरी, 2026
माघ शुक्ल पक्ष 05, विक्रम संवत् 2082
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

हे हंसवाहिनी ज्ञानदायिनी अम्ब विमल मति दे। वीणा वादिनी वर दे।।

बसंत पंचमी आज






## ऑफ बीट

### कहां है दुनिया का सबसे गहरा समुद्र?

*पृथ्वी की सतह पर विशाल पर्वत हैं और महासागर में सबसे गहरी खाई भी है। दुनिया में दूसरी रहस्यमयी जगहों की तरह समुद्र में भी एक ऐसी ही जगह है। कहा जाता है कि यह पृथ्वी की सबसे अधिक रहस्यमयी जगह है, क्योंकि इसके बारे में वैज्ञानिकों को भी ज्यादा जानकारी नहीं है। समुद्र की गहराई में स्थित इस जगह का नाम मैरियाना ट्रेंच है। यह समुद्र तल की इतनी गहराई में स्थित है कि पूरा माउंट एवरेस्ट पर्वत समा सकता है।*

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड: 1 करोड़ के इनामी समेत 15 नक्सली ढेर

**रांची, जेएनएन।** झारखंड में मुठभेड़ में एक करोड़ के इनामी नक्सली अनल दा समेत 15 नक्सली ढेर हुए हैं। पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल में गुरुवार सुबह से सुरक्षाबलों और भाकपा (माओवादी) नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। आसपास का इलाका गोलियों की आवाज से गूंज उठा। जानकारी के मुताबिक झारखंड पुलिस, कोबरा और सेंट्रल पुलिस फोर्स के जवानों की सर्चिंग के दौरान माओवादी के शीर्ष नेता अनल दा उर्फ पतिराम मांझी के दस्ते के साथ मुठभेड़ हुई। उसके दस्ते में 14 से अधिक नक्सली हैं। पुलिस के अनुसार, मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने अनल दा समेत 15 नक्सलियों को मार गिराया है। सर्च अभियान के दौरान 15 डेडबॉडी के साथ भारी मात्रा में हथियार एवं दैनिक उपयोग के सामान बरामद किए गए। आईजी सीआरपीएफ साकेत कुमार ने बताया कि मारे गए 15 नक्सलियों में से 11 की पहचान हो चुकी है। अनल उर्फ पतिराम मांझी पर झारखंड सरकार ने 1 करोड़, ओडिशा सरकार ने 1.20 करोड़ और एनआईए ने 15 लाख का इनाम रखा था।

### 826 करोड़ की साइबर धोखाधड़ी, 8 गिरफ्तार

**गांधीनगर, जेएनएन।** गुजरात पुलिस ने फर्जी कंपनियों के नाम पर 82 बैंक खाते खुलवाने और उन खातों को धोखाधड़ी करने के लिए साइबर अपराधियों को सौंपने के आरोप में बुधवार को आठ लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ये गिरफ्तारियां 826 करोड़ से अधिक की साइबर धोखाधड़ी के खिलाफ राष्ट्रव्यापी कार्रवाई तहत की गईं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी राजदीपसिंह जाला ने कहा, 'गुजरात में ऑपरेशन म्यूल हंट के तहत, साइबर एक्सीलेंस सेंटर ने सूरत से आठ व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जो कथित तौर पर पूरे देश में 826 करोड़ से अधिक के 1,229 साइबर अपराध मामलों में शामिल थे। आरोपियों ने पहचान छिपाने के लिए कथित तौर पर नौ फर्जी कंपनियों के नाम पर 82 बैंक खाते खुलवाए थे। उन्होंने कहा कि इसके बाद, आरोपियों ने इन बैंक खातों की जानकारी साइबर अपराधियों के साथ साझा की, जिन्होंने लोगों को निशाना बनाया।

**जनगणना:** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पहले चरण के लिए जारी की अधिसूचना

# पारिवारिक जानकारी के साथ देने होंगे 33 सवालों के जवाब

**नई दिल्ली, जेएनएन।** गृह मंत्रालय ने 2027 में होने वाली जनगणना को लेकर नई अधिसूचना जारी कर दी है। इन अधिसूचना में गृह मंत्रालय की ओर से 2027 में होने वाली भारत की जनगणना के दौरान एकत्र की जाने वाली जानकारी की लिस्ट दी गई है। इसमें जनगणना अधिकारियों को पूरे देश में घरों और परिवारों का विस्तृत डेटा जुटाने का अधिकार दिया गया है। देश में जनगणना 2027 का पहला चरण 1 अप्रैल से 30 सितंबर के बीच किया जाएगा। सरकार की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि केंद्र यह निर्देश देता है कि भारत की जनगणना-2027 के संबंध में हाउस-लिस्टिंग एवं आवास जनगणना अनुसूची के माध्यम से सूचना एकत्र करने के लिए सभी जनगणना अधिकारी अपने-अपने नियुक्त स्थानीय क्षेत्रों की सीमाओं के भीतर सभी व्यक्तियों से निम्नलिखित बिंदुओं पर प्रश्न पूछेंगे।

पहले चरण में हर भवन को जियो-टैग किया जाएगा। चाहे वह बंद या खाली ही क्यों न हों। जनगणना 2027 के लिए सेंसस मैनेजमेंट एंड मॉनिटरिंग सिस्टम तैयार किया गया है। यह जनगणना के काम को वास्तविक समय में देखेगा। उप्र में जनगणना-2027 के प्रथम चरण हाउस लिस्टिंग एवं आवास जनगणना को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। मई-जून 2026 में प्रस्तावित इस चरण को पूरी तरह डिजिटल माध्यम से कराने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके लिए प्रदेशभर में करीब छह लाख कार्मिकों की तैनाती की जाएगी। प्रथम चरण के तहत घरों, भवनों और आवासीय सुविधाओं से संबंधित आंकड़ों का संग्रहण, प्रविष्टि, सत्यापन और अनुश्रवण पूरी तरह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर होगा। इसके लिए कार्मिकों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा और अंतर-विभागीय समन्वय को मजबूत किया जाएगा। सरकार ने स्पष्ट किया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2026 से 31 मार्च 2027 तक प्रदेश की किसी भी प्रशासनिक इकाई के क्षेत्राधिकार में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा।

### घर-घर जाकर पूछे जाएंगे ये सवाल

- भवन संख्या (नपा/स्थानीय निकाय अथवा जनगणना संख्या)
- जनगणना गृह संख्या
- जनगणना गृह के फर्श की प्रमुख सामग्री
- जनगणना गृह की दीवार की प्रमुख सामग्री
- जनगणना गृह की छत की प्रमुख सामग्री
- जनगणना गृह का उपयोग
- जनगणना गृह की स्थिति
- परिवार संख्या
- परिवार में निवास करने वाले व्यक्तियों की संख्या
- परिवार के मुखिया का नाम
- परिवार के मुखिया का लिंग
- क्या परिवार का मुखिया अजा/अजजा/अन्य
- जनगणना गृह का स्वामित्व स्वरूप
- परिवार के विशेष अधिकार में उपलब्ध आवासीय कमरे
- परिवार में रहने वाले विवाहित दंपतियों की संख्या
- पीने के पानी का मुख्य स्रोत
- पीने के पानी के स्रोत की उपलब्धता
- प्रकाश व्यवस्था का मुख्य स्रोत
- शौचालय की उपलब्धता
- शौचालय का प्रकार
- अपशिष्ट जल निकासी व्यवस्था
- स्नान सुविधा की उपलब्धता
- रसोईघर तथा एलपीजी/पीएनजी कनेक्शन
- खाना पकाने के लिए प्रयुक्त मुख्य ईंधन
- रेडियो/ट्रांजिस्टर
- टेलीविजन
- इंटरनेट की उपलब्धता
- लैपटॉप/कंप्यूटर
- टेलीफोन/मोबाइल फोन/स्मार्टफोन
- साइकिल/स्कूटर/मोटरसाइकिल/मोपेड कार/जीप/वैन
- परिवार में उपभोग किया जाने वाला मुख्य अनाज
- मोबाइल नंबर (सिर्फ जनगणना संबंधी संचार हेतु)

# यूरोपीय यूनियन ने भारत से रक्षा समझौते को दी मंजूरी

### अगले हफ्ते डील, ईयू बोला-आतंकवाद के खिलाफ मददगार

**ब्रूसेल्स, जेएनएन।** यूरोपीय यूनियन (ईयू) ने भारत के साथ नए रक्षा समझौते (सिक्योरिटी और डिफेंस एग्रीमेंट) को मंजूरी दे दी है। अगले हफ्ते नई दिल्ली में होने वाले भारत-ईयू शिखर सम्मेलन में इस पर साइन होंगे। ईयू की विदेश नीति प्रमुख काजा कलास ने बुधवार को यूरोपीय संसद में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा, यह साझेदारी एक बड़े रणनीतिक एजेंडे का हिस्सा होगी। इस एजेंडे में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट यानी मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए), डिफेंस एंड सिक्योरिटी डील, साइबर सिक्योरिटी, समद्री सुरक्षा और काउंटर टेररिज्म शामिल है। यूरोपियन काउंसिल के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन भारत आ रहे हैं। वे 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। भारत-ईयू शिखर सम्मेलन अगले दिन 27 जनवरी को होगा। कलास ने बताया कि भारत और ईयू के बीच सिक्योरिटी और डिफेंस एग्रीमेंट से आतंकवाद के खिलाफ लड़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, इससे समुद्री सुरक्षा और साइबर सिक्योरिटी जैसे सेक्टर्स में सहयोग बढ़ेगा। कलास ने कहा कि यूरोप भारत के साथ एक नए और मजबूत एजेंडे पर आगे बढ़ने के लिए तैयार है।



### ट्रेड डील भी संभव

भारत और ईयू के बीच 27 जनवरी को एफटीए पर साइन हो सकते हैं। दोनों देश कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा करेंगे। पहले यूरोपीय संसद को हां करनी होगी। यूरोपीय काउंसिल की मंजूरी के बाद ट्रेड कमिश्नर सेफकोविक इसे भारत के सामने साइन के लिए पेश करेंगे। समिट के दौरान भारत और ईयू 2030 तक के लिए राजनीतिक एजेंडा भी पेश करेंगे। फिलहाल दोनों देश अभी कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म जैसे विवादित मुद्दों पर सहमति बनाने के लिए बात कर रहे हैं। इसके तहत स्टील और सीमेंट जैसे उत्पादों पर कार्बन टैरिफ के लिए बनाए गए नियम हैं। अगर कोई देश बहुत प्रदूषण करके सामान बनाता है। फिर उसे यूरोप में लाया जाता है, तो यूरोप उस पर अतिरिक्त टैक्स लगाता है। ईयू ने इस पॉलिसी को लेकर अब तक कोई बदलाव नहीं किया है।

### ईयू-भारत का साथ आना फायदेमंद

कलास ने कहा है कि आज की खतरनाक दुनिया में मिलकर काम करना दोनों के लिए फायदेमंद होगा। फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से बाजार खुलेगा, जिससे देशों के सामान पर टैक्स और रुकावटें कम होंगी। इससे ज्यादा कंपनियां और व्यापारी एक-दूसरे के देश में सामान बेच और खरीद सकते हैं, जिससे निर्यात भी बढ़ेगा। तकनीक, दवा और सेमीकंडक्टर के सहयोग में भी मदद होगी। नौकरी और पेशेवरों की आवाजाही इस नए एजेंडे का तीसरा हिस्सा है। कलास ने बताया कि दोनों देश सीजनल वर्कर्स, स्टूडेंट्स, शोधकर्ताओं और कुशल कामगार की आवाजाही आसान करने के लिए भी समझौता करेंगे। इससे तकनीक और रिसर्च में सहयोग बढ़ेगा।

# पति को बच्चे का डीएनए कराने की अनुमति



### हाईकोर्ट ने पारिवारिक न्यायालय के फैसले को बरकरार रखा

**जबलपुर, जेएनएन।** मप्र हाईकोर्ट ने हाल ही में एक पारिवारिक न्यायालय के उस फैसले को बरकरार रखा है, जिसमें एक पति की उस याचिका को स्वीकार कर लिया गया था, जिसमें उसने अपनी पत्नी से पैदा हुए बच्चे का पिता होने का पता लगाने के लिए डीएनए परीक्षण कराने की अनुमति दी थी।


न्यायमूर्ति विवेक जैन ने कहा कि पति बच्चे के भरण-पोषण के प्रति अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए बच्चे के पितृत्व के बारे में नहीं जानना चाहता, बल्कि केवल अपनी पत्नी के कथित व्यभिचार को साबित करने के लिए जानना चाहता है। न्यायाधीश ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न मामलों में यह माना है कि जहां बच्चे की नाजायजता के संबंध में कोई घोषणा नहीं मांगी जाती है और मुद्दा केवल पत्नी के व्यभिचार से संबंधित होता है, तो उचित मामलों में डीएनए परीक्षण का आदेश दिया जा सकता है। मौजूदा मामले में तलाक याचिका के पैरा-4 में पर्याप्त दलीलें मौजूद हैं, जिसमें प्रतिवादी पति ने कहा,वह भारतीय सेना में है और उसे अक्टूबर 2015 में पत्नी ने बुलाया था, जो मप्र पुलिस में कांस्टेबल है। चार दिनों के भीतर पत्नी ने उसे सूचित किया कि वह गर्भवती है और उसने गर्भ धारण कर लिया है, जिसके बारे में पति के सेना में ड्यूटी से लौटने के चार दिनों के भीतर पत्नी को पता नहीं चल सकता था। आगे दलील दी गई है कि बच्चे का जन्म अक्टूबर 2015 के 8 महीनों के भीतर हुआ और बच्चे के गर्भधारण के समय उससे मिलने का स्पष्ट अभाव है। पति सेना में कार्यरत है और पत्नी मप्र पुलिस में कांस्टेबल है। पति ने वैवाहिक संबंध न होने का दावा करते हुए बच्चे के पितृत्व पर सवाल उठाया। उसने बताया कि वह पत्नी से हर तीन से छह महीने में केवल एक बार मिलता है। हालांकि, पत्नी ने तर्क दिया कि डीएनए परीक्षण कराने से उनकी बेटी के निजता के अधिकार का उल्लंघन होगा और बच्चे की वैधता पर अनावश्यक संदेह पैदा होगा।

# धार-भोजशाला में पूजा फिर होगी नमाज

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- नमाज के बाद दोबारा पूजा कर सकेंगे, विशेष इंतजाम के निर्देश

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को धार भोजशाला मामले में बड़ा आदेश दिया है। 23 जनवरी (बसंत पंचमी, शुक्रवार) को हिंदू पक्ष को सूर्योदय से सूर्यास्त तक मां सरस्वती (वाग्देवी) की पूजा की पूरी छूट दी गई है, जबकि मुस्लिम पक्ष को दोपहर 1 से 3 बजे तक जुमे की नमाज पढ़ सकेंगे। कोर्ट ने प्रशासन को दोनों के लिए अलग-अलग जगह तय करने, विशेष पास व्यवस्था करने और शांति-सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने यह व्यवस्था हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की याचिका पर सुनवाई करते हुए दी। मामले की सुनवाई सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पंचोली की पीठ ने की।

आदेश के मुताबिक हिंदू समुदाय को हर मंगलवार को सूर्योदय से सूर्यास्त तक निःशुल्क प्रवेश की अनुमति है। उस दिन आगंतुक एक-दो फूल और कुछ चावल के दाने ले जा सकते हैं। इन रियायतों के अतिरिक्त, परिसर अन्य सभी दिनों में पर्यटकों के लिए खुला रहेगा। प्रवेश शुल्क प्रति व्यक्ति 1 रुपए होगा। 15 वर्ष तक के बच्चों के लिए प्रवेश निःशुल्क रहेगा। बता दें, सुरक्षा व्यवस्था के लिए धार में आठ हजार पुलिस बल और अफसर तैनात किए गए हैं। सीजेआई ने कहा, इस पुरातात्विक परिसर को लेकर दोतरफा दावे हैं। मामला हाईकोर्ट में लंबित है, इसलिए हम इस पर कोई राय नहीं दे रहे।



### बसंत पंचमी पर दिनभर पूजन

सुनवाई के दौरान हिंदू पक्ष के वकील ने कहा कि बीते कुछ वर्षों से बसंत पंचमी शुक्रवार को पड़ रही है। कल बसंत पंचमी है और सूर्योदय से सूर्यास्त तक पूजा, हवन और पारंपरिक अनुष्ठान होंगे। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के वकील ने अदालत को आश्वस्त किया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने की पूरी व्यवस्था की जाएगी, जैसा कि पूर्व वर्षों में किया जाता रहा है।

### बसंत पंचमी का शेड्यूल

**पूजन:** सूर्योदय से सूर्यास्त तक
**सुबह 7 बजे :** मां सरस्वती महायज्ञ की शुरुआत
**सुबह 10.30 बजे:** लालबाग से शोभायात्रा की शुरुआत
**दोपहर 12.15 बजे:** धर्म सभा
**दोपहर 1.15 बजे:** वाग्देवी की महा आरती

### नमाज के बाद परिसर खाली कर देंगे

मस्जिद पक्ष के वकील ने कहा कि दोपहर 1 से 3 बजे के बीच नमाज अदा की जाएगी। इसके बाद परिसर खाली कर दिया जाएगा। हिंदू पक्ष की ओर से यह सुझाव दिया गया कि नमाज शाम 5 बजे के बाद कराई जाए, ताकि पूजा निर्बाध चल सके। इस पर मस्जिद पक्ष ने स्पष्ट किया कि जुमे की नमाज का समय बदला नहीं जा सकता। अन्य नमाजों के समय में बदलाव संभव है।

### क्या है विवाद

1995 में विवाद के बाद से मंगलवार को पूजा, शुक्रवार को नमाज पढ़ने की अनुमति दी गई। 12 मई 1997 को कलेक्टर ने आमजन के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया। मंगलवार की पूजा पर रोक लगा दी गई। हिंदुओं को बसंत पंचमी पर और मुसलमानों को शुक्रवार को 1 से 3 बजे तक नमाज पढ़ने की अनुमति दी गई। ये प्रतिबंध 31 जुलाई 1997 को हटा दिया गया। 1998 में पुरातत्व विभाग ने प्रतिबंध लगाया। 2003 में मंगलवार को पूजा की अनुमति दी गई।

## जेल में मौत: 9 पुलिस कर्मियों के खिलाफ जांच

**जागरण, इंदौर।** कानून की रक्षा करने वाली पुलिस की छवि भी अब सवालों के घेरे में है। चूंकि ब्राउन शुगर के झूठे आरोप में फंसाए गए गंभीर रूप से बीमार युवक की जिला जेल में मौत के बाद सामने आए गंभीर आरोपों ने शहरभर में हड़कंप मचा दिया है। परिवार का कहना है कि युवक को बिना एफआईआर घर से उठाया गया, अवैध वसूली की और बाद में झूठे एनडीपीएस केस में फंसाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला न्यायालय ने एमआईजी थाने के 9 पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच का आदेश दिया है। मामला 15 नवंबर 2024 का है। आरोप है कि इंदौर पुलिस ने अजय सोनी नामक युवक को घर से जबरन उठाया। अजय टीबी का मरीज था और उसका वजन तेजी से घटकर 30 किलो रह गया था। उसकी बहन राधिका सोनी ने 23 मई 2025 को पुलिस कमिश्नर को शिकायत दी थी। शिकायत में एमआईजी थाने के 9 पुलिसकर्मियों पर गंभीर आरोप लगाए। पीड़िता ने बताया कि अजय को सरकारी टीबी अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद परिवार उसकी देखभाल कर रहा था, लेकिन 15 नवंबर 2024 को एमआईजी थाने के 6 पुलिसकर्मी जिनमें प्रवीण सिंह अपने साथ एक युवक पोलार्ड को लेकर राधिका के घर पहुंचा।

**रिसर्च** नए रिश्तों को लेकर अधिक सतर्क हो रहे लोग, ज्यादा क्लेरिटी और मैच्योरिटी के साथ कर रहे डेटिंग

# तलाक के बाद मूव-ऑन, एक नई शुरुआत

**जेएनएन, नई दिल्ली।** भारत में अब तलाक को वैवाहिक जीवन के अंत के तौर पर नहीं बल्कि नई शुरुआत के रूप में देखा जाने लगा है। एक हालिया अध्ययन के अनुसार, पांच में से तीन तलाकशुदा लोग अब अपने नए रिश्तों को लेकर पहले से कहीं अधिक सतर्क हो गए हैं और इन लोगों ने अपने अनुभवों के आधार पर कुछ ऐसी शर्तें तय की हैं जिन्हें वो अब किसी भी कीमत पर छोड़ने को तैयार नहीं हैं।

आज के भारत में तलाक को अब केवल एक रिश्ते के दुखद अंत के रूप में नहीं देखा जा रहा है, बल्कि इसे एक नई और बेहतर जिंदगी की शुरुआत के तौर पर देखा जा रहा है। भारतीय समाज का एक बड़ा हिस्सा अब इस पुरानी और घिसी-पिटी सोच को पीछे छोड़ चुका है कि तलाक जिंदगी का फुल स्टॉप है। बजाए इसके तलाकशुदा लोग अब ज्यादा सतर्क होकर नए रिश्तों में कदम रख रहे हैं। तलाक के बाद दोबारा डेटिंग और प्यार की दुनिया की जब शुरूआत करते हैं तो वो पहले से कहीं ज्यादा क्लैरिटी और मैच्योरिटी के साथ आगे बढ़ते हैं। दरअसल, वो अपने अतीत के अनुभवों के आधार पर अच्छी तरह समझ चुके होते हैं कि किसी रिश्ते में सबसे ज्यादा जरूरी चीज उनके लिए क्या है।

### स्टडी में खुलासा

मैचमेकिंग ऐप रीबाउंस द्वारा की गई एक दिलचस्प स्टडी की हालिया रिपोर्ट इस बदलाव पर मुहर लगाती है। स्टडी के अनुसार, साल 2025 में दोबारा डेटिंग शुरू करने वाले 5 में से 3 तलाकशुदा सिंगल्स अब अपने पार्टनर को लेकर बहुत स्पष्ट नजर आए। उनके पास अब ऐसे डील ब्रेकर्स (समझौता न करने वाली शर्तें) की लिस्ट है जो उनकी पहली शादी के दौरान नहीं थी। यह दिखाता है कि अब लोग अपनी खुशी, मेंटल पीस से समझौता करने के बजाय अनुभवों से सीखकर अधिक संतुलित और खुशहाल जीवन की ओर बढ़ रहे हैं।



### 5,834 लोगों पर की गई स्टडी

यह स्टडी देश के टियर 1, 2 और 3 शहरों के 5,834 एक्टिव डेटर्स के बीच की गई। सर्वे में शामिल सभी प्रतिभागी 27 से 40 वर्ष की आयु के थे जो या तो तलाकशुदा थे या अपने पार्टनर से अलग हो चुके थे। स्टडी के नतीजों पर रीबाउंस के फाउंडर और सीईओ रवि मित्तल ने कहा, यह सर्वे दूसरी शादी को लेकर समाज की सोच में आ रहे एक स्पष्ट बदलाव को दर्शाता है। अब लोग सिर्फ समझौता करने या परिस्थितियों के साथ एडजस्ट करने के लिए तैयार नहीं हैं। दूसरी शादी अब पहले से ज्यादा स्पष्टता और आपसी तालमेल पर आधारित है। तलाकशुदा सिंगल्स अब भावनात्मक रूप से अधिक परिपक्व हो चुके हैं।

**अकेले बोझ उठाने से बच रहे लोग:** मुंबई निवासी 35 वर्षीय तारिणी इस बदलाव को बयां करते हुए कहती हैं, खामोशी ताकत नहीं है। भावनात्मक रूप से इमोशनली अवेलेबल (अनुपलब्ध पार्टनर) के साथ खामोशी से तालमेल बिठाना ना तो आपकी मेंटल हेल्थ के लिए अच्छा है और न ही आपकी शादी के लिए। ऐसा रिश्ता बेमानी है। 38 साल के पीडियाट्रिशियन राजीव ने बताया, कम्युनिकेशन रिश्ते में बेहद जरूरी है। कम्युनिकेशन में कमी अब स्वीकार्य नहीं है।

**पैसा भी जरूरी फैक्टर:** दिल्ली की 33 साल की समीरा ने कहा, पैसा एक और जरूरी एरिया है। बस इतना चाहती हूं कि मेरा पार्टनर आर्थिक स्थिति को लेकर ईमानदार हो और महज दिखावे के लिए हैसियत से ज्यादा खर्च करने वाला न हो।

**आत्म सम्मान सबसे ऊपर:** कोलकाता की 38 साल की परोमिता कहती हैं, इज्जत और आत्म सम्मान से समझौता नहीं किया जा सकता है। मुझे अब अपनी जिंदगी में ऐसा कोई व्यक्ति नहीं चाहिए जो मुझे वो सम्मान और गरिमा न दे सके, जिसकी मैं हकदार हूं।

बीसीबी अपनी मांग पर अड़ा, आईसीसी भी सख्त

# टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर होने के कगार पर बांग्लादेश

**नई दिल्ली, जेएनएन।** बांग्लादेश ने गुरुवार को भारत में टी-20 वर्ल्ड कप खेलने से इनकार कर दिया, जिसके बाद टीम का टूर्नामेंट से बाहर होना तय माना जा रहा है। एक दिन पहले ही आईसीसी ने स्पष्ट किया था कि बांग्लादेश के सभी ग्रुप मैच भारत में ही कराए जाएंगे। इससे पहले बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मांग की थी कि उसके सभी मुकाबले भारत की बजाय श्रीलंका में कराए जाएं। आईसीसी ने बुधवार को यह मांग खारिज कर दी और बीसीबी को इस पर फैसले के लिए एक दिन का समय दिया था।




### वर्ल्ड कप खेलना चाहते हैं, लेकिन भारत नहीं जाएंगे: बीसीबी

बांग्लादेश सरकार गुरुवार को अपने इस स्टैंड पर अड़ी रही कि देश की क्रिकेट टीम टी20 वर्ल्ड कप में खेलना चाहती है, लेकिन इंडिया नहीं जाएगी। बीसीबी के प्रेसिडेंट अमीनुल इस्लाम और स्पोर्ट्स एडवाइजर आसिफ नजरुल ने बांग्लादेश के क्रिकेटरों के साथ हाई-लेवल मीटिंग की और उसके बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, वे श्रीलंका में वर्ल्ड कप खेलना चाहते हैं। उन्हें आईसीसी से अभी भी इंसाफ की उम्मीद है। नजरुल ने कहा, हमारे क्रिकेटरों ने वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई करने के लिए कड़ी मेहनत की है, लेकिन भारत में खेलने को लेकर सिक्योरिटी रिस्क वैसा ही है।

न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में विजय अभियान जारी रखने उतरेगा भारत (पेज : 11)



## प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का टाउन हॉल में लाइव प्रसारण आज

**जागरण, रीवा।** नगर निगम कार्यालय के टाउन हॉल में आज 23 जनवरी को प्रधानमंत्री के केरल कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में आयोजित गतिविधियों के साथ-साथ देश में पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत एक लाख ऋण प्रकरणों के वितरण और क्रेडिट कार्डों के शुभारंभ की योजना बनाई गई है। प्रधानमंत्री के उद्बोधन हेतु एल.ई.डी. स्क्रीन पर कार्यक्रम का सीधा सजीव प्रसारण दिखाये जाने की व्यवस्था नगर निगम टाउन हॉल में प्रातः 10:30 बजे से की गई है। इस कार्यक्रम में पीएम स्वनिधि योजना व अन्य योजनाओं के लाभार्थी, जनप्रतिनिधि, निकाय के अधिकारी-कर्मचारी, अशासकीय संगठनों के प्रतिनिधि, बैंकर्स, पथ विक्रेता आदि उपस्थित रहेंगे। नगर निगम द्वारा नगरवासियों से उक्त कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर
(अल्ट्रासाउण्ड)
डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599, 9399312433

# जब अध्योध्या धाम बना पचमठाधाम हजारों दीपों से जगमगाया मां बीहर का घाट

**रामलला महोत्सव में सुबह से शाम तक जारी रही पूजा अर्चना, शाम को मां बीहर गंगा आरती के साथ हुआ समापन**





जागरण, रीवा

मां बीहर गंगा आरती एवं अयोध्या में रामलला के विग्रह के दो वर्ष पूर्ण होने पर राम दरबार द्वारा वार्षिकोत्सव मनाया जा रहा है। इसी क्रम में पचमठा धाम पर गुरुवार दोपहर साढ़े 12 बजे से सुंदरकांड पाठ के कार्यक्रम की शुरुआत हुई, भजन मंडल द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई, एक से एक सुमधुर भजनों पर उपस्थित भक्तजन थिरकने को मजबूर हो गए। चारों और भक्तिमय माहौल हो गया। इसके पश्चात नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा हनुमान चालीसा पाठ किया गया। बच्चों के मुख से हनुमान चालीसा पाठ पर उपस्थित भक्तजन भक्ति में लीन दिखे, उपस्थित लोगों ने ताली बजाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला रहे। डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला, राम दरबार के वरिष्ठ पदाधिकारी हितेन्द्र नाथ शर्मा, विद्यावारिधि तिवारी, निर्णय शर्मा, आरएसएस प्रचारक हरिनारायण, नगर निगम अध्यक्ष वेंकटेश पाण्डेय व कमल किशोर शुक्ला ने अपना उद्बोधन में कार्यक्रम को आगामी समय में और भी वृहद बनाने की बात कही। उद्बोधन पश्चात मां बीहर गंगा आरती का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला के साथ ही बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों ने दीप जलाकर मां बीहर गंगा की आरती की। पचमठा का पूरा पचमठा धाम दीयों की रौशनी से जगमगा उठा। आरती के बाद भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया, देर रात तक भक्तों ने भंडारा में प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ लिया। कार्यक्रम में श्री राम दरबार के अरुण मिश्रा, डॉ. उत्तम द्विवेदी, प्रबोध मिश्रा, विजय तिवारी, बृजेश तिवारी, प्रमोद शर्मा, अशोक श्रीवास्तव, अशोक मिश्रा, सतीश सिंह, संजय पाण्डेय, प्रदीप तिवारी, अखिलेश शुक्ला, देवेन्द्र तिवारी, प्रकाश द्विवेदी, रमेश तिवारी, रसिक अग्रवाल, अमित तिवारी, डॉ. पंकज शुक्ला, अनिल मिश्रा, प्रमोद गौतम, रामजी गुप्ता आदि का सहयोग रहा।

### स्वास्थ्य की जांच कर दवाइयों का वितरण

श्री राम दरबार द्वारा पचमठा धाम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान यहां पर आयुर्वेद महाविद्यालय व चिकित्सालय के सहयोग से निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। यहां आए लोगों की निःशुल्क जांच के साथ ही ब्लड, शुगर की भी जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। शिविर में डॉ. पवन गर्ग, डॉ. प्रितु तिवारी, डॉ. प्रशांत परौहा, डॉ. शुभम सोनी, डॉ. स्वाती कण्डारिया सहित आयुर्वेद स्टाफ का सहयोग रहा।



## श्रम कल्याण के समीप लगा कचरे का ढेर



**जागरण, रीवा।** घोघर में स्थित श्रम कल्याण के समीप कचरे का ढेर लगा रहता है, यहां के रहवासियों का आरोप है कि श्रम कल्याण के समीप डाला जाने वाला कचरा नियमित नहीं उठवाया जाता जो दिनभर वार्ड में फैला रहता है और कचरे के ढेर के आसपास आवारा मवेशी व श्वान का जमघट रहता है, वहीं कचरा नियमित न हटने से कचरे मेंडाला गया भोजन, सड़ी-गली सब्जी आदि से दुर्गंध उठने लगती है वहीं मच्छरों की भरमार है, जिनके कारणण लोग बीमार हो रहे हैं, यहां से कचरा उठवाने के लिए कई बार वार्ड पार्षद व निगम के जिम्मेदारों को बोल चुके, लेकिन कचरा अभी भी कई बार दिनभर यहीं पड़ा रह जाता है।

**क्षेत्र के रहवासियों ने बताया कचरा नियमित नहीं हटाते**

## नाले में अवैध कब्जा कर किया पक्का निर्माण



**जागरण, रीवा।** शहर के घोघर तकिया में स्थित सरकारी नाले पर यहां के एक रहवासी ने पक्का निर्माण कर नाले की निकासी ही बंद कर दी। नाले पर बाथरूम सहित अन्य निर्माण भी कर लिया। आसपास के रहवासियों ने नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर बताया कि नाले पर किया गया अवैध कब्जा आज से नहीं बल्कि लंबे समय से है। इस क्षेत्र से बड़ा सा नाला निकला हुआ है, नाले को देखकर ही प्रतीत होता है कि काफी पुराना नाला है और उसका निर्माण भी अभी तक पूर्ण नहीं हो पाया है, नाले में पाइप डालकर सड़क के दूसरी ओर तक निकाला गया है ताकि बरसात के पानी की निकासी हो सके, लेकिन नाले पर निर्माण करने के कारण नाला ही अवरूद्ध हो गया, जिससे बरसात के दौरान यहां के घरों में पानी भर जाता है, रहवासी नाले पर किए गए कब्जे की कई बार शिकायत भी कर चुके हैं, किन्तु जिम्मेदारों ने आज तक इसे हटाने की जहमत नहीं उठाई।

**घोघर तकिया का मामला, नाले की निकासी की बंद**

## फर्जी आपति दावा को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**रीवा।** कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का एक प्रतिनिधि मण्डल ने कलेक्टर से मिलकर भाजपा पर आरोप लगाया कि फार्म नं 7 से फर्जी आपत्ति लगायी जा रही है। जिस कारण मतदाता सूची से ऐसे मतदाताओं का नाम विलोपित कराया जा रहा है जो कई पुश्तों से संबंधित वार्डों में आबाद हैं। मुस्ताहसन खान ने बताया अल्पसंख्यक समाज बाहुल्य वार्ड कमांक 01, 05, 07, 21, 23, 30, 31, 33, 34, 35, 39, 41, 42, में सत्तापक्ष द्वारा निर्वाचन कार्य में संलग्न कर्मचारियों के ऊपर दबाव बनाकर फार्म नं. 07 में फर्जी एवं मनगढ़त आपत्ति दर्ज कराकर पात्र मतदाताओं के नाम कटवाने का काम किया जा रहा हैं। बिना उचित सत्यापन के हटाये गये ।

## अधिवक्ताओं ने एसपी ऑफिस का किया घेराव, यातायात प्रभारी को हटाने की मांग



**जागरण, रीवा।** अधिवक्ताओं में कोर्ट में वाहन पार्किंग को लेकर हुए घटनाक्रम के बाद यातायात थाना प्रभारी के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है। गुरुवार को अधिवक्ता संघ के जिला अध्यक्ष और मध्यप्रदेश के बार काउंसिल के सदस्य अखण्ड प्रताप सिंह के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव करते हुये ट्रैफिक इंचार्ज पर कार्यवाही की मांग की । आरोप है कि ट्रैफिक इंचार्ज द्वारा अधिवक्ताओं के खिलाफ द्वेषपूर्ण कार्यवाही की जा रही है। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अधिवक्ता राजेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि पूरे शहर का अधिवक्ता इसके चलते परेशान है। उन्होंने कहा कि एक अधिवक्ता के साथ मारपीट की गई और उल्टा मुकदमा करा दिया गया, इसी तरह से दूसरे अधिवक्ता के खिलाफ भी कार्यवाही की गई। जिला अध्यक्ष ने सवाल पूछते हुये कहा कि रीवा के ट्रैफिक इंचार्ज को अधिवक्ताओं से पता नहीं क्या एलर्जी है कि उनके द्वारा अधिवक्ताओं को चिंहित कर कार्यवाही की जा रही है। बताया गया कि हाल में कोर्ट परिसर में हुये हंगामे की वजह भी ट्रैफिक इंचार्ज थीं। अधिवक्ताओं ने मामले में पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग की है।

## हाईवे पर सड़क दुर्घटनाएं रोकने समाप्त किये जाएगे ब्लैक स्पॉट

**रीवा और शहडोल संभाग में कुल 21 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किये गये, एमपीआरडीसी सलाहकार नियुक्त कर खोजेगा दुर्घटनाएं रोकने के उपाय**



**जागरण, रीवा।** मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कार्पोरेशन (एमपीआरडीसी) द्वारा प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विस्तृत योजना तैयार की गई है। प्रदेश में पड़ने वाले नेशनल और स्टेट हाईवे पर 142 ब्लैक स्पॉट (संभावित दुर्घटना स्थल) चिह्नित किए गए हैं। इनमें से रीवा और शहडोल संभाग में कुल 21 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किये गये हैं, जिसमें रीवा संभाग में 13 और शहडोल संभाग में 8 ब्लैक स्पॉट शामिल हैं। इनकी वजह से दुर्घटनाओं की आशंका काफी बढ़ गई है। ऐसे में इन ब्लैक स्पॉट को खत्म करने और स्टेट हाईवे में सुधार की कवायद शुरू की गई है। मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कार्पोरेशन (एमपीआरडीसी) के अधिकारियों ने चार पैकेज तैयार कर इन ब्लैक स्पॉट को खत्म करने के लिए सेफ्टी कंसल्टेंट (सुरक्षा सलाहकार) की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की है। इन पर 2.84 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। एमपीआरडीसी चीफ इंजीनियर राकेश जैन ने बताया कि प्रदेश के हाईवे पर 142 ब्लैक स्पॉट खत्म करने के लिए प्रक्रिया शुरू की गई है। हम फिलहाल सेफ्टी कंसल्टेंट की नियुक्ति करने जा रहे हैं, जो इन स्पॉट का सर्वे कर इन्हें खत्म करने के उपाय सुझाएंगे। इसके लिए चार पैकेज तैयार कर टेंडर प्रक्रिया की जा रही है। एमपीआरडीसी द्वारा चिन्हित ब्लैक स्पॉट के मुताबिक रीवा में मझगवां-चाकघाट, बहरी-हनुमना, बरगदा-बैढ़न, रीवा-हनुमना मार्ग, ब्योहारी-सीधी रोड पर 13 स्पॉट हैं। इसके अलावा शहडोल में टेटका शहडोल, रीवा-टेटका, बुढ़ार-अमरकंटक पर आठ ब्लैक स्पॉट हैं। जबलपुर डिवीजन में जबलपुर-पाटन-शाहपुरा मार्ग, तिलवारा-चरगवां-गोटेगांव, सिहोरा-मझगवां मार्ग, जबलपुर-भोपाल हाईवे, जबलपुर-नरसिंहपुर रोड पर कुल 13 स्पॉट हैं।

### ब्लैक स्पॉट का सर्वे कर विस्तृत डीपीआर होगा तैयार

एमपीआरडीसी के चीफ इंजीनियर राकेश जैन के अनुसार ये कंसल्टेंट कंपनियां इन ब्लैक स्पॉट का सर्वे कर विस्तृत डीपीआर तैयार कर एमपीआरडीसी को सौंपेंगी। इसके बाद सुधार का कार्य कराया जाएगा। इन्हें समाप्त करने के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय में सूचीबद्ध कंसल्टेंट ही अधिकृत होकर टेंडर प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे। हर ब्लैक स्पाट का मौके पर पहुंचकर सर्वे का कार्य किया जाएगा कि उन्हें समाप्त करने के लिए हाईवे की संरचना में किस बदलाव की जरूरत है। किसी स्थान पर चेतावनी संकेतक लगाकर काम चल सकता है या फिर कहीं किसी बड़ी संरचना को तैयार किया जाना है। इस आधार पर एमपीआरडीसी द्वारा सुधार कार्य कराए जाएंगे।

## लायंस नेत्र चिकित्सालय में मोतियाबिंद के 19 सफल ऑपरेशन संपन्न



**रीवा।** लायंस नेत्र चिकित्सालय में जिला दृष्टिहीनता नियंत्रण समिति के सहयोग से नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन का क्रम लगातार जारी है। चिकित्सालय की विशेषज्ञ टीम द्वारा मरीजों की आंखों से संबंधित सभी प्रकार की जांच की जा रही है, वहीं वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा सुरक्षित एवं सफल ऑपरेशन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बीते दिवस मोतियाबिंद के 19 सफल ऑपरेशन किए गए। ऑपरेशन के पश्चात चिकित्सालय के चेयरमैन डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी द्वारा मरीजों को निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। तथा उनसे संवाद कर अस्पताल द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में चर्चा भी की गई। चिकित्सालय प्रशासन ने बताया कि शिविर में भर्ती सभी मरीजों को भोजन, बिस्तर, दवाइयां, लेंस एवं काले चश्मे सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। वही मरीजों को ऑपरेशन के बाद बरती जाने वाली सावधानियों एवं दवाओं के सेवन की विधि की जानकारी दी गई। रीवा लायंस नेत्र चिकित्सालय द्वारा किया जा रहा यह प्रयास दृष्टिहीनता की रोकथाम की दिशा में एक सराहनीय कदम है। इस अवसर पर रीवा लायंस नेत्र चिकित्सालय के प्रबंधक प्रखर गुप्ता, ज्ञानेंद्र पाठक, ऑप्थल्मिक असिस्टेंट, मिनाक्षी सिंह, प्रियंका शुक्ला, आशीष पाठक, शालिनी सिंह, परवीन खान सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

## अब तक 19724 आवेदन पत्र दर्ज

**अभियान में आमजनों के 8286 आवेदन पत्र मंजूर**

**रीवा।** आमजनता के आवेदन पत्रों का निराकरण करने तथा विकास योजनाओं की पात्रता के अनुसार आवेदन पत्र भरवाने के लिए संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है। जिले भर में यह अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च तक चार चरणों में चलाया जा रहा है। अभियान के प्रथम चरण में नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर आमजनता से आवेदन पत्र प्राप्त किए जा रहे हैं। इस संबंध में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि अब तक संकल्प से समाधान शिविरों में आमजनता से 19724 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 8286 आवेदन पत्रों को मंजूर किया गया है। ग्रामीण क्षेत्र में लगाए जा रहे शिविरों में विकासखण्ड जवा में 1916, विकासखण्ड रीवा में 4096, विकासखण्ड सिरमौर में 3448, विकासखण्ड गंगेव में 5170, विकासखण्ड त्योंथर में 2487 तथा विकासखण्ड रायपुर कर्चुलियान में 982 आवदेन पत्र दर्ज हुए हैं। शहरी क्षेत्रों में नगर निगम रीवा में 1303, नगर परिषद बैकुण्ठपुर में 26, नगर परिषद चाकघाट में 101, नगर परिषद डभौरा में 36, नगर परिषद त्योंथर में 28, नगर परिषद गुढ़ में 71, नगर परिषद मनगवां 8, नगर परिषद गोविंदगढ़ 7 तथा नगर परिषद सिरमौर में 45 आवेदन पत्र दर्ज किए गए हैं। इन आवेदन पत्रों का निराकरण भी किया जा रहा है।

## प्रभारी मंत्री होंगे गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि

**रीवा।** जिले भर में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिला मुख्यालय में एसएएफ मैदान में जिला स्तरीय समारोह सुबह 9 बजे आरंभ होगा। समारोह के मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग ध्वजारोहण करके परेड की सलामी लेंगे। समारोह में मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन किया जाएगा। समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक झांकियों के माध्यम से विभागीय उपलब्धियों और प्रदेश में विकास को प्रदर्शित किया जाएगा। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। जिले के सभी प्राथमिक तथा माध्यमिक स्कूलों में विशेष मध्यान्ह भोजन का आयोजन किया जाएगा। गणतंत्र दिवस में प्रातः सभी शासकीय और अशासकीय कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थाओं में ध्वज वंदन किया जाएगा। गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का आयोजन किया जा रहा है। नगर निगम के टाउनहाल में शाम 6 बजे से भारत पर्व पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें स्वराज संस्थान संस्कृति विभाग से नियुक्त कवि काव्य पाठ करेंगे।

## निर्माण कार्यों को तत्परता से पूरा कराएंः उप मुख्यमंत्री

**उप मुख्यमंत्री ने हिनौती गौधाम का किया निरीक्षण**

**गौमाता का पूजन किया, गुड़ और चना खिलाया**



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने गंगेव विकासखण्ड में हिनौती गौधाम का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माणाधीन रेस्टहाउस का शेष कार्य 15 फरवरी तक पूरा कराकर इसका लोकार्पण कराएं। हिनौती गौधाम के बाउन्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य स्वीकृत कर दिया गया है। ग्राम पंचायत इसका तत्काल निर्माण कार्य शुरू कराए। एसडीएम सिरमौर निर्माण कार्यों के संबंध में आवश्यक प्रशासकीय तथा तकनीकी स्वीकृति जारी कराएं। रेस्टहाउस के समीप बनाई जा रही नवीन गौशाला तथा दो पुरानी गौशालाओं में सुधार करके गौवंश रखने की व्यवस्था करें। अन्य गौशालाओं का निर्माण कार्य भी तेजी से पूरा कराएं। उप मुख्यमंत्री ने गौशाला के भ्रमण के दौरान गौमाता का पूजन किया तथा गुड़ और चना खिलाया।

### 34 गौशालाएं बनाइ जानी हैं

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हिनौती गौधाम में गौवंश को रखने के लिए 34 गौशालाएं बनाई जानी हैं। इनमें से 47 हेक्टेयर क्षेत्र में निजी पूंजी निवेश के माध्यम से गौशालाओं का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए भूमि का चिन्हांकन कर दें। एसडीएम गौशाला के पूरे क्षेत्र का सीमांकन कराकर सीमा चिन्ह लगवाएं, जिससे निजी और शासकीय भूमि में किसी भी तरह का विवाद न रहे। हिनौती गौधाम को मॉडल गौशाला के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसमें दो एकड़ जमीन प्राकृतिक खेती के लिए भी निर्धारित करें। गौशाला के विकास का मास्टर प्लान बनाकर उसे प्रदर्शित कराएं, जिससे विकास कार्यों की पूरी जानकारी मिल सके।

## महापौर ने पूछा- सारे लीकेज बंद हुए कि नहीं, कितनी शिकायतों का निराकरण किया

**40 से अधिक पाइप लाइन का लीकेज बंद करने के लिए किया गया मरम्मत कार्य**



**जागरण, रीवा।** शहरवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिक रीवा द्वारा दूषित पानी की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सुधार एवं मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। महापौर अजय मिश्रा बाबा ने जलप्रदाय व्यवस्था की साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को मौके पर दिशा निर्देश दिये। बैठक में बीते एक सप्ताह के दौरान निगम द्वारा की गई समस्त कार्यवाहियों की विस्तार से समीक्षा की गई। महापौर ने दूषित पानी की शिकायतों, पाइपलाइन लीकेज सुधार एवं पाइपलाइन शिफ्टिंग से संबंधित कार्यों की जानकारी निगम अधिकारियों से ली तथा निर्देश दिए कि नागरिकों को किसी भी स्थिति में असुरक्षित जल न मिले, यह निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इस दौरान अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि विगत एक सप्ताह में निगम की जलप्रदाय टास्क फोर्स टीम अलर्ट मोड पर रहते हुए 70 से अधिक शिकायतों का निराकरण किया गया है। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में 40 से अधिक लीकेज चिन्हित कर जेसीबी मशीन के माध्यम से खुदाई करते हुए पाइपलाइन मरम्मत एवं लीकेज सुधार के कार्य किए गए। बैठक के दौरान महापौर ने निर्देश दिए कि जिन वार्डों में गंदे पानी की समस्या सामने आ रही है, वहां तत्काल सुधार कार्य कराया जाए तथा जलप्रदाय से संबंधित शिकायतों पर त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जाए। उन्होंने समाचार पत्रों में प्रकाशित जलप्रदाय से जुड़ी खबरों का संज्ञान लेकर उनके निराकरण के निर्देश दिए। महापौर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि शहर के सभी वार्डों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा जल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। सीवरेज कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जहां-जहां सीवरेज कार्य पूर्ण हो चुका है, वहां रेस्टोरेशन कर सड़कों को मोटरेबल बनाया जाए तथा रेस्टोरेशन की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में कार्यपालन यंत्री सिद्धार्थ सिंह, सहायक यंत्री एसएन द्विवेदी, सीवर एवं सीएमआर कंपनी के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

आयुष्मान
में निःशुल्क एवं कैशलेश ईलाज की सुविधा उपलब्ध
कीमोथेरेपी
शिशु रोग विभाग
पथरी का ऑपरेशन
हड्डी का ऑपरेशन
कैंसर का ऑपरेशन
प्लास्टिक सर्जरी
जनरल सर्जरी
आकस्मिक सुविधा
यूरो सर्जरी
जबड़े का फ्रैक्चर
नेशनल हॉस्पिटल, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें- 18008890620, 8608600604, 7566831551

वर्ष 73 अंक 116 पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 23 जनवरी, 2026
माघ शुक्ल पक्ष 05, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

सफल होने के लिए - एक कलाकार के पास - साहसी आत्मा होनी चाहिए। वह आत्मा जो हिम्मत करती है और चुनौती देती है।
- केट शोपैं

इम्पैक्ट फीचर

## मध्यप्रदेश ने हरित ऊर्जा को विकास की मुख्य धारा में किया शामिल

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत हरित ऊर्जा की ओर अग्रसर : मुख्यमंत्री




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत हरित ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से अग्रसर हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम-2026 में शामिल होने पहुँचे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'डी-रीस्किंग द ग्रीन लीपः सब नेशनल ब्लू प्रिंट फॉर यूटिलिटी स्केल एनर्जी ट्रांजीशन' विषय पर आयोजित उच्च स्तरीय राउंड टेबल मीटिंग में भागीदारी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य की ऊर्जा यात्रा में नवकरणीय ऊर्जा की केंद्रीय भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नवकरणीय ऊर्जा मध्यप्रदेश के समावेशी और टिकाऊ विकास की आधारशिला है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन को प्रेरणा बताते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य स्वच्छ, सस्ती और भरोसेमंद ऊर्जा की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की दूरदर्शी सोच से प्रेरित होकर मध्यप्रदेश ने हरित ऊर्जा को विकास की मुख्य धारा में शामिल किया है। उन्होंने बताया कि अन्तर्राज्यीय सहयोग और बेहतर समन्वय से राज्य में बिजली और जल आपूर्ति में स्थिरता आई है। इससे आम उपभोक्ताओं के साथ उद्योगों को भी लाभ मिला है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य में सौर ऊर्जा एवं ऊर्जा भंडारण से जुड़ी नई नवकरणीय परियोजनाओं की प्रगति और आगामी योजनाओं की जानकारी भी दी। राउण्ड टेबल मीटिंग के समापन-सत्र में केंद्रीय नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री श्री प्रहलाद जोशी ने भारत और प्रधानमंत्री श्री मोदी के हरित ऊर्जा विज़न को साझा किया। उन्होंने नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में नीति स्थिरता के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि यह उपभोक्ताओं और ऊर्जा क्षेत्र के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। केन्द्रीय मंत्री श्री जोशी ने सुधारोन्मुख राज्यों, विशेषकर मध्यप्रदेश की सराहना की। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की सौर ऊर्जा संबंधित उपलब्धियाँ वैश्विक स्तर पर साझा की जा सकती हैं। उन्होंने श्रम, भूमि और ऊर्जा के बेहतर समन्वय से स्वच्छ ऊर्जा में जोखिम कम करने के मध्यप्रदेश मॉडल को उल्लेखनीय बताया और प्रौद्योगिकी निवेश और ब्लेंडेड फाइनेंस पर ज़ोर दिया। राउण्ड टेबल मीटिंग में मध्यप्रदेश के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला, महानिदेशक, अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन श्री अशोक खन्ना, अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा श्री मनु श्रीवास्तव, प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार श्री मनीष सिंह, प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन राघवेन्द्र कुमार सिंह, प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड डॉ. इलैया राजा टी, आयुक्त जनसम्पर्क दीपक कुमार सक्सेना एवं एमडी एमपीआईडीसी चन्द्रमौली शुक्ला उपस्थित रहे।

### विदेश में हुई मप्र की नवकरणीय ऊर्जा नीति की सराहना

इंडोनेशिया के ईस्ट जावा प्रांत के उप-राज्यपाल श्री एमिल एलेस्टियान्तो डार्डक ने कहा कि उप-राष्ट्रीय सरकारें भी राष्ट्रीय नीतियों में परिवर्तन की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में मध्यप्रदेश की प्रगतिशील नीतियों की सराहना की। राउंड टेबल मीटिंग में प्रतिभागियों में वैश्विक और घरेलू कंपनियों के कॉरपोरेट प्रतिनिधि और निवेशक शामिल थे, जिन्होंने राज्य की नीतियों, हरित ऊर्जा की उपलब्धता, तथा डेटा सेंटर जैसी नई प्रौद्योगिकी एवं नवाचारों के संबंध में जानकारी ली। चर्चाओं में नियामकीय आवश्यकताओं और जमीनी वास्तविकताओं के बीच संतुलन की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। साथ ही यह भी चर्चा हुई कि किस प्रकार से मध्यप्रदेश जैसे क्षेत्रीय या उप-राष्ट्रीय सरकारें इस क्षेत्र में नवाचार का नेतृत्व कर सकती हैं।

मुख्यमंत्री जी के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स - कृपया फॉलो करें

### एआई आधारित नवाचारों से किसान और समाज के विभिन्न वर्ग होंगे सशक्त

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत में एआई आधारित विकास को नई दिशा एवं गति : डॉ. यादव

- एआई आधारित विकास को मिलेगी नई दिशा
- दावोस में NVIDIA के साथ प्रदेश का एआई साझेदारी पर हुआ संवाद



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में एआई आधारित विकास को नई दिशा और गति मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्रभावी उपयोग से किसानों सहित समाज के विभिन्न वर्गों तक योजनाओं और सेवाओं का लाभ अधिक दक्षता और पारदर्शिता के साथ पहुँचाया जाएगा।राज्य सरकार की मंशा है कि एआई को विभिन्न शासकीय डाटाबेस से जोड़कर सेवा वितरण प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाया जाए, जिससे अधिक से अधिक पात्र लाभार्थी समयबद्ध रूप से योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम दावोस में NVIDIA की ग्लोबल एआई इनिशिएटिव्स की उपाध्यक्ष कैलिस्टा रेडमंड के साथ हुई बैठक में यह बात कही। मध्यप्रदेश में एआई और उन्नत प्रौद्योगिकी आधारित पहलों के विस्तार, नवाचार को प्रोत्साहन देने और संभावित सहयोग के विभिन्न आयामों पर विस्तृत और सार्थक विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में अवगत कराया कि मध्यप्रदेश ने भूमि, श्रम और लॉजिस्टिक्स जैसे अपने मजबूत पक्षों का रणनीतिक और प्रभावी उपयोग करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में तकनीक आधारित विकास को गति दी है। शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल प्लेटफॉर्म और नवाचारों के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को अधिक सुलभ और प्रभावी बनाया गया है, वहीं कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों के उपयोग से किसानों को बेहतर जानकारी, सेवाएँ और निर्णय-सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। डिजिटल समाधान, डेटा-आधारित निर्णय प्रणाली तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी उभरती तकनीकों को अपनाकर शासन व्यवस्था और सेवा वितरण को अधिक पारदर्शी, त्वरित और प्रभावी बनाया जा रहा है। इन प्रयासों का उद्देश्य नागरिकों तक योजनाओं और सेवाओं की समयबद्ध एवं लक्षित पहुँच सुनिश्चित करना है, जिससे तकनीक के माध्यम से समावेशी और सतत विकास को साकार किया जा सके।

कैलिस्टा रेडमंड ने कहा कि NVIDIA संप्रभु (सॉवरेन) एआई के विकास के लिए पाँच प्रमुख रणनीतियों पर कार्य कर रही है, जिनका उद्देश्य एआई को देशों की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के अनुरूप बनाना है। उन्होंने बताया कि एआई के माध्यम से कुशल मानव संसाधन को उपयुक्त उद्योगों और अवसरों से प्रभावी रूप से जोड़ा जा सकता है, जिससे न केवल रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, बल्कि नवाचार को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने भारत के विभिन्न राज्यों में संचालित एआई पायलट प्रोजेक्ट्स का उल्लेख करते हुए कहा कि NVIDIA की मंशा है कि एआई समाधान भारत की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित हों तथा वे भारतीय मॉडल और डेटा से जुड़े हों, ताकि तकनीक अधिक प्रासंगिक, उपयोगी और प्रभावी सिद्ध हो सके। बैठक में मध्यप्रदेश सरकार और NVIDIA ने इस सार्थक संवाद को आगे बढ़ाते हुए राज्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उन्नत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आपसी सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करने, साझेदारी के अवसरों की पहचान करने और पारस्परिक लाभ के आधार पर दीर्घकालिक सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की, जिससे राज्य में नवाचार, कौशल विकास और तकनीक-आधारित विकास को नई दिशा मिल सके।

# वर्ल्ड इकोनॉमिक फ़ोरम-2026

### पहला दिन

वर्ल्ड इकोनामिक फोरम-2026 के पहले दिन दावोस में मध्यप्रदेश ने वैश्विक निवेश, नवाचार और सतत विकास के एजेंडे पर सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। राज्य नेतृत्व ने तकनीक, नवीकरणीय ऊर्जा, एआई, आईटी, कृषि-खाद्य, पर्यटन और औद्योगिक क्षेत्रों में वैश्विक कंपनियों व संस्थानों के साथ गहन संवाद कर मध्यप्रदेश को एक उभरते, भरोसेमंद और भविष्य-तैयार निवेश गंतव्य के रूप में प्रस्तुत किया। यह दिन राज्य के लिए निवेश, सहयोग और वैश्विक साझेदारी के नए द्वार खोलने वाला साबित हुआ।

- दावोस में मध्यप्रदेश प्रतिनिधिमंडल ने वैश्विक निवेशकों और तकनीकी नेतृत्व के साथ बहु-क्षेत्रीय सहयोग पर व्यापक संवाद किया।
- नवीकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा भंडारण पर अमारा राजा समूह, ग्रीन एनर्जी-3000, IREDA और पीस इन्वेस्ट के साथ महत्वपूर्ण चर्चाएँ हुईं।
- मुरैना में संचालित बैटरी स्टोरेज परियोजना और 24×7 नवीकरणीय ऊर्जा रणनीति को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया गया।
- पंप स्टोरेज, हाइब्रिड ऊर्जा मॉडल (सौर-जल, सौर-तापीय) और को-इन्वेस्टमेंट आधारित परियोजनाओं पर निवेश रुचि सामने आई।
- जापान बैंक (JBIC) के साथ येन ऋण, विनिर्माण, सौर एवं नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग की संभावनाओं पर मंथन हुआ।
- रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ चंबल अंचल में बायो-एनर्जी परियोजनाओं पर गहन चर्चा की गई।
- इज़राइल इनोवेशन अथॉरिटी के साथ क्वांटम टेक्नोलॉजी, एडटेक, रक्षा तकनीक और जल समाधान पर नवाचार सहयोग पर सहमति बनी।
- भारत-इज़राइल सहयोग के तहत पायलट प्रोजेक्ट्स, टेक्नोलॉजी डेमॉन्स्ट्रेशन और सह-निवेश मॉडल पर आगे बढ़ने का निर्णय।
- एआई और डीप-टेक क्षेत्र में टच लैब के साथ साइबर सुरक्षा, गेमिंग और डिजिटल इनोवेशन पर सहयोग की संभावनाएँ तलाशी गईं।
- नाट्रैक्स को एडवांस्ड मोबिलिटी, एआई-आधारित टेस्टिंग और नेक्स्ट-जेन टेक एप्लिकेशंस के लिए रणनीतिक परिसंपत्ति के रूप में प्रस्तुत किया गया।
- एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा के साथ टियर-2 शहरों में आईटी, बीपीओ और जीसीसी/ओडीसी विस्तार पर सकारात्मक संवाद हुआ।

### दूसरा दिन

वर्ल्ड इकोनॉमिक फ़ोरम-2026 के दूसरे दिन, 20 जनवरी को दावोस में मध्यप्रदेश ने वैश्विक निवेश और प्रौद्योगिकी मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। राज्य प्रतिनिधिमंडल ने ऊर्जा परिवर्तन, डिजिटल नवाचार, अधोसंरचना विकास और निवेश सहयोग के क्षेत्रों में विश्व की अग्रणी कंपनियों के साथ उच्चस्तरीय संवाद किए। इन बैठकों के माध्यम से मध्यप्रदेश ने सतत विकास, स्वच्छ ऊर्जा और प्रौद्योगिकी-आधारित आर्थिक वृद्धि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

- वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के दूसरे दिन मध्यप्रदेश प्रतिनिधिमंडल ने वैश्विक प्रौद्योगिकी एवं निवेश कंपनियों के साथ रणनीतिक संवाद और सहयोगात्मक बैठकें कीं।
- ग्लोबल साउथ के लिए तैयार द मेरिडियन कलेक्टिव (TMC) प्लेटफ़ॉर्म का शुभारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य उप-राष्ट्रीय स्तर पर ऊर्जा परिवर्तन और औद्योगिक डिकार्बोनाइज़ेशन को गति देना है।
- TMC के माध्यम से निजी पूंजी, तकनीकी विशेषज्ञता और वैश्विक नेटवर्क को राज्यों से जोड़ा जाएगा।
- इससे मध्य प्रदेश को 2030 तक 40-50% नवकरणीय ऊर्जा और 2050 से पहले नेट ज़ीरो लक्ष्य प्राप्त करने में सहयोग मिलेगा।
- निवेश, प्रौद्योगिकी और ऊर्जा सहयोग पर महत्वपूर्ण बैठकें
- श्री कृष्णन एन. बालेंद्र (चेयरपर्सन, जॉन कील्स होल्डिंग्स लिमिटेड) के साथ फूड प्रोसेसिंग, लॉजिस्टिक्स, पर्यटन, वन्यजीव संरक्षण, धार्मिक पर्यटन और नर्मदा बेसिन में कृषि-प्रसंस्करण पर निवेश संभावनाओं पर चर्चा हुई।
- क्रेसेंट एंटरप्राइजेज के डिप्टी सीईओ श्री तुषार सिंघवी से स्वास्थ्य, लॉजिस्टिक्स और अधोसंरचना क्षेत्र में दीर्घकालिक एवं स्केलेबल निवेश अवसरों पर विचार-विमर्श किया गया।
- गूगल के वाइस प्रेसिडेंट (एशिया पैसिफिक) श्री संजय गुप्ता के साथ AI मिशन, क्लाउड डेटा सेंटर U, AI इन्फ्रास्ट्रक्चर और कार्बन-फ्री डिजिटल इकोसिस्टम पर सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा हुई।
- ट्री एनर्जी सॉल्यूशंस (TES) के सीईओ श्री मार्को अल्वेरा के साथ ग्रीन हाइड्रोजन और e-NG आधारित स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं पर संवाद हुआ, जो राज्य की भविष्य-उन्मुख ऊर्जा नीति के अनुरूप है।

### निवेश, नवाचार, अंतरर्राष्ट्रीय सहयोग और वैश्विक ब्रांडिंग की दृष्टि से महत्वपूर्ण

# कई मायने में अहम है मुख्यमंत्री की दावोस यात्रा

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम-2026 के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दावोस यात्रा मध्यप्रदेश के लिए निवेश, नवाचार, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और वैश्विक ब्रांडिंग के दृष्टिकोण से अत्यंत सफल एवं उपलब्धिपूर्ण रही। इस यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य को हरित ऊर्जा, पर्यटन, उद्योग, कृषि, फार्मा, डिजिटल इकोनॉमी, खेल, योग और सांस्कृतिक संवाद के एक उभरते वैश्विक केंद्र के रूप में प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दावोस यात्रा ने मध्यप्रदेश को निवेश, नवाचार और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के वैश्विक मानचित्र पर सशक्त रूप से स्थापित किया है। यह यात्रा राज्य के हरित, डिजिटल और समावेशी भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध हुई है, जिससे आने वाले समय में निवेश, रोजगार और सतत विकास के नए अवसर सृजित होंगे।

### फार्मा और स्वास्थ्य क्षेत्र

- सैंडोज़ प्रतिनिधिमंडल के साथ फार्मा विनिर्माण एवं निवेश पर विस्तृत चर्चा।
- जेनेरिक दवाओं, एपीआई और एंटी-इन्फेक्टिव्स निर्माण में निवेश संभावनाओं पर सहमति।
- फार्मा क्षेत्र में औद्योगिक अवसंरचना, नीति समर्थन और कुशल कार्यबल विकास को रेखांकित किया।

### पर्यटन और हॉस्पिटिलिटी में वैश्विक प्रस्तुति

- 'रीइमेजिनिंग टूरिज्म एट स्केल' सत्र में मध्यप्रदेश का आकर्षक प्रेजेंटेशन।
- विरासत, वन्यजीव, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को वैश्विक निवेश से जोड़ने का विज़न।
- वैश्विक निवेशकों को 'अतुल्य भारत के हृदय प्रदेश' की विकास यात्रा में सहभागी बनने का आमंत्रण।

### हरित ऊर्जा और समावेशी विकास पर जोर

- मुख्यमंत्री ने उच्चस्तरीय राउंड टेबल मीटिंग में भाग लेकर मध्यप्रदेश का हरित ऊर्जा विज़न प्रस्तुत किया।
- हरित ऊर्जा को राज्य के समावेशी और सतत विकास की मुख्यधारा में शामिल करने की प्रतिबद्धता दोहराई।
- सौर ऊर्जा, ऊर्जा भंडारण एवं स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं की प्रगति और भावी योजनाओं की जानकारी दी।
- प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के हरित ऊर्जा विज़न से प्रेरित राज्य मॉडल को वैश्विक मंच पर रेखांकित किया।
- केंद्रीय नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री प्रहलाद जोशी द्वारा मध्यप्रदेश की नीतियों और उपलब्धियों की सराहना।

### अंतरराष्ट्रीय द्विपक्षीय सहयोग

- मालदीव के आर्थिक विकास एवं व्यापार मंत्री श्री मोहम्मद सईद से द्विपक्षीय वार्ता।
- पर्यटन, चिकित्सा पर्यटन, शिक्षा, वन्यजीव संरक्षण और सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर सहमति।
- उप-राष्ट्रीय स्तर पर दीर्घकालिक अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूती।

#### खेल विकास और योग

- मैनचेस्टर यूनाइटेड के निदेशक से खेल विकास और खेल पर्यटन पर चर्चा।
- मध्यप्रदेश को उभरते खेल हब के रूप में विकसित करने की रणनीति।
- योग और चेतना से जुड़े वैश्विक संगठनों से संवाद।
- उज्जैन में अंतरराष्ट्रीय योग सम्मेलन एवं स्थायी योग केंद्र की संभावनाएँ।

#### स्विट्ज़रलैंड के साथ सहयोग

- स्विस संसद के सदस्यों से स्वच्छ ऊर्जा, उन्नत विनिर्माण और जनजातीय कल्याण पर चर्चा।
- तकनीकी प्रशिक्षण, कौशल विकास और हरित नवाचार में सहयोग की संभावनाएँ।
- स्विस निवेश और विशेषज्ञता को मध्यप्रदेश से जोड़ने पर सहमति।

### निवेश प्रोत्साहन और उद्योग संवाद

- 'इन्वेस्ट इन इंडियाः मध्यप्रदेश' राउंडटेबल में वैश्विक निवेशकों से सीधा संवाद।
- मध्यप्रदेश को ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस, भूमि-जल-ऊर्जा उपलब्धता और सुदृढ़ लॉजिस्टिक्स वाला राज्य बताया।

### वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम-2026 : लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश सहयोग के लिए बनी सहमति

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मौजूदगी में म.प्र. और डीपी वर्ल्ड के बीच एमओयू

- संयुक्त अरब अमीरात स्थित वैश्विक लॉजिस्टिक्स एवं सप्लाई चेन क्षेत्र की अग्रणी कंपनी है डीपी वर्ल्ड




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में बुधवार को दावोस में मध्यप्रदेश और वैश्विक लॉजिस्टिक्स एवं सप्लाई चेन क्षेत्र की संयुक्त अरब अमीरात (दुबई) में स्थित अग्रणी कंपनी डीपी वर्ल्ड के बीच महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। मध्यप्रदेश शासन की ओर से अपर मुख्य सचिव श्री नीरज मंडलोई ने एवं डीपी वर्ल्ड की ओर से मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा वित्त एवं व्यवसाय विकास अधिकारी श्री अनिल मोहता ने एमओयू पर हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर डीपी वर्ल्ड के समूह अध्यक्ष श्री सुल्तान अहमद बिन सुलायेम उपस्थित रहे। इस एमओयू के माध्यम से औद्योगिक विकास और निवेश सहयोग से जुड़े विषयों पर सहमति बनी, जो राज्य में लॉजिस्टिक्स, इन्फ्रॉस्ट्रक्चर और व्यापारिक गतिविधियों को नई दिशा देने की क्षमता रखती है। एमओयू में डीपी वर्ल्ड द्वारा मध्यप्रदेश में निवेश और सहयोग की संभावनाओं को आगे बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की गई। यह पहल राज्य को राष्ट्रीय और वैश्विक सप्लाई चेन नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में अहम मानी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर राज्य की औद्योगिक नीतियों और निवेश के लिए अनुकूल वातावरण एवं बुनियादी ढांचे के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। एमओयू के दौरान दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे और औपचारिक रूप से समझौता दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया गया। यह समझौता ज्ञापन मध्यप्रदेश को लॉजिस्टिक्स और व्यापार के क्षेत्र में एक सशक्त केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

## सुगम व्यापार नीतियों से विकास को मिलेगी नई गति : डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार निवेश और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सुगम व्यापार वातावरण (ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस) पर केंद्रित नीतियों के माध्यम से विकास को नई गति दे रही है। उन्होंने राज्य की सुदृढ़ अवसंरचना, बेहतर कनेक्टिविटी और जल, भूमि, श्रम और प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुर उपलब्धता को निवेशकों के लिए बड़ी ताकत बताया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात 'वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम' दावोस में 'इन्वेस्ट इन इंडियाः मध्यप्रदेश - एक रणनीतिक निवेश केंद्र' पर आयोजित राउंडटेबल मीटिंग में कही। राउंड टेबल मीटिंग में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश को देश के प्रमुख और उभरते निवेश केंद्र के रूप में प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में ऑटोमोबाइल, नवकरणीय ऊर्जा, फार्मास्यूटिकल्स, वस्त्र, आईटी-आईटीईएस, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क जैसे क्षेत्रों में निवेश के व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय एवं घरेलू निवेशकों से इन क्षेत्रों में राज्य सरकार द्वारा दी जा रही नीतिगत सहायता और विभिन्न प्रोत्साहनों की जानकारी भी साझा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार उन उद्योगों और व्यवसायों को विशेष सहयोग देगी, जो मध्यप्रदेश में रोजगार और आजीविका के नए अवसर सृजित करेंगे।

D-16151/25

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## सूचियों की सफाई में प्रभावित न हों वास्तविक मतदाता

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) दावों और भूल सुधारों के चरण में है। इस वक्त एक बार फिर यह पूछना बुद्धिमानी होगी कि क्या मतदाता सूचियों की सफाई की पूरी प्रक्रिया एक ऐसा महाजाल बन गयी है जिससे 12 राज्यों में असली मतदाता प्रभावित हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में सत्यापन नोटिसों का सामना कर रहे दसियों लाख मतदाताओं का तनाव व दबाव कम करने के लिए आयोग को नये निर्देश जारी किये। नोटिस भेजे जाने के बाद असली मतदाताओं को नीचे से ऊपर तक दौड़ाये जाने की शिकायतों ने याचिकाकर्ताओं को सवाल उठाने पर मजबूर किया है। गौरतलब है कि बहुत से नोटिस आयोग द्वारा मैपिंग के लिए इस्तेमाल की गयी साल 2002 की सूची में त्रुटियों या तदर्थ (एड हॉक) सॉफ्टवेयर में झोल के चलते दोषपूर्ण हैं। जैसा कि बिहार में एसआईआर के दौरान देखा गया, सुप्रीम कोर्ट को यह प्रक्रिया आसान बनाने के लिए दोबारा दिशा-निर्देश जारी करने पड़े थे। बिहार के मामले में, आधार को बारहवें पहचान दस्तावेज के रूप में इस्तेमाल करने के अदालती आदेश ने दसियों लाख लोगों को राहत दी, फिर भी अंतिम मतदाता संख्याओं ने भयानक विसंगतियों को दिखाया- पुरुषों की बनिस्बत ज्यादा महिला मतदाताओं का नाम हटा, जो बताता है कि यह प्रक्रिया शुरू से ही दोषपूर्ण थी। इसकी पुष्टि मीडिया द्वारा बिहार, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में हटाये गये मतदाताओं की सूची के विश्लेषणों में हुई, जिन्होंने ऐसी विसंगतियां सामने रखीं जो और छानबीन के लायक थीं, लेकिन उन्हें आयोग ने तवज्जो नहीं दी।

तमिलनाडु में, आम चुनाव 2024 में मतदान करने वाले मतदाताओं और एसआईआर में हटाये गये नामों का योग मतदाता सूचियों में मूल रूप से मौजूद कुल मतदाता संख्या से अधिक हो जाने की खबर है। यह बताता है कि साल 2024 में मतदान करने वाले असली मतदाताओं को भी हटाया गया है। इतना ही नहीं, कई मामलों में नामों का दोहराव हटाने की प्रक्रिया का नतीजा मतदाताओं का नाम पूरी तरह हटा दिये जाने के रूप में सामने आया है। दावों और भूल सुधारों के चरण में लाखों मतदाता दोबारा सूचियों में आने की कोशिश कर रहे हैं, मगर आयोग द्वारा उन्हें नये मतदाताओं (फॉर्म 6 के जरिए) के रूप में पंजीकृत करने की जिद अनुचित है। यह इस बात की जांच में रोड़ा अटकाता है कि कितने असली मतदाता गलत ढंग से हटाये गये। उत्तर प्रदेश में समझ से परे असंगति है। राज्य चुनाव आयोग ने पाया कि अकेले ग्रामीण मतदाताओं की गिनती मसौदा सूचियों में पूरे राज्य के लिए गिनती से ज्यादा है। लिहाजा, सुप्रीम कोर्ट के पास अब यही चारा बचा है कि वह इस प्रक्रिया के नतीजों को संभाले जिसने मतदाता सूची ठीक रखने के सीधे-सादे काम को मताधिकार को खतरा पैदा करने वाले काम में बदल दिया है। अब सवाल महज सूचियों की सफाई का नहीं है, बल्कि इस बात का भी है कि क्या असली मतदाता भी हटाये जा रहे हैं। निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआइआर के संदर्भ में एक सबसे अहम अपेक्षा यह रही है कि इसे पूरी तरह पारदर्शी होना चाहिए। कई तरह के विवादों के बीच विपक्षी दलों की ओर से उठाई गई एक प्रमुख मांग भी यही है। लेकिन जितनी बड़ी तादाद में लोगों के नाम बाहर होने की खबरें आई हैं, उसे लेकर कई सवाल उठे हैं। इसकी जड़ में मुख्य कारण इस समूची प्रक्रिया में अपेक्षित पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं किया जाना हो सकता है। अगर एसआइआर की प्रक्रिया को शुरू से आखिर तक पूरी तरह पारदर्शी बनाने की व्यवस्था की जाती, तो संभवतः अनावश्यक विवाद नहीं खड़े होते।

# सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्



रूढ़िवादिता के सिद्धान्तों ने आज की इस आधुनिक सदी में... आज के वैज्ञानिक युग में भी... हम महान भारतीय वसुन्धरा पर जन्म लेकर मानवीय शरीर धारण करने वाले मानवों को अपने मकड़जाल में जकड़ रखा है...जिस प्रकार मकड़ी बड़े कीड़ों के चारों ओर जाल बुनकर उन्हें अपने शिकंजे में कस लेती है... वैसे ही.... हम में अधिकाँश करोड़ों भारतीय जन... पंडित-पुरोहितों को.... मौलाना-मौलवियों को... धर्मगुरु मानकर... पुरातन पंथियों द्वारा बनाई गई और समय के साथ बिगड़ी हुई परम्पराओं के जाल में फँसे हुए हैं... जिस प्रकार मकड़ियाँ अपने शिकार का रक्त चूस कर उसे तड़पा-तड़पा कर मार डालती हैं... उसी प्रकार अज्ञान से भरी हुई रूढ़िवादी परम्परायें हम भारतीयों को आध्यात्म पथ से दूर करती हुई अँधेरी खाइयों में भटका रही हैं...

धर्मगुरु तो जीवन दृष्टा होता है... लेकिन जिन्होंने स्वयं कोई अनुभवों का संचय नहीं किया... जिनकी निज की कोई आत्मानुभूति नहीं... जिन्होंने स्वयं अपनी आत्मा का दर्शन नहीं किया... अब वह खाली कोरी किताबें पढ़-पढ़कर... हमें आत्मा और परमात्मा का पथ बतला रहे हैं....

अरे SS... ! पहले आत्मा को तो समझ लो... आत्मतत्व क्या है यह तो जान लो... और फिर... अपने ही अन्दर झाँक कर अपनी आत्मा के दर्शन कर लो... तब कहीं जाकर करना बात परमात्मा की... तब कहीं जाकर उसे ढूँढ़ने और समझने की कोशिश करना... जो है परम+आत्मा... जो सिर्फ तुम में नहीं वरन् सब में व्याप्त है और सबके सब ही जिसमें व्याप्त हैं... अन्यथा तो इस सत्य के अतिरिक्त आत्मा और परमात्मा यह सब धर्म के ठेकेदारों के द्वारा बनाये गये कोरे शब्द भर हैं... जिनकी गूढ़ता से वह स्वयं अपरचित हैं...वरना तो पंडित-पुजारियों द्वारा रचे गये यह गहन-गम्भीर शब्द... आत्मा और परमात्मा यदि सर्वव्यापी और स्वस्पर्शी नहीं हैं तो फिर वह ऐसे जीवन हीन शब्द हैं.... जिनमें न तो श्वास-प्रश्वास की ऊर्जा है और न ही है हृदय के धड़कन से उत्पन्न प्राण....




पत्थर के मंदिरों में पत्थर के देवताओं को खोजते खोजते कहीं हम भी तो पत्थर नहीं बनते जा रहे हैं... एक ऐसे पत्थर जिसके अन्दर से प्रेम के झरने नहीं फूटते... एक ऐसा पत्थर जिसे छू कर कोई भी लोहे सा कठोर इंसान सोना नहीं बनता... कहीं हम पत्थर पूज-पूज कर ऐसे कठोर पत्थर तो नहीं बनते जा रहे हैं... जिस पर सिर पटक-पटक कर कोई दुखियारा दया की भीख माँगता भले ही अपना सिर उस पत्थर पर फोड़ ले... पर वह पत्थर किसी के भी दुःख दर्द दूर न कर सके...

कैसी विडम्बना है कि... आकाश को निहारता... जमाने भर को अपनी खुशबू बाँटता... अपने शोख-चटकीले रंग-रूप से सबको प्रसन्नता प्रदान करता सुंदर फूल... लोग-बाग एक ही झटके से... उसे उसकी जीवनदायनी डाल से तोड़ कर... एक पत्थर की मूरत पर चढ़ा कर छोड़ देते हैं... उसे भूल जाते हैं.... कुछ ही मिनटों या घंटों में वह सुंदर सुरभित फूल सूख कर अपनी सुरभि... अपनी खुशबू और सुवासित सुगन्ध को खोते हुए... अपना रंग-रूप आकार खोते हुए मर जाने को विवश होता है... और ऐसे लोग सोचते हैं... कि पत्थर की मूरत पर ऐसे सुकोमल पुष्पों का जीवन छीनते हुए... उन निर्दोष परोपकारी कुसुमों की हत्या करते हुए... किसी पत्थर की निष्प्राण मूरत पर चढ़ा देने से.... परमात्मा उन पर खुश होकर उनकी मुराद पूरी कर देगा... उनकी झोली खुशियों से भर देगा....

जब हम संवेदनशील इंसान होकर भी फूलों की अनबोली कोमल प्रेम और परोपकार की भाषा समझने की कोशिश सिर्फ इसलिए नहीं करते कि...फूल तो नाजुक और बेजुबान हैं... इन्हें जब चाहो इनकी शाख से तोड़ लो यह भला शक्तिशाली मानवों का विरोध क्या करेंगे...? फूलों को अपनी रचना का आधार बनाकर... धरा को रंग-सुवास और खुशियों से भर देने की कामना करने वाला परमात्मा... क्या मानवों के इस कठोर आचरण से प्रसन्न होगा या कि खिन्न होगा इस पर भी विचार कीजिए...

वह खुशबू है, कि फूल है
कि रंग है, या है कोमलता
इसका मुझे कुछ नहीं पता...
लेकिन न जाने कब से
उसकी तलाश है
कभी-कभी लगता है...
धरती का पूरा वजूद उसी में सिमटा है
हर पल परमात्मा उस के पास है...
शाख से टूटों को देख-देख
मेरे अन्तर्मन में अनंत शून्य समा गया है... !
वही अनंत कोष, अब मैं यहाँ-वहाँ...
जाने कहाँ-कहाँ बाँट रहा हूँ
अन्तःकरण के शून्य को महाशून्य में समा रहा हूँ....
किन्तु फिर भी... यह कहना कठिन है
कि शून्य से रिक्त हो रहा हूँ
या कि शून्य को भर रहा हूँ....
फिर भी सच यह है कि
उसी खुशबू
फूल
रंग
कोमलता में
मैं अनंत को तलाश रहा हूँ मैं...!

पहले मूरत और पत्थर में भेद समझना तब करना मूरत पूजन... नहीं तो निरा पत्थर ही पूजोगे... और जिसे हम पूजेंगे वैसे ही हम भी बनने लग जायेंगे... जरा सोच-समझ कर पूजना क्योंकि अगर सिर्फ पत्थर को पूजोगे तो पत्थर से ही बन जाओगे... समझना होगा... मूरत भले पत्थर से बनी हो...लेकिन उसमें जब देवता के प्राण प्रतिष्ठित हो गए तब उसमें देवता का सूक्ष्म प्राण तत्व आ गया... तब स्थूल को... शरीर को तमाम भौतिक सुख- साधन-वैभव चाहिये... किन्तु सूक्ष्म की गति तो सब कहीं है... उसे तो कुछ भी नहीं चाहिये... क्यों कि सब ही तो उसी से उत्पन्न हुए हैं और उसी में एक न एक दिन सब समा जाने वाले हैं....

तब फिर क्यों अर्पित करें हम उसे उसी के द्वारा रचे गये सुगन्धित...सुमधुर... सुकोमल पुष्प जो अपनी डाल से अलग होने की असहनीय पीड़ा से कुछ पलों में मुरझा कर निष्प्राण जाते हैं...

जब तक मन की कठोरता नहीं बुझेगी तब तक अन्तर्मन में नेह का दीप नहीं जलेगा और बिना नेह की ज्योत्सना में... बिना प्रेम और आत्मज्ञान के उजियारे के... कैसे देख सकोगे अपने ही अंतर्मन की गहरी अँधेरी कठोर खाइयों में दफन हुई अपनी ही आत्मा को... बिना आत्म दर्शन के परमात्मा के दर्शन कैसे करोगे...?

व्यर्थ हुई सिद्धांत-समीक्षा
मिले नहीं गुरु-मंत्र न दीक्षा
आज और कल और, दिखती
रंगत मिट्टी के कण-कण की
यहाँ स्नेह न मिलता
सत्य फूल बन स्वप्न न खिलता
स्वार्थ बन गया स्वामी
भूली बुद्धि, थकी चेरी क्षण-क्षण की....

... जरा चिन्तन करो... न जाने कितनी पीढ़ियों से न जाने कितने जन्मों से मूर्तियों में... पत्थरों में... पंडितों और शास्त्रों में हम ढूंढ़ रहे हैं उस परमात्मा को... जन्म-मृत्यु में बदल जाता है पर वह परमात्मा हाथ नहीं आता.... क्यों... ? क्योंकि परमात्मा मूरत में... मंदिर में... पत्थर में नहीं है ... परमात्मा तो है.... भाव में... मन में... अन्तःकरण में ... बाहर के पत्थर पर लाख फूल चढ़ा लो कुछ नहीं होगा... जब तक अपने आत्म-शिव को तुमने ***सुगन्धिं पुष्टि वर्धनम् और मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्*** की अन्तर प्रार्थनाओं की भावनात्मक आत्म सुवास नहीं अर्पित की...

किससे कहूँ सुने जो मेरी
वृक्षों ने तो मधु को पाकर
कह डाली मन की बातें सब
फूलों को उद्गार बनाकर... !
नहीं खिले इस बार हृदय में
फूल, मधुप, इस ओर न आना
जीवन का रसाल-तरु सूखा
प्रिय कोयल को भी समझाना...!

(श्री मदनमोहन के लेखों, पुस्तकों, कविताओं की बेवसाइट)

https://adhyatmsanatandharma.com

प्रसंगवश

## क्रिकेट की भावना के खिलाफ फैसला ले रहा बांग्लादेश

बांग्लादेश सरकार और बोर्ड, दोनों भारत में न खेलने की बात पर अड़े हैं। आईसीसी ने बांग्लादेश को एक आखिरी मौका दिया है और उसे इस पर विचार करना चाहिए। राजनीतिक-सामाजिक तनाव और अस्थिरता से गुजर रहे उस देश की जनता के लिए क्रिकेट थोड़ी मुस्कान ला सकता है।

खेल में राजनीति मिलाने, जिद और अदूरदर्शिता का नतीजा है कि बांग्लादेश क्रिकेट टीम अगले महीने से शुरू होने वाले टी20 वर्ल्ड कप से बाहर होने के कगार पर खड़ी है। आईसीसी ने साफ कर दिया है कि बांग्लादेश के शिड्यूल्ड मैच भारत में ही खेले जाएंगे। अगर बांग्लादेश अपना फैसला नहीं बदलता, तो विश्व कप में उसकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल कर लिया जाएगा। हालांकि आईसीसी ने बांग्लादेश को एक आखिरी मौका दिया है और उसे इस पर विचार करना चाहिए। राजनीतिक-सामाजिक तनाव और अस्थिरता से गुजर रहे उस देश की जनता के लिए क्रिकेट थोड़ी मुस्कान ला सकता है।

इस मामले में बात इतनी बिगड़ती ही नहीं, अगर शुरू से खेल को खेल की तरह लिया जाता। पिछले दो हफ्तों में आईसीसी और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने कई बार बातचीत की, पर गतिरोध बना रहा। बांग्लादेश सरकार और बोर्ड, दोनों भारत में न खेलने की बात पर अड़े हैं।

बांग्लादेश ने अपने खिलाड़ियों की सुरक्षा का मसला उठाया है, जबकि इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की रिपोर्ट ऐसी किसी आशंका को खारिज करती है। असल में यह फैसला खेल की जमीन पर नहीं, जियो-पॉलिटिक्स की बुनियाद पर लिया गया है, जो सरासर क्रिकेट की भावना के खिलाफ है। इसका सबसे बड़ा नुकसान खुद बांग्लादेश को होगा, जिसका अंदेशा वहां के सीनियर खिलाड़ी तमीम इकबाल भी जता चुके हैं। बांग्लादेश के इस फैसले का असर आने वाले आईसीसी इवेंट्स, द्विपक्षीय सीरीज और दूसरे बोर्ड के साथ रिश्तों पर पड़ सकता है। बीसीबी लंबे समय से आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहा है और विश्व कप न खेलने की सूरत में उसे आईसीसी से मिलने वाली फीस और रेवेन्यू में हिस्सा नहीं मिलेगा। यह अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा है।

मौका खो रहा- बांग्लादेश की टीम ने 1986 में अपना पहला वनडे इंटरनेशनल खेला था। लेकिन, चार दशक के बाद भी वह खुद को बड़ी टीमों के बीच स्थापित नहीं कर पाई है। आज भी उसका प्रदर्शन बेहद उतार-चढ़ाव भरा है और इसकी एक वजह बड़े मौकों की कमी भी है। बांग्लादेश जैसी टीमों के लिए विश्व कप वह मंच है, जहां उसके खिलाड़ी परफॉर्म कर पूरी दुनिया की नजरों में आ सकते हैं। बोर्ड और सरकार उनसे यह मौका छीन रहे हैं।

बांग्लादेशी खिलाड़ियों के बयान बताते हैं कि वे विश्व कप में खेलने के इच्छुक हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि उन्हें राजनीति की कीमत चुकानी पड़ेगी। अफसोस है कि प्रशंसक भी इसके शिकार बनेंगे। वे अपनी टीम को उस इवेंट में खेलते नहीं देख पाएंगे, जिसका इंतजार सभी को रहता है। विश्व संस्था ने बुधवार को बांग्लादेश को अल्टीमेटम दिया था कि या तो वह भारत जाने के लिए सहमत हो या फिर उनकी जगह किसी और टीम को ले लिया जाएगा।

आईसीसी ने कहा कि भारत में उनके खिलाड़ियों, अधिकारियों या प्रशंसकों की सुरक्षा को कोई खतरा नहीं था। बांग्लादेश को वीरवार तक फैसला लेने का समय दिया गया था। स्कॉटलैंड टीम सात फरवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए रैंकिंग के आधार पर अगले विकल्प में शामिल है। हालांकि एक कड़ा रुख अपनाते हुए बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों के साथ बैठक के बाद घोषणा की कि आईसीसी का रुख उन्हें स्वीकार्य नहीं है। नजरुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्पष्ट किया कि देश भारत में मैच नहीं खेलेगा। उन्होंने कहा कि हमारे क्रिकेटरों ने विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने के लिए कड़ी मेहनत की है, लेकिन भारत में खेलने को लेकर सुरक्षा का खतरा अब भी बना हुआ है। यह चिंता किसी काल्पनिक विश्लेषण पर आधारित नहीं है। हम इस बात से आश्वस्त नहीं हैं कि वे हमारी पूरी टीम, पत्रकारों और दर्शकों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। हमने अभी उम्मीद नहीं छोड़ी है। हमारी टीम तैयार है। हमें उम्मीद है कि आईसीसी हमारे वास्तविक सुरक्षा जोखिमों पर विचार करके हमें श्रीलंका में खेलने की इजाजत देकर न्याय करेगा।

बांग्लादेश को भारत में चार मैच (तीन कोलकाता में और एक मुंबई में)खेलने हैं। देश ने सुरक्षा चिंताओं को तब उठाया जब तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को भारतीय क्रिकेट बोर्ड के निर्देशों पर चारों ओर हो रहे घटनाक्रमों के कारण इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर कर दिया गया था। टूर्नामेंट में नहीं खेलने से होने वाले नुकसान को खिलाड़ियों, दर्शकों और पत्रकारों को एक जोखिम भरी क्षेत्रीय राजनीतिक स्थिति में धकेलने से होने वाली संभावित आपदा के साथ तुलनात्मक रूप से देखना बेहद महत्वपूर्ण है।

सुभाष चंद्र बोस जयंती 'पराक्रम दिवस'

भारत की आजादी के प्रति उनका 'पराक्रम' आजाद हिंद फौज से दिखा था।

# देश के लिए ठुकराई थी अंग्रेजी हुकूमत की नौकरी

सुभाष चंद्र बोस 'नेताजी' के अदम्य साहस और देश के लिए उनकी निस्वार्थ सेवा को सम्मान देने हर साल 23 जनवरी को पराक्रम दिवस दिवस मनाया जाता है। इस दिन सुभाष चंद्र बोस जयंती होती है।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक भारतीय राष्ट्रवादी नेता थे। उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ भारत की आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जब उन्होंने देश के लिए अंग्रेजी हुकूमत की नौकरी ठुकरा दी थी। भारत की आजादी के प्रति उनका 'पराक्रम' क्रांतिकारी विचारों और आजाद हिंद फौज से दिखा था। आजाद हिंद फौज के माध्यम से बोस ने साहस, अनुशासन और नेतृत्व दिखाया था। हर साल 23 जनवरी को सुभाष चंद्र बोस जयंती को देश पराक्रम दिवस के रूप में मनाता है।

### इंग्लैंड से की थी पढ़ाई

सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को ओडिशा के कटक में हुआ था। शुरुआती पढ़ाई के बाद उन्होंने कलकत्ता यूनिवर्सिटी से डिग्री हासिल की थी। बाद में वह इंडियन सिविल सर्विसेज (आईसीएस) की तैयारी के लिए इंग्लैंड चले गए थे। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने 1919-20 में भारतीय सिविल सेवा (आईसीएस) की परीक्षा पास की थी। इस परीक्षा में उन्होंने चौथा स्थान हासिल किया था। बोस आईसीएस अधिकारी (जिसे आज आईएएस कहा जाता है) बन गए थे।

### आजादी के जुनून में ठुकराई थी नौकरी

बोस ने अंग्रेजी हुकूमत की प्रतिष्ठित नौकरी को देश की आजादी के लिए ठुकरा दिया था। भारत की आजादी के प्रति उनके जुनून ने उन्हें इंडियन नेशनल कांग्रेस में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। बोस अपने क्रांतिकारी विचारों और ब्रिटिश शासन से पूरी आजादी की वकालत के लिए जाने गए। उन्हें 1938 और 1939 में इंडियन नेशनल कांग्रेस का अध्यक्ष चुना गया लेकिन बाद में उन्होंने इस्तीफा दे दिया था।



### आजाद हिंद फौज से दिखा था पराक्रम

देश को अंग्रेजों से आजाद कराने के लिए उन्होंने अपनी सेना 'आजाद हिंद फौज' बनाने का रास्ता चुना। राष्ट्रभक्ति और स्वतंत्रता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए बर्लिन में फ्री इंडिया सेंटर की स्थापना और आजाद हिंद रेडियो की शुरुआत कर सवतंत्रता आंदोलन को आगे बढ़ाया। यूरोप में भारतीय सेना का गठन किया गया था।

### पराक्रम दिवस क्यों मनाया जाता है?

सुभाष चंद्र बोस ने नारा दिया था कि तुम मुझे खून दो-मैं तुम्हें आजादी दूंगा। ये आज भी देश के हर नागरिक व युवाओं के बीच प्रसिद्ध है। भारत सरकार ने 2021 से हर साल 23 जनवरी को उनकी जयंती 'पराक्रम' दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। पराक्रम दिवस मनाने का उद्देश्य नेताजी के विचारों को जीवित रखना है, जिन्होंने भारत की आजादी की लड़ाई में साहस और दृढ़ संकल्प की विरासत कायम की है। नेताजी को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का दो बार अध्यक्ष चुना गया। उन्हें किताबों का बेहद शौक था। उन्होंने स्वामी विवेकानंद की बहुत सी किताबें पढ़ीं। सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज की स्थापना की। और देश के बाहर रह रहे लोग इस फौज में शामिल हो गए। आजाद हिंद फौज में महिलाओं के लिए झांसी की रानी रेजीमेंट बनाई गई। सन 1928 में जब साइमन कमीशन भारत आया, तब कांग्रेस ने उसे काले झंडे दिखाए और कोलकाता में सुभाष चंद्र बोस ने इस आंदोलन का नेतृत्व किया था।

### आज भी अनसुलझी है मृत्यु की गुत्थी

आज भी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मौत से जुड़े कई किस्से - कहानियां चर्चाओं में हैं, लेकिन आज भी यह तथ्य सामने नहीं आया है कि उनकी मौत कैसे हुई थी। हालांकि सरकारी घोषणा के अनुसार, नेताजी की मौत 18 अगस्त सन 1945 में एक विमान हादसे में होना बताया गया है। वे एक संपन्न बंगाली परिवार से संबंध रखते थे। उनके पिता का नाम जानकीनाथ बोस था। जबकि उनकी मां का नाम प्रभावती था। नेताजी सुभाष चंद्र बोस समेत उनकी 14 संतानें थी। जिनमें 8 बेटे और 6 बेटियां थी। सुभाष चंद्र उनकी9वीं संतान थी। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की पत्नी के बारे में भी बहुत कम लोग जानते है, एमिली शेंकल नामक महिला ने सन1937 में सुभाष चन्द्र बोस से विवाह किया था। उन्होंने एक ऐसे देश को ससुराल के रूप में चुना जहां कभी वह बहू के रूप में आई ही नहीं, तभी तो न बहू के आगमन पर मंगल गीत गाये गये, न उनकी बेटी अनीता बोस के पैदा होने पर कोई खुशियां ही मनाई गई। उन्हें सात साल के अपने वैवाहिक जीवन में पति सुभाष चन्द्र बोस के साथ मात्र तीन वर्ष रहने का अवसर मिला, इसके बाद नेताजी अपनी पत्नी और नन्हीं सी बेटी को छोड़कर देश को आजाद कराने के लिए संघर्ष करने चले गये। जाते समय नेताजी अपनी पत्नी से यह वायदा करके गये कि, पहले देश आजाद करा लूँ ,फिर हम साथ-साथ रहेंगे, पर ऐसा नहीं हुआ क्योंकि कथित विमान दुर्घटना में नेता जी हमेशा हमेशा के लिए लापता हो गए। उस समय उनकी पत्नी एमिली शेंकल युवा थीं वह चाहती तो युरोपीय संस्कृति के अनुसार दूसरी शादी कर लेती, परन्तु उन्होंने ऐसा नही किया और बेहद कठिन दौर में अपना जीवन गुजारा। उन्होंने एक तारघर में मामूली क्लर्क की नौकरी और बेहद कम वेतन के साथ वह अपनी बेटी को पालती रही. उनका बहुत मन था भारत आने का, ताकि एक बार अपने पति के वतन की मिट्टी को हाथ से छू कर उसमें नेताजी को महसूस कर सकूं ,लेकिन भारत को आजादी मिलने के बाद भी ऐसा हो न सका । नेताजी की पत्नी का बड़प्पन ही था कि उन्होंने इसकी कभी किसी से शिकायत भी नहीं की और गुमनामी में ही मार्च 1996 में अपने जीवन को अलविदा कह दिया।

जीवन दर्शन

## विचारों के साथ संवाद करें, मन को बेहतर करते रहें

मन आपका शत्रु नहीं है, बल्कि वह तो केवल प्रशिक्षित होना चाहता है। जब आप मानसिक अभ्यास शुरू करते हैं, तो अपने ही मन के भीतर एक गहरी यात्रा पर निकलते हैं। यहां मन ही साधन होता है और लक्ष्य भी।

अक्सर लोग मुझसे पूछते हैं कि मन को प्रशिक्षित करना इतना कठिन क्यों है? सच तो यह है कि यह दुनिया की सबसे सुंदर कला है, लेकिन इसके लिए थोड़े धैर्य और निरंतर प्रयास की आवश्यकता होती है। जब हम मानसिक अभ्यास शुरू करते हैं, तो हम अपने ही मन के भीतर एक गहरी यात्रा पर निकलते हैं। यहां मन ही हमारा साधन होता है और लक्ष्य भी। इसलिए चुनौतियां आना स्वाभाविक है।

मुख्य रूप से दो ऐसी बाधाएं हैं, जो एक नौसिखिए और अनुभवी, दोनों के मार्ग में आती हैं- पहली है भटकाव और दूसरी है मानसिक सुस्ती, यानी आलस्य। शुरुआत में हमारा मन एक चंचल बच्चे की तरह होता है। वह यहां-वहां भागता रहता है। लेकिन धीरे-धीरे यही भटकाव उत्तेजना का रूप ले लेता है और हम अपने शांति हासिल करने के लक्ष्य को भूल जाते हैं। ऐसे क्षणों में खुद से संघर्ष करना व्यर्थ है। ऐसी स्थिति में, गहरी और छोटी-छोटी सांसें लें। सकारात्मक वाक्यों-जैसे, 'मैं तनाव से मुक्त हो रहा हूं' का सहारा लें और इसे बार-बार दोहराएं। यदि मन फिर भी न माने, तो अभ्यास रोक दें। एक बात हमेशा याद रखें कि मन आपका शत्रु नहीं है, बल्कि वह तो केवल प्रशिक्षित होना चाहता है। इसलिए, कभी-कभी केवल अपने अभ्यास के उद्देश्य को स्मरण करना ही पर्याप्त होता है। और कभी-कभी करुणा के साथ अभ्यास को कुछ समय के लिए छोड़ देना भी बुद्धिमानी होती है। अभ्यास का अर्थ कठोरता नहीं, बल्कि जागरूक लचीलापन है।



दूसरी बाधा है आलस्य, जिसे मैं 'मानसिक गोता' कहता हूं। कभी-कभी हमारा मन इतना शांत और शिथिल हो जाता है कि हमारी ऊर्जा का स्तर गिरने लगता है। हमें लगता है कि हम बहुत शांत हैं, लेकिन असल में हम 'जागरूक' नहीं होते। याद रखें, केवल शांति ही हमारा लक्ष्य नहीं है, बल्कि हमारा उद्देश्य स्थिरता के साथ सतर्कता होना चाहिए। बिना पैनेपन की शांति वैसी ही है, जैसे कोई गहरी नींद में हो। यदि हम बहुत देर तक शिथिल अवस्था में रहते हैं, तो मन की तीक्ष्णता कम होने लगती है और हम वर्तमान क्षण से दूर जाने लगते हैं। इस स्थिति से बाहर निकलने के उपाय भी करुणा से भरे होने चाहिए। ऐसे में, उज्ज्वल प्रकाश की कल्पना करें, मानो चेतना भीतर से प्रकाशित हो रही हो। आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाले लोग किसी श्रेष्ठ व पवित्र आकृति का स्मरण कर सकते हैं। या फिर यह कल्पना करें कि आपकी चेतना हल्की होकर आकाश की ओर उछल रही है।

हर व्यक्ति के लिए अभ्यास का मार्ग अलग-अलग हो सकता है। लेकिन अभ्यास का सौंदर्य इसी में है कि आप सबसे पहले खुद को जानें कि कौन-सा उपाय आपके लिए उपयोगी है, और इसे धैर्य से खोजें। जब भी आपको लगे कि आप मार्ग से भटक रहे हैं या आलस्य आपको घेर रहा है, तो रुकें और अपनी मानसिक अवस्था को फिर से सक्रिय और जागरूक बनाएं।

**दलाई लामा**

॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

**स एवायं मया तेऽद्य योगः प्रोक्तः पुरातनः**
**भक्तोऽसि मे सखा चेति रहस्यं ह्येतदुत्तमम ।।**

**भावार्थ**

तू मेरा भक्त और प्रिय सखा है, इसलिए यह पुरातन योग आज मैंने तुझे कहा है, क्योंकि यह बड़ा ही उत्तम रहस्य है अर्थात् गुप्त रखने योग्य विषय है।

# स्वयं पोर्टल पर महाविद्यालयीन छात्रों का जनवरी 2026 के लिए पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ

## प्रत्येक विद्यार्थी का स्वयं पोर्टल पर न्यूनतम एक विषय में पंजीयन अनिवार्य

### विद्यार्थियों का निःशुल्क होगा पंजीयन, उच्च शिक्षा विभाग ने जारी किए निर्देश




जागरण, रीवा

प्रदेश के महाविद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को आत्म निर्भर और रोजगारोन्मुखी बनाने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्वयं पोर्टल पर विद्यार्थियों का निःशुल्क पंजीयन कराया जा रहा है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि प्रत्येक विद्यार्थी का स्वयं पोर्टल पर न्यूनतम एक विषय में पंजीयन अनिवार्य होगा। विभाग ने कहा कि जनवरी 2026 के लिए पोर्टल पर पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। विद्यार्थी अपनी रुचि एवं शैक्षणिक आवश्यकता के अनुरूप संबंधित पाठ्यक्रम का चयन कर पोर्टल की लिंक के माध्यम से पंजीयन कर सकते हैं। विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी, उच्च गुणवत्ता, बहुविषयक एवं नवाचार आधारित शिक्षा एक ही जगह पर ऑनलाइन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ ही भारत सरकार द्वारा स्वयं पोर्टल के माध्यम से विभिन्न विषयों में उच्च गुणवत्ता वाले ऑनलाइन पाठ्यक्रम विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराए गए हैं। विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी एवं नोडल अधिकारी ने बताया कि स्वयं पोर्टल से विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी, गुणवत्तापूर्ण, बहुविषयक एवं नवाचार आधारित शिक्षा का लाभ मिलेगा, जिससे उनकी शैक्षणिक दक्षता, कौशल विकास एवं रोजगार की संभावनाओं में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि पंजीयन प्रक्रिया को समय-सीमा में पूर्ण कराने के लिये सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्वयं पोर्टल पर विद्यार्थियों का निशुल्क पंजीयन कराया जा रहा है। इन पाठ्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक विद्यार्थी को उत्कृष्ट, सरल एवं समावेशी शिक्षण सामग्री तक समान रूप से पहुंच प्रदान करना है। स्वयं पोर्टल का लाभ अधिक से अधिक विद्यार्थियों को मिल सके, इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा पोर्टल पर विद्यार्थियों का पंजीयन सुनिश्चित कराने के दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि प्रत्येक विद्यार्थी का स्वयं पोर्टल पर न्यूनतम एक विषय में पंजीयन अनिवार्य होगा। जनवरी 2026 के लिए पोर्टल पर पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जिसमें विद्यार्थी अपनी रुचि एवं शैक्षणिक आवश्यकता के अनुरूप संबंधित पाठ्यक्रम का चयन कर पोर्टल की लिंक के माध्यम से पंजीयन कर सकते हैं।

# ग्रामीणों एवं छात्रों को साइबर फ्रॉड से बचने किया गया जागरूक



**रीवा।** सीएससी के द्वारा संचालित वीजा सीएसआर के अंतर्गत ग्राम गोड़हर में सीएससी वीएलई ज्योति तिवारी के द्वारा ग्रामीणों एवं छात्रों को साइबर फ्रॉड के बचने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण के अंतर्गत ग्रामीणों को बताया गया कि कैसे किसी अनजाने कॉल में बैंक ओटीपी मांगने पर क्या करना चाहिए, और डिजिटल अरेस्ट कैसे किया जाता है एवं इससे कैसे बचा जा सकता है। आजकल साइबर फ्रॉड बहुत तेजी से ग्रामीण अंचल पर भी हो रहा है, इसीलिए वीजा सीएसआर के द्वारा सीएससी के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है। जिला प्रबंधक सीएससी रवि शंकर मिश्रा ने बताया कि सीएससी वीसा द्वारा गावों में सीएससी केंद्रों के माध्यम से जागरुकता अभियान चलाया जा रहा, जिसका उद्देश्य नागरिकों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, डिजिटल अरेस्ट और अन्य साइबर खतरों से बचाना है। जागरुकता अभियान कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच किरण मिश्रा, सरपंच प्रतिनिधि अशोक मिश्रा, पंचायत सचिव रामशरण चौधरी, ग्राम रोजगार सहायक मोनिका शुक्ला एवं शासकीय विद्यालय गोड़हर प्राचार्य सी पी साकेत का विशेष सहयोग रहा।

# गांवों को नशामुक्त बनाने के लिए प्रयास करना आवश्यक



## ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश कार्यक्रम टीआरएस में सम्पन्न

**रीवा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा टीआरएस कॉलेज में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल ने दीप प्रज्ज्वलन से किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता तथा पर्यावरण संरक्षण के साथ प्रदेश का विकास करना है। हमें आर्थिक विकास के साथ-साथ सामाजिक विकास पर भी ध्यान देना आवश्यक है। हमारी अर्थव्यवस्था अभी भी कृषि और गावं पर निर्भर है। गांव का विकास होगा तभी प्रदेश का विकास संभव है। हमें गावं को नशामुक्त बनाने के लिए भी प्रयास करना आवश्यक है। नशा विकास की सबसे बड़ी बाधा है। कार्यक्रम अध्यक्षता करते हुए जन अभियान परिषद के शासी निकाय सदस्य कृष्णकांत द्विवेदी ने कहा कि समाज के संकल्प और सहभागिता से ही ग्राम उदय होगा। गावं का विकास समग्र रूप से किया जाना आवश्यक है। स्वामी विवेकानंद के जीवन और विचारों से प्रेरणा लेकर आज के युवाओं को समाज और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी निभानी आवश्यक है। युवा ऊर्जा का सागर है। अपने कॅरियर के निर्माण के साथ-साथ हर युवा सामाजिक कार्यों और गांव के विकास में योगदान दे। कार्यक्रम में संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग, शिक्षा एवं संस्कार, नशामुक्त समाज, सामाजिक समरसता और गौसेवा तथा गौ संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। कार्यक्रम में टीआरएस कॉलेज के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष तथ पूर्व महापौर राजेन्द्र ताम्रकार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन विकासखण्ड समन्वयक जन अभियान परिषद अमित अवस्थी ने किया। कार्यक्रम में उपस्थितों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

# केवी-1 में आज विद्यार्थियों से होगी 'परीक्षा पे चर्चा'

**रीवा।** केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1 में आज शुक्रवार को परीक्षा पे चर्चा नामक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा से संबंधित तनाव से मुक्त करना तथा उन्हें सकारात्मक दिशा प्रदान करना है। कार्यक्रम में शहर के सरकारी विद्यालयों, निजी विद्यालयों, केन्द्रीय विद्यालयों एवं जवाहर नवोदय विद्यालयों के लगभग 100 विद्यार्थी भाग लेंगे। विद्यार्थियों को दो समूहों में विभाजित किया गया है। प्रथम समूह में कक्षा 6, 7 एवं 8 के विद्यार्थी शामिल होंगे, जबकि द्वितीय समूह में कक्षा 9, 10, 11 एवं 12 के विद्यार्थी सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत ऑपरेशन सिंदूर विषय पर एक विशेष क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों के ज्ञान, जागरुकता एवं तार्किक क्षमता का विकास हो सके। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ परीक्षा से संबंधित विचार-विमर्श किया जाएगा तथा विशेषज्ञों द्वारा उपयोगी सुझाव दिए जाएंगे। क्विज प्रतियोगिता एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। विद्यालय प्रशासन द्वारा कार्यक्रम की सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं तथा कार्यक्रम को लेकर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

# दानदाता के जन्म दिवस पर होगा शिवपूजन

**रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के तत्वावधान में दानदात्री स्व.विष्णु कुमारी के ससुर लाल बल्देव सिंह के जन्म दिवस बसंत पंचमी को सुबह 9.30 बजे किला उपरहटी में विवि कुलसचिव द्वारा शिव पूजन-अभिषेक किया जाएगा। तत्पश्चात शिव पूजन का कार्यक्रम विवि परिसर में स्थित मंदिर में भी 10.30 बजे आयोजित है, विवि के सभी शिक्षकों एवं छात्रों से पहुंचने की अपील की गई है।

## नहीं चलेगी मनमानी, कसेगी नकेल

# किसी भी दुकान से किताब और यूनिफॉर्म खरीदने का दबाव नहीं डाल सकेंगे स्कूल

## प्राइवेट स्कूलों में लगने वाली फीस और किताबों की सूची शिक्षा विभाग को देनी होगी



**जागरण, रीवा।** स्कूलों में परीक्षा शुरू होने के साथ आगामी शिक्षण सत्र की तैयारी भी शुरू हो गई है। अप्रैल माह से नया सत्र शुरू होता है और उसके पहले ही कई स्कूल संचालक फीस से लेकर किताब और यूनिफॉर्म खरीदने का दबाव डालते हैं। इसमें भी चौंकाने वाली बात तो यह रहती है कि किसी एक नही दुकान से किताब खरीदने और ऐसे ही यूनिफॉर्म लेने के लिए भी दबाव डाला जाता है। अब ऐसा नहीं होगा। स्कूलों में सभी क्लास की फीस की जानकारी सूचना बोर्ड पर देनी होगी। किताब और यूनिफॉर्म के लिए कम से कम 5-5 दुकानों के नाम भी सूचना पटल पर लिखने होंगे, जिनमें ये उपलब्ध रहें। इससे किसी एक दुकान की 5 मोनोपॉली नहीं चलेगी। वहीं मार्च माह में पुस्तक मेले की भी तैयारी है। जिला शिक्षा अधिकारी रामराज मिश्रा द्वारा जारी किए गए नोटिस में माशिमं, सीबीएसई, आईसीएसई से मान्यता प्राप्त सभी निजी शालाओं के प्राचार्यों और प्रबंधकों को निर्देश जारी किए गए हैं कि वे अपने विद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए उपयोग में आने वाली पुस्तकों के प्रकाशक की जानकारी तथा प्रत्येक कक्षा में लिए जाने वाले विद्यालय शुल्क की जानकारी अपने विद्यालय के सूचना पटल पर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करेंगे। पुस्तक एवं शाला गणवेश उपलब्ध कराने वाली कम से कम 5-5 दुकानों के नाम विद्यालय के सूचना पटल पर सुवाच्य एवं स्पष्ट रूप से अंकित किए जाएं।

### नहीं बनाएंगे दबाव

आदेश में कहा गया है कि सभी प्राचार्य-प्रबंधक इस बात का विशेष ध्यान रखेंगे कि जिन पुस्तकों की सूची वे सूचना पटल पर प्रदर्शित कर रहे हैं वे पुस्तकें आयोजित होने वाले पुस्तक मेले में उपलब्ध हो सकें। संस्था प्रमुख किसी भी विद्यार्थी-अभिभावक को पुस्तक एवं शाला गणवेश किसी विशेष दुकान से क्रय करने हेतु बाध्य नहीं करेंगे। विद्यालय प्रबंधन अभिभावकों को पुस्तक के साथ कॉपी, पेन व कवर लेने के लिए बाध्य नहीं करेंगे।

एनआईसी पोर्टल पर अपलोड होगी सूची नोटिस में उल्लेख है कि सभी प्राचार्य-प्रबंधक अशासकीय विद्यालय को निर्देश दिए गए हैं कि विद्यालय में उपयोग होने वाली पुस्तकों की सूची तथा कक्षावार ली जाने वाली फीस का विवरण वर्ष 2025 एवं वर्ष 2026 की कक्षावार सूची बनाकर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें, ताकि पुस्तकों की सूची जिला रीवा के एनआईसी पोर्टल पर अपलोड की जा सके। एनआईसी पोर्टल पर जानकारी अपलोड होने से सभी पुस्तक विक्रेता एवं अभिभावक उपलब्ध पुस्तकों की सूची प्राप्त कर सकेंगे।

> पुस्तकों की सूची व फीस सहित अन्य जानकारी उपलब्ध कराने के लिए अशासकीय स्कूल संचालकों को निर्देश दिए गए हैं। एनआईसी पोर्टल में जानकारी दर्ज की जानी है।
>
> **रामराज मिश्रा, डीईओ रीवा**

# जिले के 9 खिलाड़ियों ने ब्लैक बेल्ट परीक्षा में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**रीवा।** रीवा जिले के सात ताइक्कांडो खिलाड़ियों ने मध्य प्रदेश ताइक्कांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित ब्लैक बेल्ट परीक्षा में भाग लेकर जिले का नाम रोशन किया। यह परीक्षा 17 एवं 18 जनवरी को विदिशा में आयोजित की गई। इस परीक्षा में रीवा ताइक्कांडो अकादमी के खिलाड़ियों ने सहभागिता की। ब्लैक बेल्ट परीक्षा देने वाले खिलाड़ियों में अश्विन नामदेव, नृपेन्द्र सिंह, ओम सिंह सेंगर, आदित्य सिंह, हरिकृष्ण तिवारी, तेजस्विनी तिवारी, श्यामेंद्र सिंह चंदेल , ओम प्रकाश मिश्रा एवं प्रिया पटेल शामिल रहे। सभी खिलाड़ियों ने अपने कौशल, अनुशासन और मेहनत का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि का श्रेय रीवा ताइक्कांडो अकादमी के कोच सुनील कोरी को जाता है, जिनके मार्गदर्शन और प्रशिक्षण से खिलाड़ियों ने यह सफलता प्राप्त की। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर सह सचिव राजमणि तिवारी कोच, अभिभावकों एवं खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# शहीद दिवस पर जनजागृति रैली व नुक्कड़ नाटकों का होगा मंचन

**जागरण, रीवा।** महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर 30 जनवरी को मद्य निषेध संकल्प दिवस का आयोजन किया जायेगा। समाज में बढ़ते हुए मद्यपान तथा नशीली दवा, मादक पदार्थ/ द्रव्यों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों से युवाओं, विद्यार्थियों एवं समाज को अवगत कराने, नशा छोड़ने के लिऐ प्रेरित कर उन्हें मादक द्रव्य पान, गुटका, तम्बाकू सिगरेट, मदिरा पान त्यागने हेतु संकल्प दिलाने तथा संकल्प लेने वालों से संकल्प पत्र भरवाने का कार्य इस दिवस पर किया जायेगा। नशा प्रवृत्ति की रोकथाम हेतु जनजागृति एवं जन चेतना का निर्माण किया जाना इसका मुख्य उद्देश्य है। भारत सरकार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा नशामुक्त भारत अभियान प्रारंभ किया गया है जिसमें नशीली दवाओं की मांग में कमी लाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों को सम्मिलित किया गया है। इसके तहत उपचार व परामर्श तथा जनजागृति संबंधी कार्य किये जायेंगे ताकि लोग नशामुक्ति की ओर प्रेरित हो सके। इसी क्रम में विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत, स्थानीय निकाय तथा स्वैच्छिक संस्थाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। मद्य निषेध संकल्प दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी जी की जयंती पर व्याख्यान, वेवीनार, आदि कार्यक्रम आयोजित कराने, नशामुक्ति के लिये जनजागृति हेतु रैली, नुक्कड़ नाटकों का मंचन कराने, स्थानीय विद्यालयों में नशामुक्ति विषयंक प्रतियोगिताएं, प्रश्न मंच का आयोजन कराने तथा ग्राम सभाओं में नशामुक्त ग्राम बनाने संबंधी प्रस्ताव पारित कराया जायेगा।

# छात्रों को पर्यावरणीय शिक्षा के महत्व की दी जानकारी


## बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय में आयोजित हुई कार्यशाला



**जागरण,रीवा।** बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय दिव्यगवां में पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत इको-क्लब सदस्यों हेतु महाविद्यालय स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं मिशन लाइफ के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.दिनेश कुमार यादव ने स्वागत उद्बोधन में पर्यावरणीय शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। ईको-क्लब प्रभारी डॉ.बीपी सिंह ने अपने मुख्य वक्तव्य में विद्यार्थियों को पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने तथा सतत विकास के लिए व्यक्तिगत योगदान पर बल दिया। कार्यशाला में डॉ.किरण साकेत द्वारा पर्यावरण संरक्षण विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान दिया गया, वहीं अभिवंदन चौबे (वन परिक्षेत्र अधिकारी डभौरा) ने प्रेरक पर्यावरणीय अनुभवों एवं चुनौतियों पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। प्रायोगिक सत्रों में दोना पत्तल निर्माण, मूर्ति निर्माण तथा स्वच्छता संबंधी गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दोपहर बाद सत्र में मिशन लाइफ एवं पर्यावरण शिक्षण गतिविधियों का आयोजन कार्ड के द्वारा बिजली, कचरा, पानी, खाद्य सामग्री, ई-प्रबंधन आदि के सम्बन्ध में स्वच्छ आदतों की कार्य योजना उपस्थित सभी विद्यार्थियों को बताई गई।

# बोर्ड परीक्षाओं के केन्द्राध्यक्षों का चयन समिति करेगी, जोड़-तोड़ अब नहीं चलेगी

## तैयार होगी जिला स्तरीय सूची, 10 से होने वाली परीक्षाओं को लेकर कवायद



**जागरण,रीवा।** आगामी 10 फरवरी से होने वाली बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। इस बार केन्द्राध्यक्षों और सहायक केन्द्राध्यक्षों का चयन उस समिति द्वारा किया जाएगा जिस समिति के अध्यक्ष कलेक्टर होंगे। इससे अपने पसंदीदा शिक्षक को केन्द्राध्यक्ष बनाने की जोड़-तोड़ भी समाप्त हो जाएगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं की परीक्षा 13 फरवरी, जबकि 12वीं की परीक्षाएं 10 फरवरी से प्रारंभ होंगी। परीक्षाओं को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने और पेपर लीक होने की वारदातों को रोकने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। जिन शिक्षकों के बच्चे बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं, उन्हें पर्यवेक्षक, केंद्राध्यक्ष अथवा सहायक केंद्राध्यक्ष की जिम्मेदारी नहीं दी जाएगी। गंभीर बीमारी से पीड़ित शिक्षकों को भी परीक्षा कार्य से अलग रखा जाएगा। इसके साथ ही हायर सेकेंडरी स्कूलों के शिक्षकों की उनके ही विषय के प्रश्नपत्रों में पर्यवेक्षक के रूप में ड्यूटी नहीं लगाई जाएगी।

### सॉफ्टवेयर के जरिए होगी नियुक्ति

इस वर्ष केंद्राध्यक्ष एवं सहायक केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति के लिए शिक्षकों एवं प्राचार्यों की एक जिला स्तरीय सूची तैयार की जाएगी। सूची का अनुमोदन जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाएगा। इसके पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सूची को जिला सूचना विज्ञान केंद्र एनआईसी भेजा जाएगा। वहां विशेष सॉफ्टवेयर के माध्यम से रैंडम पद्धति से शिक्षक या प्राचार्य को जिले के किसी भी परीक्षा केंद्र पर केंद्राध्यक्ष अथवा सहायक केंद्राध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया जाएगा।

### प्रवेश पत्र नहीं मिला है तो ऑनलाइन निकालें

बोर्ड ने सभी स्कूलों को निर्देश दिए हैं कि छात्रों को समय पर प्रवेश पत्र उपलब्ध कराएं। यदि किसी कारणवश छात्र को स्कूल से प्रवेश पत्र नहीं मिल पाता या प्रवेश पत्र खो जाता है, तो वह स्कूल या माध्यमिक शिक्षा मंडल की वेबसाइट से इसे डाउनलोड कर सकता है।

### थानों में रखी जाएगी परीक्षा सामग्री

10वीं और 12वीं बोर्ड के प्रश्नपत्र 28 जनवरी को पहुंचने के बाद 2 फरवरी से केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्षों को परीक्षा सामग्री का वितरण शुरू किया जाएगा। इसी दौरान प्रश्नपत्रों को पुलिस वैन के जरिए संबंधित थानों में सुरक्षित रखवाया जाएगा। परीक्षा वाले दिन प्रश्नपत्र कलेक्टर प्रतिनिधि की मौजूदगी में ही परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाए जाएंगे।

> इस बार केन्द्राध्यक्षों और सहायक केन्द्राध्यक्षों का चयन उस समिति द्वारा किया जाएगा जिस समिति के अध्यक्ष कलेक्टर हैं। पक्रिया चल रही है। रैंडम पद्धति से नियुक्त किया जाएगा।
>
> **रामराज मिश्रा, डीईओ रीवा**

# सिद्धार्थ रंजन का राष्ट्रीय स्तर पर चयन



**जागरण,रीवा।** श्यामशाह मेडिकल कॉलेज के फाइनल ईयर के छात्र सिद्धार्थ रंजन अग्रवाल ने भारत सरकार के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग (वीबीवाईएलडी) में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर विंध्य की धरा का मान बढ़ाया है। सिद्धार्थ राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने वाले विंध्य क्षेत्र के एक मात्र युवा है। उक्त प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश से डेढ़ लाख से अधिक युवाओं ने भाग लिया था, जिसके प्रथम चरण में ऑनलाइन क्विज के माध्यम से स्क्रीनिंग की गई थी। प्रतियोगिता के द्वितीय चरण में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें 10 विभिन्न विषय प्रतियोगियों को दिए गए थे। जिसमें चयनित लगभग 500 युवाओं का तृतीय चरण में भोपाल में राज्य सरकार व दिल्ली से आए अधिकारियों के समक्ष प्रेजेंटेशन व इंटरव्यू किया गया। उक्त प्रेजेंटेशन व इंटरव्यू के उपरांत संपूर्ण मध्य प्रदेश से मात्र 45 युवाओं को चयनित कर राष्ट्रीय स्तर पर दिनांक 9 जनवरी से 12 जनवरी तक भारत मंडपम दिल्ली में अन्य विभिन्न हस्तियों के साथ प्रधानमंत्री के द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। इन समस्त इवेंट्स में मध्य प्रदेश के जिन 45 युवाओं का चयन किया गया था, उनको मुख्यमंत्री मोहन यादव तथा राज्यपाल मंगू भाई पटेल द्वारा बधाइयां दी गईं। इस प्रतियोगिता में विंध्य क्षेत्र से एकमात्र युवा सिद्धार्थ रंजन अग्रवाल सफल रहे। यही नहीं सिद्धार्थ सम्पूर्ण प्रदेश से एकमात्र ऐसे युवा भी है जो मेडिकल के छात्र है। यह विंध्य की धरा व श्यामशाह मेडिकल कॉलेज रीवा के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। सिद्धार्थ की इस सफलता के लिए मेडिकल कॉलेज के डीन सुनील अग्रवाल सहित अन्य ने शुभकामनाएं दी हैं। सिद्धार्थ ने अपनी इस सफलता का श्रेय नानी शकुंतला, माता सुषमा, पिता अभय अग्रवाल एवं परिजनों को दिया है। उनके पिता इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रोफेसर के रूप में पदस्थ है तथा मां अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक है। उनकी इस सफलता पर डॉ.निशांत जैन, डॉ.प्रतिष्ठा अग्रवाल, डॉ.दैदीप्य, डीके सोनी एवं अन्य शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त किया गया है।

**प्रख्यात हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ शांतनु सिंह के द्वारा प्रतिदिन नियमित OPD रीवा में**



**रीवा:** अहमदाबाद के प्रख्यात हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ शांतनु सिंह, MBBS, MS (ऑर्थोपेडिक्स) FIJR, OIJR (अहमदाबाद) फेलोशिप इन ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट। कॉम्प्लेक्स ट्रॉमा। ऑर्थोस्कोपिक सर्जन, पूर्व सर्जन गवर्मेन्ट मेडिकल कॉलेज सागर, हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ के द्वार कामता मेडिकल (कामता मल्टीस्पेशलिटी डे- केयर क्लीनिक/डायग्नोस्टिक× विजन हार्ट सेंटर), A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा में, प्रतिदिन नियमित सुबह 10 से दोपहर 02 बजे तक एवं शाम 04 से 06 बजे तक हड्डी व जोड़ रोग से सम्बंधित समस्त फ्रैक्चर एवं ट्रॉमा उपचार, घुटना एवं कुल्हा प्रत्यारोपण TKR, THR, ऑर्थोस्कोपी (दूरबीन द्वारा लिगामेंट की सर्जरी), डिजिटल एक्स-रे, प्लास्टर POP एवं स्पिलटिंग, घुटनो में दर्द/ सूजन, कंधे का जकड़ना/ दर्द होना, कमर व कूल्हों के जोड़ों का दर्द, साईटिका/ गठियावात, कंधे के मांस का कटना, घुटने का न मुड़ना, चलने में लड़खड़ाना, जमीन पर न बैठ पाना, गाउट एवं रूमेटाइड ऑर्थराइटिस का उपचार, जोड़ो में इंजेक्शन द्वारा उपचार (इंटर-आर्टिकुलर इंजेक्शन), CTEV (क्लबफुट) जन्मजात टेढ़े मेढ़े पाँव का उपचार, रीड़ की हड्डी से सम्बंधित समस्याएं, सामान्य एवं जटिल फैक्चर, आधुनिक तकनीक द्वारा जोड़ प्रत्यारोपण, बच्चों के हाथ व पैरों की विकृतिया, पुराने फैक्चरों का न जुड़ना, हड्डी में पस पड़ना आदि बीमारियों का परामर्श/ऑपरेशन द्वारा इलाज किया जाता है, डॉ शांतनु को दुरबीन विधि से सम्बंधित सभी प्रकार के आपरेशन में महारथ हासिल है, अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। -Advt.

**PGI लखनऊ के प्रख्यात एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ अजय शुक्ला 25 जनवरी रविवार को रीवा में**



रीवा-रीवा में उपलब्ध प्रख्यात एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, SGPGI लखनऊ से डायबिटीज, थायराइड एवं हार्मोन्स रोग सुपर स्पेशलिस्ट, विंध्य प्रदेश (रीवा) में सेवायें देन वाले एकमात्र एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, हार्मोन इंडिया संस्थापक डॉ अजय शुक्ला MBBS, MD (मेडीसिन), DM (एंडोक्रिनोलॉजी×मेटाबॉलिज्म) SGPGI लखनऊ, MRCP SCE (UK) इंडोक्रिनोलॉजी, SCOPE सर्टिफिकेट ओबेसिटी एक्सपर्ट, वर्तमान कंसल्टेंट एवं विभागाध्यक्ष मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल लखनऊ दिनाँक 25 जनवरी 2026 रविवार (प्रत्येक माह में पूर्व निर्धारित दिनाँक) को सुबह 10 बजे से शाम 03 बजे तक रीवा न्यू बस स्टैंड स्थिति कामता मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक×डायग्नोस्टिक (कामता मेडिकल), A-ब्लॉक, समदड़िया कॉम्प्लेक्स में, डायबिटीज (मधुमेह), थायराइड एवं हॉर्मोन्स से संबंधित बीमारियां जैसे लंबे समय से डायबिटीज व थायराइड से ग्रसित होना बहुत बार इलाज लेने के बाद भी आराम न लगना डायबिटीज के कारण अन्य परेशानी होना, बच्चों में डायबिटीज (मधुमेह), थायराइड या हार्मोन्स की कमी या अधिकता, थायराइड की गांठ या अति दुबलापन, अत्यधिक मोटापा के कारण का पता लगाना व रोकथाम, कोलेस्ट्रॉल, ट्राइग्लिसराइड्स आदि का बढ़ना, किडनी में बार बार पथरी का बनना, (मेटाबोलिक स्प्रोन स्टडी), प्यास का ज्यादा लगना, बार-बार पेशाब का लगना, मासिक धर्म का अनियमित होना या न होना, बांझपन (निःसन्तानता), पोलोस्टिक ओवरी, स्त्रियों में अतिरोमिता, गैलोक्टरिया छाती से असमय स्राव, योवन संबंधी विकार समय से पहले या देर से आना, जनन अंगों के विकास सम्बन्धित रोग व हार्मोन्स की गड़बड़ी, पुरुषों में स्तन का बढ़ना, पुरुषों में टेस्टोस्टेरॉन की कमी, नपुंसकता निःसन्तानता, असमय बुढ़ापा आदि रोगों का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा, डॉ शुक्ला विगत 5 वर्षो से प्रत्येक माह में पूर्व निर्धारित दिनाँक को नियमित रीवा में अपनी सेवायें दे रहे हैं और हजारों रोगियों का सफल इलाज कर चुके है, और विंध्य क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए बाहर बड़े शहरों को नही जाना पड़ा है, अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नं- 9399312433 कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। -Advt.

# कर्पूरी ठाकुर की जयंती 24 को

**रीवा।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री सामाजिक न्याय के प्रखर प्रहरी जननायक कर्पूरी ठाकुर की 102 वीं जयंती के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है। यह कार्यक्रम 24 जनवरी शनिवार को दोपहर 12:00 से कलेक्ट्रेट के सामने स्थित धरना स्थल पर आयोजित होगा। ओबीसी महासभा के जिला अध्यक्ष छोटेलाल रजक राजेश कुशवाहा बबलू जानकी सेन एवं जेपी कुशवाहा ने बताया कि यह आयोजन सामाजिक न्याय की विचारधारा को सशक्त करने एवं नई पीढ़ी को कर्पूरी ठाकुर के संघर्षों से प्रेरित करने हेतु किया जा रहा है।

## महिला अस्थाई कर्मचारी ने किया सत्याग्रह आंदोलन



**रीवा।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के बैनर तले स्थाई कर्मी दैनिक वेतन भोगी एवं अंशकालीन कर्मचारियों द्वारा पांच सूत्रीय न्यायोचित मांगों को मंजूर करने की मांग को लेकर शुरू किया गये प्रांतव्यापी सत्याग्रह आंदोलन में गुरुवार को अस्थाई महिला कर्मचारी प्रमिला धुर्वे शोभा धुर्वे जयवंती उईके बबली बेले रेशमा पायल फूलमति दुर्गा आदि प्रमुख रूप से बैठीं। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के जिलाध्यक्ष रमेश सोधिया ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा 22 दिसंबर 2025 को जारी किया गया कर्मचारी विरोधी आदेश के कारण प्रदेश के अस्थाई कर्मचारियों में आक्रोश का वातावरण निर्मित हो गया है। कर्मचारी आंदोलन में प्रमुख रूप से अरुण पांडे प्रमोद बर्डे महेंद्र सारस सलमान, इकबाल अली, कमलेश जाटव ,सुरेश परोचे ,लाल मियां दौलत चांद खान विजय मालवीय रवि कुशवाहा आदि शामिल हैं।

## आईएफबी आज मनायेगी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती

**रीवा।** ऑल इण्डिया फारवर्ड ब्लॉक मध्य प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह कल्चुरी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती आज 23 जनवरी को विवेकानन्द पार्क में दोपहर 12.30 बजे से बड़े ही गरिमामय तरीके से मनाई जायेगी। उन्होंने आगे बताया कि दोपहर 1.30 बजे सुभाष तिराहा रीवा में पहुंचकर नेताजी को पुष्पांजलि अर्पित कर विन्ध्य प्रदेश के पुर्ननिर्माण को लेकर एक विशाल रैली निकाली जायेगी। जो कमिश्नरी पहुंचेगी जहां पर आयुक्त के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा जायेगा। प्रदेशाध्यक्ष कल्चुरी ने रीवा नगर निगम प्रशासन से नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा एवं स्थल की साफसफाई एवं माल्यार्पण करने की अपील की है।

## नेताजी की जयंती पर होंगे विविध आयोजन

**रीवा।** ताम्रपत्रधारी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ओंकार नाथ खरे जन शताब्दी वर्ष बैनर तले शुक्रवार 23 जनवरी को देश की आजादी के आंदोलन के महानायक नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती स्थानीय स्वयंवर बारातघर में दोपहर 12 बजे से मनाई जाएगी। नारी चेतना मंच, समता सम्पर्क अभियान, समाजवादी कार्यकर्ता समूह और विंध्यांचल जन आंदोलन की ओर से दी गई उपर्युक्त जानकारी में गीता महंत ने आगे बताया कि आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की 76 वीं वर्षगांठ के अवसर वार्ड नंबर 40, गड़रियान मोहल्ला में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ संविधान प्रस्तावना पाठ होगा।

## मरीजों को प्राइवेट केन्द्रों में कराना पड़ रहा जांच

# ब्लॉक मुख्यालयों के अस्पतालों में एक भी रेडियोलॉजिस्ट नहीं, रेडियोग्राफर भी आधे

### डेढ़ से 6 माह का कोर्स कराकर एमबीबीएस डॉक्टर्स व स्त्री रोग विशेषज्ञों को किया जा रहा प्रशिक्षित



**जागरण,रीवा।** जिले के सरकारी अस्पतालों में सोनोग्राफी व एक्स-रे जैसी जांचों के लिए पर्याप्त रेडियोग्राफर व रेडियोलॉजिस्ट नहीं हैं। सबसे बड़ी समस्या रेडियोलॉजिस्ट की है, क्योंकि जिला अस्पताल में ही रेडियोलॉजिस्ट नहीं है, ग्रामीण अंचलों के अस्पतालों में भी एक भी रेडियोलॉजिस्ट नहीं है। ग्रामीण अंचल से लोग जिला अस्पताल पहुंचते हैं और यहां से उनको सोनोग्राफी जैसी सुविधा के लिए बाहर प्राइवेट केन्द्रों का रास्ता दिखा जाता है, जहां उनको रुपए खर्च करने पड़ते हैं। हैरानी की बात है कि इस मामले को लेकर कई बार मांग हो चुकी लेकिन अभी तक जिला अस्पताल सहित ग्रामीण अंचल पर स्वास्थ्य केन्द्रों में रेडियोलॉजिस्ट नहीं पदस्थ किए गए। बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के दावे के बीच सोनोग्राफी जैसी जांचे न हो पाना बड़े सवाल खड़े कर रहा है। अधिकतर ब्लॉकों में रेडियोग्राफर तक नहीं हैं, जिससे एक्स-रे जैसी जांचे भी प्रभावित हो रहीं हैं। लाखों की मशीनें धूल खा रहीं हैं उन्हें अभी तक शुरू नहीं किया जा सका। इनकी कमी पूरी करने के लिए स्वास्थ्य विभाग एमबीबीएस और स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉक्टरों को 40 दिन से लेकर 6 माह तक का कोर्स कराता है लेकिन कोर्स करने वाले डॉक्टर्स की संख्या बेहद कम है। इसका खामियाजा क्षेत्र के मरीजों को उठाना पड़ रहा है। रेडियोलॉजिस्ट और रेडियोग्राफर के अभाव में सतना जैसी घटना रीवा में भी सामने आ सकती है। नियमानुसार सभी जगह रेडियोलॉजिस्ट होना चाहिए लेकिन किसी भी ग्रामीण अस्पताल में नहीं है।

**मन के मुताबिक होती है सोनोग्राफी :** बता दें कि जिला अस्पताल में महिलाओं की सोनोग्राफी की जा रही है लेकिन यह भी चिकित्सकों के मन के मुताबिक ही होती है, यदि चिकित्सकों का मन है तो वह सोनोग्राफी करेंगे अथवा बाहर प्राइवेट केन्द्रों का रास्ता दिखा जाता है, यहीं हाल सिविल अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में है। जिससे गर्भवती महिलाओं को भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। एसजीएमएच में भी भारी भीड़ होने से परेशानी होती है।

### कैसे कम हो शिशु-मातृ दर?

गर्भवती महिला को प्रसव काल में कम से कम 3-4 सोनोग्राफी जांच की जरूरत होती है, जबकि जांच की सुविधा सिर्फ जिला मुख्यालय में ही हो पाती है। जिले में हर माह करीब 5000 प्रसव होते है, ऐसे में जहां प्रसूताओं को प्रति जांच 1200 से लेकर 4000 रुपए तक का खर्च होता है। एसजीएमएच में फ्री में सोनोग्राफी कराने के लिए सुबह 9 बजे से ही कतारें लग जातीं हैं। 150 करीब जांचें प्रतिदिन होती हैं और 40 से अधिक मरीजों को बिना जांच के ही लौटना पड़ता है। यदि जांचें ही नहीं हो पाएंगी तो शिशु-मृत्यु दर कम कैसे हो पाएगी।

## ई-ऑफिस विशेषज्ञ द्वारा बताई गई ई-ऑफिस पोर्टल की बारीकियां

### नगर निगम को पेपर लेस बनाने ई-ऑफिस प्रणाली का दिया गया प्रशिक्षण



**जागरण, रीवा।** नगर निगम कार्यालय को अब पूरी तरह डिजिटल किया जा रहा है। कार्यालय में सभी प्रकार के काम काज को पेपर लेस करने के लिए ई-ऑफिस प्रणाली लागू की गई है और कर्मचारियों तथा कंप्यूटर आपरेटरों को ई-ऑफिस प्रणाली का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नगर निगम रीवा में कार्यालयीन कार्यों को पारदर्शी, तेज़ एवं कागज रहित बनाने के उद्देश्य से ई-ऑफिस प्रणाली को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की। इस दौरान प्रतिभागियों को ई-ऑफिस प्रणाली में फाइलों के निर्माण, प्रक्रिया, मूवमेंट एवं निस्तारण से संबंधित जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान ई-ऑफिस विशेषज्ञ द्वारा ई-ऑफिस पोर्टल की कार्यप्रणाली पर विस्तार से जानकारी दी गई, जिसमें फाइल बनाना, नोटशीट तैयार करना, ड्राफ्ट अपलोड करना, अनुमोदन प्रक्रिया, ई-हस्ताक्षर, फाइल अग्रेषण एवं ट्रैकिंग प्रणाली शामिल रही। प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को यह भी बताया गया कि ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से फाइल किस प्रकार विभिन्न स्तरों पर डिजिटल रूप से मूव होती है। संबंधित अधिकारी किस प्रकार टिप्पणी करते हैं तथा फाइल की वर्तमान स्थिति को रियल टाइम में कैसे देखा जा सकता है। प्रशिक्षण सत्र के दौरान लाइव डेमो के माध्यम से प्रतिभागियों को ई-ऑफिस सिस्टम पर कार्य करने का अभ्यास भी कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, एमएस सिद्दीकी, कार्यपालन यंत्री एचके त्रिपाठी, सहायक आयुक्त शीतल भलावी, केएन साकेत, सहायक यंत्री पीएन शुक्ला, अभिनव चतुर्वेदी, सिटी मिशन मैनेजर प्रीती रोचलानी सहित नगर निगम के विभिन्न शाखाओं के कम्प्यूटर ऑपरेटर उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री ने संगम में स्नान कर किया पूजन

### राष्ट्र की निरंतर प्रगति और कल्याण की माँ गंगा से की प्रार्थना



**जागरण, रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने माघ मेले के पुण्य अवसर पर प्रयागराज में त्रिवेणी संगम में स्नान कर पूजन किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ माघ मास में संगम तट पर स्नान का विशेष आध्यात्मिक महत्व है। मान्यता है कि इस काल में गंगा, यमुना एवं अदृश्य सरस्वती के संगम में स्नान से आत्मशुद्धि, पुण्यलाभ एवं लोक परलोक दोनों का कल्याण होता है। उन्होंने कहा कि त्रिवेणी संगम के पवित्र तट पर संतों, श्रद्धालुओं और साधकों की उपस्थिति ने वातावरण को भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण कर दिया। वैदिक मंत्रोच्चार, आरती और पूजन के मध्य किया गया स्नान अंतर्मन को शांति, संतुलन और सकारात्मक संकल्प से भरने वाला रहा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने माँ गंगा से समस्त देशवासियों पर अपनी कृपा बनाए रखने, समाज में सद्भाव, समरसता और नैतिक चेतना का विस्तार करने और राष्ट्र के निरंतर प्रगति और कल्याण के पथ पर अग्रसर रहने की प्रार्थना की है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल माघ मेला क्षेत्र, प्रयागराज में सतुआ बाबा के शिविर पहुंचकर संतोष दास (सतुआ बाबा) से आत्मीय भेंट की तथा उनका सान्निध्य प्राप्त किया। इस अवसर पर आध्यात्मिक विषयों, सनातन परंपराओं और सामाजिक समरसता से जुड़े विचारों पर संवाद किया। साथ ही श्रीमद् जगद्गुरु नृसिंह पीठाधीश्वर पूज्य डॉ. स्वामी नरसिंह देवाचार्य महाराज (श्री नरसिंह मंदिरः गीताधाम जबलपुर) से भेंट की और मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्राप्त किया।

## एसकेएम 26 को निकालेगा किसान ट्रैक्टर जनमार्च

**रीवा।** संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर एसकेएम पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस मौके पर किसान ट्रैक्टर जनमार्च निकालेगा। संयुक्त किसान मोर्चे के नेता शिव सिंह ने बताया कि मोर्चे के संगठन मध्य प्रदेश किसान सभा, भारतीय किसान यूनियन टिकैत, किसान संघर्ष समिति, अखिल भारतीय किसान सभा, राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ, भारतीय किसान यूनियन मान, बसोर समाज विकास संगठन,अग्रणी किसान संगठन, शहीद राघवेंद्र किसान संघर्ष समिति आदि संगठनों के साथी 26 जनवरी को समय दोपहर 12:00 बजे करहिया मंडी पहुंचकर गणतंत्र दिवस मौके पर ध्वजारोहण करेंगे। ध्वजारोहण उपरांत दोपहर 1:00 बजे ट्रैक्टर जनमार्च के माध्यम से कलेक्ट्रेट पहुंचकर किसानों के राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मुद्दों का ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित कलेक्टर रीवा को सौंपेंगे।


## आम सूचना

सर्व साधारण व्यक्ति संस्थाए निकाय एवं वित्तीय संस्थान को इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि श्री मिथिला प्रसाद पाठक पिता श्री चन्द्रभान प्रसाद पाठक निवासी-पड़रा, तह0 हुजूर नगर, जिला रीवा (म0प्र0) के अधिपत्य की भूमि खसरा नं. 30/1/4 रकबा 0.009 हे0 अर्थात 1000 वर्गफिट स्थित ग्राम-पड़रा, पट0हल्का-पड़रा, तह0 हुजूर नगर, जिला रीवा (म.प्र.) में निर्मित भवन के मूल दस्तावेज ए.यू. स्मॉल फाईनेश बैंक शाखा रीवा से ऋण की प्रतिभूति स्वरूप पूर्व से बंधक है जो यूनियन बैंक इण्डिया शाखा टी.पी.नगर रीवा से नवीन ऋण हेतु प्रस्तावित है। उक्त भूमि हेतु मूल दस्तावेज लिंक डीड ग्रन्थ क्रमांक 4216, सरल कमांक 1937, पेज 72 से 75 में दिनांक 26.06.1999 को दर्ज है। कही खो गई है जिसकी सूचना लिखित रूप से थाने में दी गई है।

अतः उक्त मूल दस्तावेज लिंक डीड ग्रन्थ क्रमांक 4216, सरल क्रमांक 1937, पेज 72 से 75 में दिनांक 26.06.1999 को दर्ज है। से संबंधित कोई व्यक्ति, संस्था निकाय एवं वित्तीय संस्थान यदि कोई हित रखता हो तो प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के अंदर यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया शाखा टी.पी.नगर रीवा से या अधिकृत अभिभाषक के समक्ष लिखित रूप से आपत्ति कर सकता है, अन्यथा उक्त अवधि के उपरांत बैंक संपत्ति को पाक साफ होना मानते हुए श्री मिथिला प्रसाद पाठक पिता श्री चन्द्रभान प्रसाद पाठक को ऋण प्रदाय करने हेतु स्वतंत्र होगा।

सत्य प्रकाश दुबे
आर एन- 83721 अभिभाषक
मो0 9425874219


## लायंस अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा अतुल जैन का किया गया सम्मान



**रीवा।** लायंस इंटरनेशनल बहुप्रांत 3233- सी की रायपुर में आयोजित रीजनल लीडरशीप लायंस इंस्टीट्यूट में लायन अतुन जैन, ग्लोबल मेंबरशीप कोऑर्डिनेटर डि. 3233-सी को अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष एपी सिंह ने सर्वाधिक सदस्यता वृद्धि के क्षेत्र में बहुप्रांत में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया। रायपुर में आयोंजित रीजनल लायंस लीडरशीप ईंस्टीट्यूट में मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय निर्देशक अहमदाबाद रमेश प्रजापति, विशिष्ट अतिथि पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निर्देशक बीके लडिया जोधपुर, मल्टीपल काउंसिल चेयरमैन पिपरिया मनीष शाह, डिस्ट्रीक्ट गवर्नर कोरबा विजय अग्रवाल, पूर्व डिस्ट्रीक्ट गवर्नर सतना सुधीर जैन, ने अतुल जैन को मिशन 1.5 के अंतर्गत संपूर्ण भारत सर्वाधिक सदस्यता वृद्धि करने पर अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा प्रदत्त सम्मान (प्लेज) व अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष की पिन प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस के लिए अधिकारी तैनात

**रीवा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शासकीय कन्या महाविद्यालय रीवा में आयोजित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पाल ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए विभिन्न अधिकारियों को जिम्मेदारी दी है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह को सम्पूर्ण कार्यक्रम का नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्हें सहयोग देने के लिए प्राध्यापक कन्या महाविद्यालय देवाशीष बनर्जी को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। कार्यक्रम में नए मतदाताओं को ईपिक कार्ड वितरण की जिम्मेदारी एसडीएम हुजूर डॉ अनुराग तिवारी को दी गई है। तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला को आमंत्रण पत्रों के वितरण एवं कार्यक्रम की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी दी गई है। प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय विभा श्रीवास्तव द्वारा कार्यक्रम स्थल में मंच व्यवस्था, दीप प्रज्ज्वलन तथा अन्य व्यवस्थाएं की जाएंगी। कार्यक्रम के संचालन के लिए प्राध्यापक डॉ अमरजीत सिंह को तैनात किया गया है। कार्यक्रम स्थल में साफ-सफाई, पेयजल आदि की व्यवस्था प्रभारी आयुक्त नगर निगम मेहताब सिंह गुर्जर को दी गई है। कलेक्टर ने कार्यक्रम से जुड़ी अन्य व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को तैनात किया गया है।

# हर पात्र हितग्राही के आवेदन पत्र अनिवार्य रूप से भरवाएं: कमिश्नर



### संकल्प से समाधान शिविर में हुए शामिल

**जागरण, रीवा।** रीवा संभाग के सभी जिलों में 12 जनवरी से 31 मार्च तक संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर आमजनता से आवेदन पत्र प्राप्त किए जा रहे हैं। कमिश्नर बीएस जामोद ने सतना जिले के भ्रमण के दौरान संकल्प से समाधान शिविर में भागीदारी निभाई। कमिश्नर ने सोहावल विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बराकला में आयोजित शिविर में कहा कि सभी नोडल अधिकारी तथा दल के अन्य सदस्य आमजनता को सभी विकास योजनाओं की जानकारी दें। विभिन्न योजनाओं के पात्र सभी हितग्राहियों के आवेदन पत्र अनिवार्य रूप से भरवाएं। शिविर में जन समस्याओं के संबंध में प्राप्त हो रहे आवेदनों पर तत्परता से कार्यवाही करें। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिविर में प्राप्त आवेदन पत्रों को प्रतिदिन पोर्टल में अपलोड कराएं। आवेदन पत्रों का विकासखण्ड स्तर पर निराकरण भी लगातार करते रहें। जिन आवेदनों का निराकरण संभव न हो उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजें। कमिश्नर ने शिविर में उपस्थित ग्रामवासियों से गांव की पेयजल व्यवस्था, स्कूलों तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों में मध्यान्ह भोजन के वितरण तथा उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न वितरण की जानकारी ली। कमिश्नर ने कहा कि अधिकारी उचित मूल्य दुकानों में समय पर आवंटित खाद्यान्न पहुंचाकर उसका वितरण कराएं। खाद्यान्न वितरण में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। शिविर में उपस्थित कलेक्टर सतीश कुमार एस ने जिले में चलाए जा रहे संकल्प से समाधान अभियान की जानकारी दी। शिविर में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, उपायुक्त राजस्व एलएल अहिरवार, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतिपाल सिंह बागरी, सरपंच, ग्राम पंचायत सचिव, नोडल अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## हाईवे में ट्रक और कार की टक्कर, जनहानि टली

**जागरण, रीवा।** हाइवे में सड़क दुर्घटना के चलते वाहनों के पहिए कुछ घंटों के लिए थम गए। गनीमत रही कि इस सड़क हादसे में कोई जनहानि नहीं है। घटना रीवा-मनगवां हाईवे पर ग्राम बेलवा के समीप बीती रात की है। बताया गया कि कार और ट्रक में टक्कर हो गई। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया। दोनों पक्षों ने आपस में समझौता कर लिया जिससे मामला शांत हो गया । घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक रीवा से मनगवां की ओर जा रहे दो वाहनों में ओवरटेक के चक्कर में टक्कर हो गई। बताया गया है कि कार और ट्रक दोनों एक ही तरफ जा रहे थे, इसी दौरान ट्रक कार से टकरा गया जिसके बाद यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया और रीवा मनगवां हाईवे पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों वाहनों को अलग करा कर यातायात को चालू कराया। मौके पर ही कार और ट्रक चालक ने आपस में समझौता कर चले गए हैं। बताया गया है कि कार में चार लोग सवार थे जो मनगवां से रीवा जा रहे थे जबकि ट्रक मानगवां से जबलपुर जा रहा था।


**कार्यालय ग्राम पंचायत मढ़ीखुर्द ज0पं0गंगेव, जिला रीवा (म0प्र0)**

क्रमांक / 02/2026 / विज्ञप्ति/2026 मढ़ीखुर्द, दिनांक 19.01.2026

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र, समग्र शिक्षा अभियान जिला रीवा के पत्र क्रमांक/जि0शि0के0/2025 रीवा दिनांक 25.10.2025 के अनुक्रम में शिक्षा गारंटी शाला आदिवासी बस्ती मढीखुर्द डायस कोड 23140800202 के जीर्ण-शीण भवन का ध्वस्तीकरण किये जाने की कार्यवाही की जा कर मलवे की नीलामी दिनांक 26.01.2026 को प्रातः 10:30 बजे से संबंधित शाला की प्रबंध समिति की उपस्थिति में सबंधित शाला के प्रांगण पीपल के पेड़ के नीचे की जावेगी। इच्छुक व्यक्ति नीलामी हेतु नियत तिथि एवं समय के पूर्व अमानत राशि रूपये 500/- (पांच सौ मात्र) नगद ग्राम पंचायत मे जमा कर रसीद प्राप्त कर नीलामी की बोली की कार्यवाही में भाग लेकर मलबे की बोली लगा सकेगें। बोली पश्चात बोली स्वीकृत होने वाले व्यक्तियों को छोड़कर शेष व्यक्तियों की अमानत राशि वापस की जावेगी।

आरएन- 83725 सरपंच/सचिव
ग्राम पंचायत मड़ी खुर्द ज0प0 गंगेव, जिला रीवा (म0प्र)

**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं0: JHS-N-W-10-26 दिनांकः 20.01.2026

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल सिग्नल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

| ई-निविदा सूचना संख्या | कार्य लागत लगभग | धरोहर राशि |
| --- | --- | --- |
| JHS-N-W-10-26 | Rs. 18887704.71/- | Rs. 244400.00/- |

**कार्य का नामः** प्रोविजन ऑफ डाटा एंट्री टर्मिनल फॉर सिग्नलिंग मेंटेनेंस मैनेजमेंट सिस्टम (SMMS) ओवर झाँसी डिवीजन।
**निविदा प्रपत्र का मूल्यः** Nil | **निविदा खुलने की तिथिः** 13.02.2026, Time 15:00
**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः** 09 माह
• निविदा दिनाँक 13.02.2026 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T) पर देखें। 153/26 (ADM)
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्र सं-No. JHS/Commercial/e-Auction/25/159 दिनांकः 20.01.2026

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झाँसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती हैः-

**श्रेणीः** प्रचार | **कैटलॉग संख्याः** JHS-EWM-TKMG
**एसेट्स डिटेल्सः** Contract For Installation, Operation & Maintenance Of Electronic Weighbridge At Tikamgarh (TKMG) Goods Shed Of Jhansi Division.
**ई-नीलामी प्रारम्भ की तिथि व समयः** दिनांक 31.01.2026 को समय- 12:00 से
**ई-नीलामी समाप्त की तिथि व समयः** दिनांक 31.01.2026 को समय- 12:30 तक
**नोटः** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट- **www.ireps.gov.in** के **e-auction module** के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग संख्या के अन्तर्गत उपलब्ध है। 159/26 (D)
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



**In The Court Of XVI Additional District Judge. District Court, Rewa**

Presiding Officer: यशपाल सिंह
प्रो./87/26
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु MJC/0000424/2025)
संतोष खरे-------------वादी
Vs
प्रबंधक सेंट्रल बैंक आफ इंडिया---- प्रतिवादी
Process Id-/2026
पेशी दिनांक- 25/02/2026

प्रेषिती (1) हर आम खास पता- रीवा म0प्र0 यह कि प्रार्थी संतोष खरे ने अपनी मां शशिप्रभा खरे पत्नी स्वा0 विमलेन्द्र प्रकाश खरे के बैंक लॉकर का प्रशासन पत्र जारी करने हेतु आवेदन संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 21 January 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायालय की मुद्रा**
कृपया ध्यान दें-
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

न्यायाधीश
(यशपाल सिंह)
सोलहवें जिला न्यायाधीश
रीवा (म.प्र.)


# सामाजिक कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल से की सौजन्य भेंट

**जागरण, रीवा।** युवा एकता परिषद एवं स्वामी विवेकानंद समर्थ फाउंडेशन पिछले कई वर्षों से सामाजिक क्षेत्र में निरंतर सक्रियता से कार्य कर रहा है। इसी क्रम में संयुक्त संगठनों के प्रदेश पदाधिकारियों के 4 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल मंगू भाई पटेल से राजभवन में पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए सौजन्य मुलाकात की एवं स्वास्थ्य,महिला संबंधित विषयों एवं एवीएन शिक्षा के महत्व पर विस्तृत चर्चा की। संगठन ने इस प्रकार की शिक्षा को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाने की आवश्यकता पर बल दिया। महामहिम राज्यपाल से भेंट के उपरांत युवा एकता परिषद व स्वामी विवेकानंद समर्थ फाउंडेशन की ओर से राज्यपाल को शाल श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। राज्यपाल ने संगठनों के प्रयासों की प्रशंसा की। भेंटवार्ता के दौरान चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में डॉ. दीपक शर्मा, पंडित सचिन शर्मा 'सूर्या',रूपेश मंडलोई एवं संजय पाण्डेय शामिल रहे।




**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**आवश्यकता है**

अहमदाबाद स्थित एक प्रतिष्ठित एथिकल फार्मा कंपनी में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के पद हेतु रिक्तियां हैं। कार्य क्षेत्र (हेडक्वार्टर) : रीवा, सिंगरौली, कटनी, शहडोल एवं मध्यप्रदेश के अन्य सभी प्रमुख शहर। योग्यता: स्नातक अभ्यर्थी को प्राथमिकता। 1-2 वर्ष का कार्य अनुभव वांछनीय। इच्छुक अभ्यर्थी अपना बायोडाटा (CV) निम्न संपर्क नंबर पर भेजें।
ईमेल:journalist.mr.kuldeep@gmail.com
संपर्क नंबर :- 9753340522
RN-83302 (19/01)

**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला रीवा (म.प्र.)**
क्रमांक 596/विशेष विवाह/2025
रीवा, दिनांक 13/11/2025
**इश्तहार**

आवेदक श्री अभिषेक कुमार उपाध्याय पिता श्री मनमोहनलाल उपाध्याय उम्र 25 निवासी रैतियान टोला, ग्राम पो. तिवनी तहसील मनगवां जिला रीवा म.प्र. एवं आवेदिका अंचल प्रजापति पिता श्री अनिल प्रजापति उम्र 22 वर्ष निवासी वार्ड नं. 16 ग्राम काटी पो. डेल्ही जिला रीवा म.प्र. के द्वारा उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह अनुष्ठान हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण पत्र एवं 100/-रू. चालान प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। अतः उक्त विवाह अनुष्ठान के सम्बंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

पेशी दिनांक: 02.03.2026

RN-83310 विवाह अधिकारी
जिला रीवा (म.प्र.)

मध्यप्रदेश शासन
तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग
(कौशल विकास संचालनालय)
कैम्प कार्यालय, चतुर्थ तल, गैस राहत आईटीआई भवन, भोपाल - 462023
वेबसाइट: https://dsd.mp.gov.in | https://www.mpskills.gov.in| ई-मेल: pmsetu.mp@mp.gov.in

**अभिरुचि की अभिव्यक्ति (Expression of Interest - EOI) आमंत्रण सूचना**

प्रधानमंत्री स्किलिंग एवं एम्प्लॉयबिलिटी ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू अपग्रेडेड आईटीआई (PM-SETU) योजना के घटक-I के अंतर्गत सहभागिता हेतु प्रतिष्ठित, विश्वसनीय एवं अनुभवी उद्योग भागीदारों / उद्योग संघों / कंसोर्टियम / उद्योग-नेतृत्वित फाउंडेशन / उद्योग द्वारा प्रवर्तित शैक्षणिक संस्थानों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रित की जाती है।

PM-SETU योजना भारत सरकार की एक केन्द्रीय प्रायोजित योजना है, जिसका उद्देश्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को आधुनिक, उद्योग-अनुरूप उत्कृष्टता केंद्रों (Centers of Excellence) में परिवर्तित करना है, ताकि परिणाम-आधारित प्रशिक्षण एवं युवाओं की रोजगार योग्यता में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके।

मध्य प्रदेश शासन द्वारा PM-SETU योजना के उद्देश्यों के अनुरूप राज्य के चयनित 04 शासकीय आईटीआई क्लस्टर इंदौर, उज्जैन, सागर एवं रीवा, में हब-एंड-स्पोक मॉडल के अंतर्गत संस्थानों की स्थापना एवं संचालन हेतु एंकर इंडस्ट्री पार्टनर्स (AIP) का चयन किया जाना है।

PM-SETU योजना से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश एवं अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI) दस्तावेज विभागीय वेबसाइट : https://dsd.mp.gov.in | https://www.mpskills.gov.in से दिनांक 22.01.2026 को प्रातः 10:00 बजे से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

EOI प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि: 12.02.2026 (अपराह्न 04:00 बजे तक)

G- 24774/25 संचालक
कौशल विकास संचालनालय
मध्यप्रदेश शासन

## संक्षिप्त खबरें

### तुअर, उड़द, चना और मसूर पर मंडी टैक्स माफ, अधिसूचना जारी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राज्य सरकार ने रबी वर्ष 2025-26 के तहत केंद्र सरकार की संस्थाओं द्वारा की जाने वाली दलहन फसलों की खरीदी पर मंडी फीस पूरी तरह माफ कर दी है । राज्य सरकार के कृषि विभाग के सचिव निशांत वरवडे द्वारा जारी गजट नोटिफिकेशन के अनुसार भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम (पीएसएस) के तहत अब नाफेड और एनसीसीएफ जैसी बड़ी संस्थाएं सीधे किसानों से उनकी उपज खरीदेंगी। इस योजना के दायरे में तुअर, उड़द, चना और मसूर जैसी महत्वपूर्ण दलहन फसल उगाने वाले किसानों को रखा गया है। कृषि विभाग ने साफ किया है कि एमपी कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1972 की शक्तियों का प्रयोग करते हुए इन दोनों केंद्रीय संस्थाओं को मंडी फीस के भुगतान से छूट दी गई है । मंडी फीस माफ होने से अब इन फसलों की खरीदी पर निराश्रित शुल्क भी नहीं देना होगा । एमपी के बड़े इलाके में तुअर, उड़द, चना और मसूर की खेती की जाती है। पिछले कुछ समय के दौरान इन दालों के दामों में तेजी से इजाफा हुआ है, यही वजह है कि केंद्र सरकार की एजेंसियां इसे किसानों से सीधे खरीदकर उपभोक्ताओं को रियायती मूल्य पर बेचती हैं।

### राष्ट्रीय आंदोलन बना बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान

**जागरण, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान नारी सशक्तिकरण का राष्ट्रीय आंदोलन बन चुका है। इससे बेटियां और सशक्त बनकर उभरी है। अभियान के 11 वर्ष पूर्ण होने पर सीएम डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान ने बेटियों को देश-दुनिया की मुख्य धारा से जोड़ा है। इस ऐतिहासिक अभियान के अंतर्गत महिलाओं के अधिकार, सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर के लिए हम सभी प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं।

### मतदाता दिवसः पुलिसकर्मियों को दिलाई जाएगी शपथ

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर शुक्रवार को पीएचक्यू में में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। शासन के निर्देशानुसार 24 एवं 25 जनवरी को शासकीय अवकाश होने के कारण राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिनांक 23 जनवरी को सुबह 11 बजे दिलाई जाएगी। इस अवसर पर पुलिस मुख्यामलय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मौजूद रहने के निर्देश जारी किए गए हैं। गौरतलब है कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य नागरिकों में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं लोकतंत्र को सशक्त बनाना है।

### आनंद धाम ट्रस्ट की जांच कराने डीजीपी को पत्र

**विसं, भोपाल।** अनुसूचित जाति विभाग (कांग्रेस) प्रदीप अहिरवार ने मप्र के पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर आनंदपुर धाम ट्रस्ट की गतिविधियों की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। अहिरवार ने पत्र में कहा है कि धाम में आपराधिक व असंवैधानिक गतिविधियां चल रही हैं, लेकिन शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं की गई। आरोप लगाया है कि आनंदपुर धाम ट्रस्ट परिसर में बिना अनुमति के गुप्त तहखाने बनाए गए हैं। इनकी न तो नगर प्रशासन से अनुमति ली गई और न किसी विभाग को जानकारी दी गई। आशंका जताई है कि इन तहखानों का उपयोग अवैध गतिविधियों और लोगों को छिपाकर रखने जैसे गंभीर कृत्यों के लिए किया जा सकता है, जिसकी तत्काल जांच आवश्यक है। पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि आनंदपुर धाम ट्रस्ट के माध्यम से कुछ लोगों को पंजाब, कर्नाटक सहित अन्य राज्यों में भेजा गया, जहां उन्हें बिना किसी कानूनी प्रक्रिया और आधिकारिक रिकॉर्ड के रखा गया।

# नबीन की टीम में युवा बनाएंगे जगह, वरिष्ठों की होगी विदाई

## युवाओं के जरिए देश में अपनी पकड़ मजबूत बनाएगी भाजपा, वरिष्ठ नेताओं की बढ़ीं धड़कनें

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नितिन नबीन की ताजपोशी ने मध्यप्रदेश के उन वरिष्ठ नेताओं की धड़कनें बढ़ा दी हैं, जो पिछले कुछ दशक से पार्टी की राष्ट्रीय टीम में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते आ रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि इसमें कुछ नेताओं की जगह अगले लोकसभा चुनाव में युवाओं को मौका दिया जा सकता है। गौरतलब है कि भाजपा ने एक चौकाने वाले फैसले में 45 साल के बिहार के नेता नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाकर ये संदेश दिया है कि पार्टी अब युवाओं के जरिए देश में अपनी पकड़ को और मजबूत बनाएगी। इस निर्णय ने मध्यप्रदेश के उन नेताओं को अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर सोचने पर मजबूर कर दिया है, जो पिछले कई सालों से राष्ट्रीय स्तर पर बतौर संगठन के पदों पर या केन्द्र सरकार में मंत्री के रूप में अपनी उपस्थित दर्ज कराते आ रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि नितिन नबीन की नई टीम के लिए मध्यप्रदेश में नए चेहरों की तलाश भी शुरू हो गई है। जिन्हें वरिष्ठ नेताओं के विकल्प के तौर पर राष्ट्रीय टीम में शामिल किया जा सकता है।




### इन नेताओं की हो सकती है विदाई

#### सत्यनारायण जटिया



वरिष्ठ नेता सत्यनारायण जटिया पार्टी के कद्दावर नेताओं में से एक हैं। वे कई बार लोकसभा और राज्यसभा सदस्य के तौर पर मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वर्तमान में जटिया भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य के तौर पर काम कर रहे हैं।

#### सावित्री ठाकुर



अनुसूचित जन जाति वर्ग से आने वाली महिला नेत्री सावित्री ठाकुर केन्द्र सरकार में राज्य मंत्री हैं। वे पहले भी संगठन के अहम पदों पर रह चुकी हैं।

#### वीरेंद्र कुमार खटीक



अनुसूचित जाति वर्ग से आने वाले मौजूदा केन्द्रीय मंत्री खटीक टीकमगढ़ संसदीय सीट से सांसद हैं। वे पहले भी केन्द्र में मंत्री रहे, तो उनके पास संगठन का राष्ट्रीय स्तर पर दायित्व भी रहा है।

#### ओमप्रकाश धुर्वे



आदिवासी नेता ओमप्रकाश धुर्वे भाजपा संगठन की राष्ट्रीय टीम में हैं। पिछला विधानसभा चुनाव हारने के बाद उन्हें फिर से राज्य की राजनीति में सक्रिय किया जा सकता है। धुर्वे को निगम मंडल की कुर्सी थमाई जा सकती है, जिससे वे आदिवासी क्षेत्र में अपने वोट बैंक को संभाल सकें।

#### फग्गन सिंह कुलस्ते



अनुसूचित जनजाति वर्ग से आने वाले फग्गन सिंह कुलस्ते वर्तमान में सांसद हैं। वे पहले केन्द्र सरकार में मंत्री रहे हैं और उन्होंने संगठनात्मक तौर पर कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं।

#### लाल सिंह आर्य



मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री रहे लाल सिंह आर्य अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। नितिन नवीन के पदभार ग्रहण करने के बाद इस पद पर किसी नए नेता को बैठाया जा सकता है। कहा जा रहा है कि आर्य को पार्टी एक बार फिर से मध्यप्रदेश की राजनीति में सक्रिय कर सकती है। उन्हें या तो निगम मंडल देकर प्रदेश की मूल धारा में वापस लाया जाएगा या फिर उन्हें उनके ही विधानसभा सीट गोहद से टिकट देकर अगले विधानसभा चुनाव में मैदान पर उतारा जाएगा।

### इन नेताओं को मिल सकती है जिम्मेदारी

#### कैलाश जाटव



अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष रहे पूर्व विधायक कैलाश जाटव को लेकर चर्चा है कि उन्हें राष्ट्रीय टीम में शामिल किया जा सकता है। जाटव के कार्यकाल के दौरान अनुसूचित जाति मोर्चा ने संगठन को गढ़ने और मजबूत बनाने की दिशा में बेहतर काम किया है, जिसकी रिपोर्ट पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के पास है।

#### राहुल कोठारी



प्रदेश भाजपा महामंत्री राहुल कोठारी के बारे में माना जाता है कि कार्यशैली से राष्ट्रीय स्तर के नेता परिचित हैं। उनकी वरिष्ठ नेताओं से जीवंत संबंध और उनके राजनीतिक कार्यक्षेत्र में जनता के मध्य पकड़ ने उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की टीम में शामिल होने का रास्ता साफ किया है।

#### गौरव तिवारी



युवा मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री रहे गौरव तिवारी क्षेत्रीय संगठन मंत्री रहे सौदान सिंह की टीम में काम कर चुके हैं। तिवारी जब मंत्री थे, उस समय केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकरे राष्ट्रीय अध्यक्ष और मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन राष्ट्रीय महामंत्री थे। ऐसे में राष्ट्रीय टीम में गौरव तिवारी का दावा मजबूत माना जा रहा है।

#### अभिलाष पांडे



विधायक अभिलाष पांडे युवा मोर्चे के प्रदेशाध्यक्ष रहे हैं। उन्हें पूर्व प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा का समर्थक माना जाता है। यदि प्रदेश के महाकौशल से कोई सक्षम आदिवासी चेहरा नहीं मिला तो अभिलाष पांडे राष्ट्रीय टीम में शामिल हो सकते हैं।

#### आकाश विजयवर्गीय



पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय को भी इस आधार पर राष्ट्रीय टीम में शामिल किया जा सकता है कि उनके पिता कैलाश विजयवर्गीय की फिर से दिल्ली की राजनीति में वापसी नहीं होगी। उनकी विरासत के तौर पर आकाश टीम में शामिल हो सकते हैं।

#### भक्ती शर्मा



भाजपा की युवा टीम में भक्ती शर्मा भोपाल से लेकर दिल्ली तक पहुंच बनाए हुए हैं। तेज-तर्रार और अपने काम के प्रति समर्पित रहने वाली भक्ती को भी महिला कोटे से नई टीम में जगह दी जा सकती है।

# बीएलओ से बोले पटवारी-आपने गड़बड़ी की तो भाजपा नहीं लगा पाएगी हाथ



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने एसआईआर का काम देख रहे बीएलओ को चेतावनी दी कि यदि भाजपा नेताओं के इशारे पर काम किया, तो कांग्रेस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी, तब भाजपा के लोग हथेली लगाने नहीं आएंगे। पटवारी चुनाव आयोग से फार्म 7 को लेकर शिकायत करने के उपरांत पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। पटवारी ने कहा कि 11 लाख नाम तीन दिन में बढ़ाना और 3 लाख से 11 लाख हो जाना,अपने आपमें यह जताता है कि गड़बड़ी की गई है। उन्होंने कहा कि फार्म 7 के जरिए साजिश की जा रही है। फार्म 7 के अंतर्गत 50-50 वोटो की रक्षा के लिए मंत्रियों की ड्यूटी लगाई गई है। पटवारी ने कहा कि जब यह शुद्धिकरण है तो भाजपा के मंत्रियों की ड्यूटी क्यों लगाई गई है। भाजपा के लोग एससी, एसटी, ओबीसी, माइनॉरिटी के नाम कटवा रही है। फार्म 7 के अंतर्गत एक व्यक्ति एक आपत्ति ले सकता है लेकिन भाजपा के कार्यकर्ताओं ने 25-25 आपत्तियां दी हैं, जिसके प्रमाण हमने निर्वाचन आयोग को दिए हैं। कांग्रेस नेता ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अनियमितता मिली तो बीएलओ पर भी एफआईआर दर्ज होगी। आपने भाजपा का साथ दिया या नाम अवैध तरीके से जोड़ा या काटा तो आपके खिलाफ हम पुलिस में एफआईआर करेंगे। क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय ने ऐसे निर्देश असम और बिहार के संदर्भ में दिए है। लोगों को पता ही नहीं है और उनके नाम से ऑनलाइन फर्जी आपत्तियां चढ़ाई जा रही है। विशेषकर अल्पसंख्यक और आदिवासी क्षेत्र से ऐसा हो रहा है। भाजपा वोट चोरी करके चुनाव जीतना चाहती है। पटवारी ने कहा कि सरकार के मंत्री विश्वास सारंग की सीट और दक्षिण पश्चिम से एक-एक लाख वोट कम हुए जहां से मार्जिन इतना ही है। ऐसे में सवाल खड़े हो रहे है कि पिछले चुनाव में वे लोग जीते थे या फिर हारे थे। उन्होंने कहा कि हमने मुख्य निर्वाचन आयुक्त से कहा है कि यह गड़बड़ियों पर रोक लगाई जाए।

# भाजपा दफ्तर में हुई नई व्यवस्था, शिकायतों पर मंत्री के एक्शन की रिपोर्ट देखेंगे अध्यक्ष

## शिकायतों के बाद मंत्रियों को बनाया गया जवाबदेह, पदाधिकारी भी बैठेंगे

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश दफ्तर में कार्यकर्ताओं की समस्या सुनने वाले मंत्रियों को अब अपनी कार्यवाही के बारे में जानकारी लिखित रूप से प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को देनी होगी। ऐसा मंत्रियों को समस्याओं के निराकरण के लिए जवाबदेह बनाने के लिए किया गया है। सूत्रों की मानें तो कार्यकर्ताओं ने प्रदेश संगठन से शिकायत की थी कि कुछ मंत्रियों द्वारा उनके आवेदन पर महज औपचारिक पहल की गई है। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश सरकार और सत्ता संगठन की कामकाजी छोटी टोली के निर्णय के उपरांत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने मंत्रियों के माह में एक दिन भाजपा दफ्तर में बैठकर कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनने और उनका संभव होने पर फौरी तौर पर निराकरण करने का फरमान दिया था। इसके बाद पिछले लगभग दो माह से मंत्रियों ने भाजपा दफ्तर में बैठकर कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनने का सिलसिला प्रारम्भ किया। जानकारों की मानें तो पिछले दिनों कुछ कार्यकर्ताओं ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व के पास प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष तौर पर शिकायत दर्ज कराई कि कुछ मंत्रियों द्वारा उनकी समस्याओं का सही ढंग से निराकरण नहीं किया जा रहा है। मंत्री बंद कमरे में कुछ खास लोगों से चर्चा में व्यस्त रहते हैं और फिर कुछ कार्यकर्ताओं को बुलाकर उनकी समस्या सुनकर औपचारिक पहल करते हैं। कई बार विभागीय अधिकारियों द्वारा मंत्रियों के निर्देश व मार्क किए गए आवेदनों पर ध्यान नहीं दिया जाता, जिससे समस्याएं जस की तस बनी रहती हैं। भाजपा से जुड़े सूत्रों की मानें तो इस तरह की शिकायत के उपरांत प्रदेश भाजपा नेतृत्व ने नई व्यवस्था तय कर दी है। अब समस्या सुनने वाले मंत्रियों को उन्हें मिलने वाले आवेदन की विस्तृत रिपोर्ट और उस पर लिए गए निर्णयों की जानकारी सीधे प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को ऑनलाइन देनी होगी। इसके लिए प्रदेश दफ्तर प्रबंधन ने एक सहयोग सेल नाम का विशेष पोर्टल तैयार कराया है।



### अब पदाधिकारी भी बनेंगे जिम्मेदार

इधर भाजपा ने आवेदकों की शिकायत के बाद तय किया है कि मंत्रियों के साथ प्रदेश संगठन का एक पदाधिकारी भी बैठेगा। पदाधिकारी मंत्रियों के साथ प्रत्येक आवेदन पर मंथन करेंगे और मंत्रियों के निर्देशों का अनुपालन कराने में अपने स्तर पर मदद करेंगे। मंत्रियों के साथ पदाधिकारियों को भी अपनी रिपोर्ट प्रदेशाध्यक्ष को देनी होगी।

### बंद कमरे में सुनी समस्याएं

गुरुवार को एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप भाजपा दफ्तर में मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने बंद कमरे में कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुना। इधर कुछ कार्यकर्ता अपनी बारी का इंतजार करते देखे गए।

# प्लास्टिक प्रदूषण और माइक्रोप्लास्टिक से निपटने के लिए व्यापक कदम उठाएं

**एनजीटी ने राज्य शासन व नगर पालिकाओं को दिए निर्देश**

**जागरण, जबलपुर।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण, एनजीटी ने च्य शासन व नगर पालिकाओं को प्लास्टिक प्रदूषण और माइक्रोप्लास्टिक से निपटने के लिए व्यापक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 27 मार्च को नियत की है। मामला स्वतः संज्ञान आधारित सुनवाई से संबंधित है। एनजीटी ने निर्देश दिया है कि राज्य और जिला स्तर की समितियां प्लास्टिक कचरा और माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण की निगरानी करें। साथ ही चार सप्ताह के भीतर पर्यावरण सचिव को कार्रवाई की रिपोर्ट जमा करें। राज्य शासन कलेक्टरों को निर्देशित करें। मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और क्षेत्रीय अधिकारी अपनी जिम्मेदारी पूरी करें। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, रीवा और उज्जैन नगर निगम इस सिलसिले में समुचित गंभीरता का परिचय दें। एनजीटी ने स्वास्थ्य और पर्यावरण पर प्लास्टिक और माइक्रोप्लास्टिक के खतरे को गंभीरता से लिया। एनजीटी ने पाया कि अकेले भोपाल में 50 से अधिक अवैध प्लास्टिक रीसाइक्लिंग यूनिटें लगभग दो लाख नागरिकों के लिए गंभीर जोखिम उत्पन्न कर रही हैं। लिहाजा, माइक्रोप्लास्टिक हटाने की तकनीकों का मूल्यांकन होना चाहिए। वर्तमान तकनीकों का भी परीक्षण और मूल्यांकन आवश्यक है। वायु, जल और मिट्टी से माइक्रोप्लास्टिक हटाने के लिए नई तकनीकों का विकास होना चाहिए। वस्त्र, टायर, डिटर्जेंट, सड़क सतह और अन्य उत्पादों के टिकाऊ डिजाइन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। व्यक्तिगत देखभाल और कास्मेटिक उत्पादों में माइक्रोप्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया चाहिए।

### भोपाल-देवास हाईवे पर वैक्यूम से होगी सफाई

**भोपाल।** भोपाल-देवास हाईवे पर वैक्यूम मशीन के जरिए सफाई होगी। इसके लिए मप्र सड़क विकास निगम ( एमपीआरडीसी) और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के बीच एमओयू हुआ है। स्टेट हाईवे पर कचरा संग्रहण एवं प्रबंधन को लेकर एक समझौता ज्ञापन पर गुरुवार को हस्ताक्षर किए गए। यह एमओयू पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव एवं विकास आयुक्त दीपाली रस्तोगी की उपस्थिति में एमपीआरडीसी के प्रबंध संचालक भरत यादव और ग्रामीण विकास विभाग के संचालक छोटे सिंह ने संपादित किया।

### भोपाल से सिंगरौली और रीवा जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों में कोच बढ़ाए गए

**नगर संवाददाता, भोपाल।** यात्रियों की सुविधा को देखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल ने भोपाल से सिंगरौली और रीवा जाने वाली दो एक्सप्रेस ट्रेनों में एक-एक सामान्य श्रेणी कोच स्थायी रूप से बढ़ाने का फैसला किया है। कोच संयोजन तय तिथियों से लागू होगा, जिससे सामान्य श्रेणी के यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। रेलवे के अनुसार कोच बढ़ने से यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी और यात्रा के दौरान भीड़ का संतुलित प्रबंधन हो सकेगा। गाड़ी संख्या 22165/22166 भोपाल-सिंगरौली-भोपाल एक्सप्रेस में संशोधित कोच संयोजन 24 मार्च और 27 मार्च से प्रभावी रहेगा। जबकि गाड़ी संख्या 22145/22146 भोपाल-रीवा-भोपाल एक्सप्रेस में यह व्यवस्था 27 मार्च और 28 मार्च से लागू होगी। संशोधन के बाद दोनों ट्रेनों में कुल 24 कोच रहेंगे। इनमें 5 सामान्य श्रेणी कोच, 10 स्लीपर, 4 थर्ड एसी, 1 द्वितीय श्रेणी एसी, 1 प्रथम श्रेणी एसी, 1 प्रथम कम द्वितीय श्रेणी एसी और 2 एसएलआर कोच शामिल होंगे। रेलवे ने यात्रियों से यात्रा से पहले ट्रेन के कोच संयोजन की जानकारी वेबसाइट, एनटीईएस, रेल मदद 139 या पूछताछ केंद्र से प्राप्त कर सकते हैं।

# आईटीआई ट्रेनिंग ऑफिसर भर्ती परीक्षा 27 फरवरी को

## उम्मीदवार 31 तक कर सकते हैं आवेदन

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) ने आईटीआई ट्रेनिंग ऑफिसर भर्ती परीक्षा-2026 का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के तहत एक हजार 120 पदों पर भर्ती परीक्षा 27 फरवरी को होगी। इसके आवेदन की 31 जनवरी तक जमा होंगे। पूर्व में यह परीक्षा 18 जनवरी से शुरू होनी थी, जो समय पर नोटिफिकेशन नहीं आने के कारण नहीं हो सकी है। ईएसबी ने नोटिफिकेशन मिलने के बाद आवेदन की तिथि खोल दी है। इससे पदों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। पूर्व में पदों की संख्या 888 थी, जो बढ़कर एक हजार 120 हो गई है। विज्ञापित पदों में बैकलॉग के पद भी शामिल हैं। मैकेनिक डीजल, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, रेफ्रिजरेशन तथा एयर कंडीशनर मैकेनिक, ड्राफ्ट्समैन सिविल, इलेक्ट्रिशियन जैसे 25 से अधिक ट्रेड के लिए वैकेंसी है। हर ट्रेड के लिए अलग-अलग पद विज्ञापित किए गए हैं। सबसे ज्यादा पद इलेक्ट्रिशियन के लिए 227, कोपा के लिए 132 और इंजीनियरिंग ड्राइंग/गणित के लिए 147 हैं।

### आधा दर्जन परीक्षा से होगी 4,344 पदों पर भर्ती

आईटीआई ट्रेनिंग ऑफिसर के अलावा ईएसबी द्वारा 2026 में करीब 9 भर्ती परीक्षाएं और करायी जाएंगी। इनमें आधा दर्जन भर्ती परीक्षाओं के लिए अनुमानित पदों की संख्या भी बता दी गई है। इनमें से करीब चार हजार 344 पद विज्ञापित हो सकते हैं। संबंधित विभागों से ईएसबी के पास उक्त पदों के लिए परीक्षा कराने की मांग पहुच गई है।

### प्रस्तावित भर्ती परीक्षाएं

| भर्ती का नाम | प्रस्तावित पद | परीक्षा तारीख |
|---|---|---|
| समूह-5 संयुक्त भर्ती क्षेत्ररक्षक, जेल प्रहरी, सहायक | 100 | फरवरी |
| जेल अधीक्षक | 1426 | मार्च |
| अस्पताल सहायक (चतुर्थ श्रेणी) | 1287 | मार्च |
| समूह-2 उपसमूह-4 | 500 | अप्रैल |
| समूह-3 उपयंत्री | 900 | अप्रैल |
| समूह-2 उपसमूह-2 | 131 | सितंबर |
| समूह-1 उपसमूह-1 | 00 | अक्टूबर |
| समूह-2 उपसमूह-1 | 00 | अक्टूबर |
| पुलिस आरक्षक | 00 | अक्टूबर |

### स्पीकर तोमर पहुंचे अयोध्या,किए रामलला के दर्शन

**विसं भोपाल।** विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने गुरुवार को अयोध्या में भगवाल श्रीराम के दर्शन किए। उन्होंने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर हनुमान गढ़ी सहित दूसरे धार्मिक स्थलों में भी पूजा अर्चना की। तोमर इन दिनों उत्तर प्रदेश के प्रवास पर है। गुरुवार को अयोध्या में मंदिर समिति एवं महंत पुजारी जनों से विधि विधान से पूजा कराई। तोमर ने कहा कि राम मंदिर की भव्यता एवं सुंदरता को निखारने में रामायण के पात्रों को भव्य पत्थर की सिलाओ के ऊपर हजारों शिल्पकारों द्वारा नक्काशी के साथ निर्माण कराया है। आने वाली पीढ़ियां हमेशा याद करेंगी। उन्होंने विकास कार्यों को भी वारिकी से देखा जिस तरह से स्थानीय नागरिकों ने जात-पात से ऊपर उठकर संपूर्ण अयोध्या नगरी को भगवा मय बनाया है इसके लिए अयोध्या के नागरिकों की कड़ी मेहनत के कारण ही संभव हुआ है ।

**गणतंत्र दिवस** — सीमावर्ती जिलों में नाकाबंदी, होटल, लॉज की चैकिंग शुरू

# एमपी में हाई अलर्ट, स्टेशन, बस स्टैंड व एयरपोर्ट पर पहरा बढ़ा



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** गणतंत्र दिवस के मद्देनजर केंद्र सरकार ने मध्यप्रदेश सहित सभी राज्य सरकारों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। केंद्र ने इसके लिए राज्यों को एडवायजरी जारी की है। इसके बाद मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने भी पूरे प्रदेश में पुलिस को हाई अलर्ट पर रहने को कहा है। केंद्र ने प्रदेश सरकारों को निर्देश दिए हैं कि सभी सार्वजनिक स्थलों, संवेदनशील इलाकों और भीड़भाड़ वाली जगहों पर सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखा जाए। हालांकि गणतंत्र दिवस को लेकर हर साल इस तरह की एडवाइजरी जारी की जाती है, लेकिन इस बार दिल्ली में मिले एक खुफिया इनपुट के बाद इस एडवाइजरी को अहम माना जा रहा है। गुरुवार से ही मध्यप्रदेश के प्रमुख शहरों भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर के रेलवे स्टेशनों, हवाई अड्डों और बस स्टैंडों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इसके साथ ही रेलवे स्टेशनों और परिसरों में जीआरपी और आरपीएफ की टीमों को डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ते के हर आने-जाने वाले की सर्चिंग एवं यात्रियों के सामान की मेटल डिटेक्टर से जांच की जा रही है। इसके अलावा संदिग्धों की पहचान के लिए पुलिस टीमें प्रदेश भर में होटलों, लॉज और धर्मशालाओं में सर्चिंग अभियान चलाएगी। इस दौरान होटल संचालकों को हिदायत दी गई है कि किसी भी व्यक्ति को बिना वैध पहचान पत्र (आईडी प्रूफ) के कमरा न दिया जाए और संदिग्ध की जानकारी तत्काल स्थानीय थाने को दी जाए।

### बाहरी प्रदेशों से आने वाले वाहनों की जांच शुरू

इस एडवाइजरी के बाद अन्य राज्यों से सटे प्रदेश के सीमावर्ती जिलों और शहरों के एंट्री पॉइंट्स पर पुलिस बल तैनात कर नाकाबंदी की गई है। इस दौरान बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों की बारीकी से जांच की जा रही है। विशेष रूप से रात के समय गश्त बढ़ा दी गई है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सके। इस मामले में पीएचक्यू से अधिकारी भी पल-पल की रिपोर्ट ले रहे हैं। सभी जिलों के एसपी को कहा गया है कि पुलिस सीसीटीवी कैमरों के जरिए प्रमुख चौराहों और बाजारों की निगरानी करे। इसके साथ ही सादी वर्दी में भी पुलिसकर्मियों को फील्ड में तैनात किया गया है। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

### दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में दिखेगी अहिल्याबाई की झांकी

गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली के लाल किला के मुख्य आयोजन में मध्यप्रदेश की झांकी भी दिखाई देगी। इस बार यह झांकी लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के जीवन को प्रदर्शित करेगी। नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड-2026 में मध्यप्रदेश की भव्य झांकी शामिल होगी । लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर बनाई गई इस झांकी में उनके गौरवशाली व्यक्तित्व, सुशासन, आत्मनिर्भरता, नारी सशक्तीकरण और सांस्कृतिक संरक्षण को सशक्त रूप से प्रदर्शित किया जायेगा। झाँकी के साथ चलते लोक कलाकारों का पारंपरिक नृत्य, इस प्रस्तुति को जीवंत, रंगीन और भावनात्मक रूप से प्रभावशाली बनाता है।

## संक्षिप्त समाचार

लालकिला आतंकी हमला

### दिल्ली पुलिस को सुप्रीम कोर्ट ने दिया नोटिस

**नई दिल्ली, जेएनएन।** करीब ढाई दशक पहले दिल्ली के लाल किले की दीवारों के भीतर हुई गोलियों की गूंज अब भी लोगों के ज़ेहन में ताज़ा है। अब एक बार फिर वही मामला चर्चा में है। 2000 के बहुचर्चित लाल किला आतंकी हमले में दोषी करार दिए गए मोहम्मद आरिफ उर्फ अशफाक को लेकर कानूनी हलचल तेज हो गई है। सुप्रीम कोर्ट ने उसकी क्यूरेटिव याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है, जिससे यह मामला फिर राष्ट्रीय बहस का मुद्दा बन गया है। अशफाक की पुनर्विचार याचिका और क्यूरेटिव याचिका पहले ही खारिज हो चुकी थीं। यहां तक कि राष्ट्रपति के पास दायर की गई दया याचिका से भी उसे कोई राहत नहीं मिली थी।

### सांसद के भतीजे ने पत्नी को मारी गोली

**अहमदाबाद, जेएनएन।** गुजरात से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद शक्तिसिंह गोहिल के भतीजे यशराज सिंह गोहिल ने पत्नी की गले में गोली लगने से हुई मौत के बाद आत्महत्या कर ली। यशराज की शादी दो महीने पहले ही हुई थी। पुलिस के मुताबिक यशराज ने बुधवार रात 11.45 बजे 108 पर कॉल करके एंबुलेंस को बुलाया था। कॉल में यशराज ने पत्नी राजेश्वरी के घायल होने की बात कही थी। मौके पर पहुंची मेडिकल टीम ने राजेश्वरी को मृत घोषित कर दिया। इससे पहले यशराज ने एंबुलेंस टीम को बताया कि उससे लाइसेंसी पिस्टल से गलती से गोली चल गई थी, जो सीधे पत्नी के गले में जा लगी। मेडिकल टीम जब राजेश्वरी का शव एंबुलेंस में रखने के लिए बाहर गई, तभी यशराज ने कमरे में जाकर खुद को भी गोली मार ली।

### बजट सत्र से पहले केंद्र ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आगामी बजट सत्र से पहले संसद के दोनों सदनों के फ्लोर लीडरों की 27 जनवरी को एक सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक संसद की मुख्य समिति कक्ष में होगी। सरकार इस बैठक में महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों और विधायी कार्यों पर चर्चा करेगी जो आने वाले सत्र में सदनों के सामने आएंगे। बता दें कि बजट सत्र 28 जनवरी से शुरू होगा और एक ब्रेक के साथ 2 अप्रैल तक चलेगा। बजट सत्र का पहला चरण 28 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा, जबकि दूसरा चरण 9 मार्च से 2 अप्रैल तक। इस दौरान कुल 30 बैठकें होने की उम्मीद है। 2026-27 का केंद्रीय बजट 1 फरवरी को पेश किया जाएगा। सत्र की शुरुआत भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों को संबोधित करके होगी।

### गोवा नाइटक्लब केस पूर्व सरपंच का सरेंडर

**पणजी, जेएनएन।** गोवा के अरपोरा गांव के पूर्व सरपंच रोशन रेडकर ने हाईकोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद स्थानीय अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। रोशन पिछले साल बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब में लगी आग के समय गांव के सरपंच थे। मुंबई उच्च न्यायालय की गोवा पीठ द्वारा रोशन रेडकर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज किए जाने के एक दिन बाद, उन्होंने न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। अरपोरा-नागोवा पंचायत के पूर्व सरपंच और पंचायत सचिव रघुवीर बागकर सहित अन्य लोगों के खिलाफ कथित तौर पर नाइट क्लब के लिए लाइसेंस दिलाने में मदद करने के आरोप में अंजुना पुलिस ने मामला दर्ज किया है। रेडकर ने सर्वप्रथम मापुसा स्थित अतिरिक्त जिला न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दायर की, लेकिन न्यायालय ने उनकी याचिका खारिज कर दी। उन्होंने उच्च न्यायालय में इस आदेश को चुनौती दी, जहां उन्हें राहत नहीं मिली। नाम सामने आने के बाद सरपंच पद से अयोग्य घोषित कर दिया।

# ऑस्कर 2026 की रेस से बाहर हुई बॉलीवुड फिल्म 'होमबाउंड'

## सिनर्स, वन बैटल ऑफ्टर अनदर और फ्रैंकेस्टीन को मिले सबसे ज्यादा नॉमिनेशन



**नई दिल्ली, जेएनएन।** ऑस्कर 2026 के नॉमिनेशन का ऐलान गुरुवार को किया गया। 97वें एकेडमी अवॉर्ड्स के नॉमिनेशन भारतीय समय के मुताबिक शाम 7 बजे सामने आए। इस बार भारतीय दर्शकों की नजर फिल्म 'होमबाउंड' पर थी, लेकिन यह फिल्म फाइनल नॉमिनेशन लिस्ट में जगह नहीं बना पाई। बता दें कि ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी 15 मार्च को होगी। नीरज घेवाण के निर्देशन में बनी 'होमबाउंड' भारत की ऑफिशियल एंट्री थी। फिल्म में विशाल जेठवा और ईशान खट्टर ने अहम किरदार निभाए हैं। यह फिल्म ऑस्कर की टॉप 15 शॉर्टलिस्ट में जरूर पहुंची, लेकिन टॉप 5 नॉमिनेटेड फिल्मों में शामिल नहीं हो सकी। अगर यह फिल्म चुनी जाती, तो आमिर खान की फिल्म 'लगान' के बाद यह पहली भारतीय फिल्म होती, जो इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटेगरी में नॉमिनेट होती। बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटेगरी में दुनिया भर की 15 फिल्मों में से महज 5 को नॉमिनेशन मिला। इनमें 'द सीक्रेट एजेंट' (ब्राजील), 'इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट' (फ्रांस), 'सेंटिमेंटल वैल्यू' (नॉर्वे), 'सिरात' (स्पेन) और 'द वॉइस ऑफ हिंद रजब' (ट्यूनीशिया) शामिल हैं। हॉलीवुड में कई बड़ी फिल्मों ने ध्यान खींचा है। पॉल थॉमस एंडरसन की 'वन बैटल आफ्टर अनदर' और रयान कूगलर की 'सिनर्स' को कई नॉमिनेशन मिले हैं।



### होमबाउंड ने कमाईं उपलब्धियां

होमबाउंड बेशक ऑस्कर जीतने से चूक गई, पर इसने अपने नाम कई उपलब्धियां दर्ज की हैं। यह फिल्म साल 2025 में पीपल्स चॉइस अवॉर्ड्स में सेकंड रनर-अप रही थी। इसे कान फिल्म फेस्टिवल में खूब सराहा गया था और जमकर तारीफें हुई थीं। साथ ही टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में भी होमबाउंड का डंका बजा था

### भारतीय-अमेरिकी फिल्ममेकर को दो नॉमिनेशन

भारतीय-अमेरिकी फिल्ममेकर गीता गंधभीर को ऑस्कर 2026 में दो ऑस्कर नॉमिनेशन मिले हैं। गीता को उनकी शॉर्ट फिल्म द डेविल इज बिजी के लिए बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट कैटेगरी में नॉमिनेशन मिला है। वहीं उनकी दूसरी फिल्म द परफेक्ट नेबर को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फीचर कैटेगरी में जगह मिली है।




### सर्वाधिक नॉमिनेशन का रिकार्ड 'सिनर्स' के नाम

98वें ऑस्कर की नॉमिनेशन लिस्ट सामने आते ही 'सिनर्स' ने अपने सबसे बड़ा रिकॉर्ड नाम कर लिया है। 16 नॉमिनेशन के साथ 'सिनर्स' ऑस्कर के इतिहास में सबसे ज्यादा नॉमिनेशन पाने वाली फिल्म गई है। इससे पहले यह रिकॉर्ड 14 नामांकनों का था, जो संयुक्त रूप से तीन फिल्मों के नाम था। इन तीन फिल्मों में 'ऑल अबाउट ईव' (1950), 'टाइटैनिक' (1997) और 'ला ला लैंड' (2016) जैसी फिल्मों के नाम शामिल हैं।

### लगान के बाद कोई भी फिल्म नहीं जीत सकी ऑस्कर

साल 2001 में आमिर खान की फिल्म लगान ने बेस्ट फीचर फिल्म का ऑस्कर अवॉर्ड जीता था, और तभी से इस कैटिगरी में अन्य कोई भारतीय फिल्म नहीं जीत पाई थी। अब होमबाउंड से उम्मीदें थीं, पर ये धाराशायी हो गई हैं। होमबाउंड को नीरज घेवान ने डायरेक्ट किया था। फिल्म में शाहिद कपूर, जान्हवी कपूर और विशाल जेठवा लीड रोल में हैं। फिल्म की हर तरफ खूब तारीफ हुई और दुनियाभर में इसे खूब पसंद किया गया। पर यह ऑस्कर्स में नॉमिनेशन नहीं पा सकी। 2023 में भारत की ओर से आरआरआर के गाने नाटू नाटू ने ऑस्कर जीता था। उसी साल द एलीफेंट व्हिस्परर्स को भी अवॉर्ड मिला था।

# ट्रंप ने बोर्ड ऑफ पीस लॉन्च किया 60 देशों के भेजा न्यौता, 20 पहुंचे

## हस्ताक्षर समारोह में भारत से कोई नहीं, अमेरिका के सहयोगी यूरोपीय देश भी रहे गायब

**दोहा, जेएनएन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को दावोस में जंग सुलझाने के लिए बनाए गए बोर्ड ऑफ पीस को लॉन्च किया। उन्होंने कहा कि इस बोर्ड का शुरुआती मकसद गाजा में हुए युद्धविराम को मजबूत करना है, लेकिन आगे चलकर यह दूसरे ग्लोबल विवादों में भी भूमिका निभा सकता है। व्हाइट हाउस ने इस बोर्ड में शामिल होने के लिए 60 देशों को न्योता भेजा था, लेकिन सिर्फ 20 देश ही हस्ताक्षर समारोह में मौजूद रहे। इसमें पाकिस्तान पीएम शहबाज शरीफ के अलावा सऊदी अरब, कतर,यूएई, अर्जेंटीना और पराग्वे के नेता मौजूद थे। भारत से कोई हस्ताक्षर समारोह में शामिल नहीं हुआ। वहीं अमेरिका के सहयोगी माने जाने वाले ज्यादातर यूरोपीय देश भी इस समारोह से गायब रहे। उधर डेनमार्क इस समय एक अजीब और मुश्किल हालात में फंसा हुआ है। उसका सामना किसी दुश्मन देश से नहीं, बल्कि अपने ही सहयोगी देश अमेरिका से है। राष्ट्रपति ट्रम्प ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की कई धमकियां दे चुके हैं। ग्रीनलैंड आधिकारिक तौर पर डेनमार्क का हिस्सा है और वह भी अमेरिका की तरह नाटो मेंबर है।




### बोर्ड ऑफ पीस क्या है?

ट्रम्प ने पहली बार पिछले साल सितंबर 2025 में गाजा युद्ध खत्म करने की योजना पेश करते हुए इस बोर्ड का प्रस्ताव रखा था। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक अमेरिका ने करीब 60 देशों को पिछले हफ्ते दुनिया के नेताओं को भेजे गए न्योते में बताया गया कि इस बोर्ड की भूमिका सिर्फ गाजा तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि यह वैश्विक स्तर पर संघर्षों को सुलझाने में भी काम करेगा। भेजे गए एक मसौदा (चार्टर) में कहा है कि जो देश तीन साल से ज्यादा समय तक इस बोर्ड का सदस्य बनना चाहते हैं, उन्हें 1 अरब डॉलर का योगदान देना होगा।

### खुद ट्रंप बोर्ड के होंगे अध्यक्ष

ट्रम्प खुद इस बोर्ड के अध्यक्ष होंगे। वे चाहते हैं कि यह बोर्ड सिर्फ गाजा के युद्धविराम तक सीमित न रहे, बल्कि दूसरे मुद्दों पर भी काम करे। हालांकि, इससे कुछ देशों को चिंता है कि इससे ग्लोबल डिप्लोमेसी में यूएन की भूमिका कमजोर हो सकती है। ट्रम्प ने कहा कि जब यह बोर्ड पूरी तरह बन जाएगा, तब यह बड़े फैसले ले सकेगा और जो भी काम होगा, वह यूएन के सहयोग से किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यूएन में बहुत क्षमता है, लेकिन उसका अब तक पूरा इस्तेमाल नहीं हो पाया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्यों में से अमेरिका के अलावा किसी भी देश ने अभी तक इस बोर्ड में शामिल होने की पुष्टि नहीं की है।

### 8 इस्लामिक देश सहमत

ट्रम्प के बनाए गाजा 'बोर्ड ऑफ पीस' में 8 इस्लामिक देशों ने शामिल होने पर सहमति जताई है। इन देशों में कतर, तुर्किये, मिस्र, जॉर्डन, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। इन देशों के विदेश मंत्रियों ने कतर की राजधानी दोहा संयुक्त बयान इसका ऐलान किया। बयान में कहा गया है कि सभी देशों ने बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने का साझा फैसला लिया है।

### पुतिन गाजा पीस बोर्ड में शामिल होंगे : ट्रंप का दावा

ट्रम्प का दावा है कि पुतिन गाजा पीस बोर्ड में शामिल होने पर सहमत हो गए हैं। पत्रकारों से बातचीत में ट्रम्प ने कहा कि पुतिन को न्योता दिया गया था और उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया है। दूसरी तरफ पुतिन ने कहा है कि बोर्ड में औपचारिक भागीदारी पर अंतिम फैसला रणनीतिक साझेदारों से सलाह के बाद ही लिया जाएगा।

### ट्रंप का यू-टर्न, यूरोपीय देशों पर 10% टैरिफ नहीं

**दावोस, जेएनएन।** राष्ट्रपति ट्रंप यूरोपीय देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने से पीछे हट गए हैं। ये टैरिफ 1 फरवरी से लगाने वाले थे। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने दावोस में नाटो चीफ जनरल मार्क रुट के साथ बातचीत के बाद यह फैसला लिया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उनकी नाटो चीफ के साथ ग्रीनलैंड को लेकर होने वाले समझौते की बुनियादी बातें तय हो गई हैं। अगर यह समझौता पूरा होता है, तो यह अमेरिका और नाटो के सभी देशों के लिए फायदेमंद होगा। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका, नाटो और दूसरे देश मिलकर पूरे आर्कटिक क्षेत्र की सुरक्षा पर काम करेंगे।

भारत की खनिज रणनीति में बड़ा दांव

# 300 बेहद जरूरी खनिजों के लिए नया प्रोजेक्ट

*भारत की ऊर्जा, इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी), रक्षा और हाई-टेक इंडस्ट्री की जरूरतों को देखते हुए केंद्र सरकार ने महत्वपूर्ण और रणनीतिक रूप से जरूरी खनिजों की खोज तेज करने का फैसला किया है। 300 नए प्रोजेक्ट हाथ में लिए हैं खनन मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2026-27 में भारतीय पुरातत्व सर्वे के जरिये*



**उद्देश्य** सरकार का यह लक्ष्य खनिज सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना है।

**65** वीं सीजीपीबी की बैठक में लिया गया है यह फैसला

**01** साल के भीतर पूरा करने का लक्ष्य है सक्रिय फील्ड सीजन

### इन क्षेत्रों में काम आते हैं जरूरी खनिज

- **ईवी बैटरी:** लिथियम, कोबाल्ट, निकेल
- **सोलर/विंड:** रेयर अर्थ, सिलिकॉन आधारित सामग्री
- **डिफेंस टेक:** टाइटेनियम, रेयर अर्थ, विशेष मिश्र धातुएं
- **इलेक्ट्रॉनिक्स:** ग्रेफाइट, रेयर अर्थ मैग्नेट्स, कॉपर

### खोज की प्रक्रिया

- **मैपिंग:** इस चरण में संभावित क्षेत्रों की पहचान की जाएगी।
- **ड्रिलिंग और एनालिसिस:** जमीन के भीतर नमूनों की जांच होगी।
- **पिटिंग:** छोटे गड्ढे बनाकर सतही सैंपल लिए जाएंगे।
- **ट्रेंचिंग:** लंबी खाइयों के जरिए परतों का अध्ययन किया जाएगा।

### अब साल भर चलते रहेंगे प्रोजेक्ट

खनन सचिव के मुताबिक, जीएसआई अब सालाना अप्रूवल के बजाय लगातार रोलिंग आधार पर साल भर निर्देश जारी करता रहेगा और नई साइट्स पर खनन जारी रहेगा।



# नाना को आया गुस्सा, ओ रोमियो का ट्रेलर लॉन्च इवेंट छोड़कर गए

**मुंबई, जेएनएन।** बुधवार को शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी स्टारर फिल्म ओ रोमियो का ट्रेलर लॉन्च इवेंट रखा गया था। सीनियर एक्टर नाना पाटेकर भी फिल्म का हिस्सा हैं। वो भी ट्रेलर लॉन्च इवेंट में पहुंचे थे, हालांकि जब लीड एक्टर्स शाहिद और तृप्ति ने आने में देर कर दी तो नाना पाटेकर नाराज होकर इवेंट से निकल गए। रिपोर्ट के अनुसार, ट्रेलर लॉन्च इवेंट बुधवार दोपहर 12 बजे शुरू होना था। नाना पाटेकर समय के पाबंद हैं। वो ठीक 12 बजे तैयार होकर इवेंट में पहुंच गए थे, हालांकि शाहिद कपूर और तृप्ति नहीं पहुंचे थे। नाना पाटेकर ने करीब एक घंटे तक इवेंट शुरू होने का इंतजार किया, लेकिन जब लीड स्टार्स तब भी नहीं पहुंचे तो नाना पाटेकर गुस्से में इवेंट छोड़कर निकल गए। नाना का इवेंट से निकलते हुए एक वीडियो सामने आया है, जिसमें फिल्म की टीम उन्हें रोकती नजर आ रही है। हालांकि एक्टर गुस्से में बार-बार घड़ी दिखाते हुए समय का हवाला देते हुए दिखे हैं।




### क्या बोले सोशल मीडिया यूजर्स?

इस वीडियो पर सोशल मीडिया यूजर्स के रिएक्शन भी आए हैं। एक यूजर ने लिखा- बहुत अच्छे से हैंडल किया, लेकिन मुझे हैरानी नहीं होगी अगर ये एक पीआर स्टंट हुआ। एक दूसरे यूजर ने लिखा- बुरा इस बात का लगना चाहिए कि एक घंटा देरी हुई। ये प्रोफेशनल नहीं है। एक ने लिखा- इससे ज्यादा कुछ बोल भी नहीं सकते हैं नाना पाटेकर को।

ऑस्ट्रेलिया के नक्शे कदम पर चलेगा आंध्र प्रदेश

# 16 साल से कम के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर बैन की तैयारी

**नई दिल्ली, जेएनएन। ऑस्ट्रेलिया** में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया चलाने पर बैन लगा दिया गया है। ऑस्ट्रेलियाई सरकार के इस कदम की पूरी दुनिया में सराहना हो रही है। अब आंध्र प्रदेश सरकार भी ऑस्ट्रेलिया के नक्शे कदम पर चलने की तैयारी कर रही है। आंध्र प्रदेश की नायडू सरकार इस पर विचार कर रही है। राज्य के तकनीकी और मानव संसाधन मंत्री नारा लोकेश ऑस्ट्रेलियाई सरकार के फैसले पर अध्ययन कर रहे हैं। स्विट्जरलैंड के दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की वार्षिक बैठक में नारा लोकेश ने कहा, ऑस्ट्रेलिया ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर बैन लगाया था। हम इस फैसले का अध्ययन कर रहे हैं। हमारा मानना है कि बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर सख्त कानून बनाने की आवश्यकता है। नारा लोकेश का कहना है कि एक तय उम्र तक बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रहना चाहिए, क्योंकि जरूरी नहीं है जो वो देख रहे हैं, वो उनकी समझ में आए।



### भारत में क्या है नियम

भारत में बच्चों को सोशल मीडिया इस्तेमाल करने देना है या नहीं, ये फैसला पेरेंट्स लेते हैं। केंद्र सरकार या राज्य सरकार की तरफ से अभी तक इसपर कोई रोक-टोक नहीं है।

# सिर पर गमछा कंधे पर कुदाल रख बोले राहुल वीबी जीरामजी जुमला, गरीबों के हक पर हमला



**नई दिल्ली, जेएनएन।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नई दिल्ली में कहा कि वे वीबी जीराम जुमला बिल के बारे में नहीं जानते। 'वीबी जीराम जुमला' जुमला है, गरीबों के हक पर हमला है। राहुल ने गरीबों से अपील की कि वे इस नए बिल के विरोध में एकजुट हों। राहुल रचनात्मक कांग्रेस के राष्ट्रीय मनरेगा श्रमिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में राहुल और खड़गे ने सिर पर गमछा बांधा, कंधे पर कुदाल रखी और देशभर से मजदूरों की लाई मिट्टी पौधों में डाली। सम्मेलन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को आरोप लगाया कि सरकार का मनरेगा को निरस्त करना महात्मा गांधी के नाम को लोगों की स्मृति से मिटाने की कोशिश है। पार्टी संसद के आगामी बजट सत्र में इस मुद्दे को मजबूती से उठाएगी। राहुल ने कहा कि मनरेगा गरीबों को अधिकार देने के लिए लाई गई योजना थी। इसका उद्देश्य जरूरतमंदों को काम देना था। यह योजना सरकार के तीसरे स्तर यानी पंचायती राज के माध्यम से चलाई जानी थी।

चर्चा में

जुड़वां भाइयों को डेट कर रही महिला, परिवार की सहमति से तीनों साथ रह रहे

# ...प्रेग्नेंट हुई तो बच्चे का कराऊंगी डीएनए टेस्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पूर्वोत्तर थाईलैंड की एक महिला, जो एक ही समय में दो जुड़वां भाइयों के साथ डेटिंग कर रही है। इन्हें साथ रहने के लिए अपने-अपने परिवार से भी अनुमति मिल चुकी है। तीनों एक साथ रहते हैं और अक्सर महिला दोनों भाईयों के बीच बैठी या सोई अपने रोमांटिक पलों की तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा करती रहती है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, थाईलैंड के नाखोन फानोम की 24 साल की युवती, जिसका नाम फाह है ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपने अपरंपरागत रिश्ते के बारे में जानकारी शेयर कर काफी सुर्खियां बटोरी हैं। फाह, जो एक साल से पहले किसी रिश्ते की तलाश में थी, जब तक कि जुड़वा भाईयों, सुआ और सिंग ने उससे संपर्क नहीं किया था। छोटे जुड़वां भाई सुआ ने बताया कि उसने सबसे पहले फाह को मैसेज किया और बाद में अपने भाई को उससे संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित किया।

पिता की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट




दोनों भाईयों से एक साथ डेटिंग

तीनों ने तब डेटिंग शुरू की जब फाह अपनी पढ़ाई पूरी कर रही थी। दोनों के परिवार वालों ने इस रिश्ते को सपोर्ट किया। थाई मीडिया आउटलेट खाओसोद के अनुसार, जुड़वां भाई फाह से एक साल छोटे हैं और कृषि मशीनरी सेवाओं में काम करते हैं। फाह ने अपने रिश्ते को स्थिर और संतोषजनक बताया और कहा कि वे अपने रिश्ते की शुरुआत से ही एक ही बिस्तर साझा कर रहे हैं, जिसमें वह आमतौर पर बीच में होती है। उन्होंने मीडिया से कहा कि यौन जीवन किसी भी रिश्ते का स्वाभाविक हिस्सा है। हम इसे पहले से तय नहीं करते, हम बस अपनी सुविधा के अनुसार आगे बढ़ते हैं। खबरों के मुताबिक, फाह एक रेस्टोरेंट में काम करती है, जहां वह ग्राहकों को खाना परोसने से लेकर रसोई में मदद करने तक सब कुछ संभालती है। वह महीने में 10,000 बात (320 अमेरिकी डॉलर) से अधिक कमाती है। वह और उसके दोनों प्रेमी पहले उसके कार्यस्थल के पास एक हॉस्टल में रहते थे। फाह ने बताया कि तीनों मिलकर दैनिक जिम्मेदारियां संभालते हैं और परिवार का भरण-पोषण करते हैं। दोनों भाई हमेशा अपनी कमाई उसे सौंप देते हैं, ताकि वह उसका प्रबंधन कर सके। उन्होंने यह भी बताया कि दोनों भाई शर्मीले हैं, लेकिन उन्होंने कभी एक-दूसरे से ईर्ष्या नहीं दिखाई।

### बच्चा दोनों भाइयों को पिताजी कहकर बुलाएगा

फा ने कहा कि अगर वह गर्भवती हो जाती है, तो वह जैविक पिता की पहचान करने के लिए डीएनए टेस्ट करवाएंगी, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि जन्म प्रमाण पत्र पर सही नाम दर्ज हो। वह उम्मीद करती है कि उसका बच्चा दोनों भाइयों को पिताजी कहकर बुलाएगा। फाह ने कहा कि यह रिश्ता उनकी निजी पसंद है और उन्हें ऑनलाइन मिलने वाली नकारात्मक टिप्पणियों की परवाह नहीं है। फा की कहानी ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। इन दिनों में इस अनोखे रिलेशनशिप की काफी चर्चा हो रही है।

# जम्मू में सेना की गाड़ी 400-फीट गहरी खाई में गिरी, 10 जवानों की जान गई



**श्रीनगर, जेएनएन।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में गुरुवार को सेना की गाड़ी 400 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 10 जवानों की मौत हो गई, जबकि 11 को एयरलिफ्ट कर उधमपुर मिलिट्री हॉस्पिटल भेजा गया है। सेना के अधिकारी ने बताया कि गाड़ी में 21 जवान सवार थे। सभी डोडा से ऊपरी पोस्ट पर जा रहे थे। भद्रवाह-चंबा इंटरस्टेट रोड पर खन्नी टॉप के पास ड्राइवर ने गाड़ी से कंट्रोल खो दिया। इस हादसे में जान गंवाने वाले जवानों के बारे में सेना ने अब तक जानकारी नहीं दी है।

**उपराज्यपाल बोले- हादसे से दुखी हूं:** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि इस हादसे से दुखी हूं। इस घड़ी में पूरा देश शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता और समर्थन में खड़ा है। घायल सैनिकों को एयरलिफ्ट करके अस्पताल पहुंचाया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों को बेहतरीन इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिए गए हैं।

## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

398 — 82,307

### Nifty 50 Top Gainers

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| Dr Reddys Labs | 1,225.00 | 5.21% |
| Bharat Elec | 418.30 | 3.64% |
| Adani Enterpris | 2,102.90 | 2.67% |
| Adani Ports | 1,421.70 | 2.58% |
| Tata Steel | 189.99 | 2.54% |

### Nifty 50 Top Losers

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| Eternal | 305.00 | -2.68% |
| SBI Life Insura | 2,067.10 | -1.62% |
| Titan Company | 4,128.00 | -1.49% |
| Eicher Motors | 7,325.00 | -1.27% |
| Max Healthcare | 1,013.40 | -0.54% |

### फोरेक्स रेट

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 91.620 |
| € यूरो | 107.13 |
| ¥ येन | 0.5775 |
| £ पौंड | 123.18 |

# इंडिगो: मुनाफा 78% घटा, अक्टूबर तिमाही में 550 करोड़ रुपए हुआ

## कमाई 6 प्रतिशत बढ़ी; कंपनी ने बेड़े में 23 नए विमानों को शामिल किए



**मुंबई, जेएनएन।** भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो का संचालन करने वाली कंपनी इंटरग्लोब एविएशन को वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में 550 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा हुआ है। सालाना आधार पर यह 77.55 फीसदी घटा है। पिछले साल की समान तिमाही में यह 2,448 करोड़ रुपए रहा था। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में इंडिगो का ऑपरेशन से रेवेन्यू सालाना आधार पर 6.2 फीसदी बढ़कर 23,471 करोड़ रुपए रहा। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 22,110 करोड़ रुपए रहा था। इंडिगो ने 22 जनवरी को अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के नतीजे जारी किए हैं।

**भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन है इंडिगो:** मार्केट शेयर के लिहाज से इंडिगो देश की सबसे बड़ी एयरलाइन है। भारतीय एयरलाइन मार्केट में कंपनी का मार्केट शेयर करीब 60 फीसदी है। इसकी स्थापना 2006 में राहुल भाटिया और राकेश गंगवाल ने की थी। एयरलाइन की 400 से ज्यादा एयरक्राफ्ट की फ्लीट है। इसके 50 करोड़ से ज्यादा कस्टमर हैं। भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड ने गुरुवार को 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तीसरी तिमाही के लिए अपने नेट प्रॉफिट में भारी गिरावट दर्ज की है। कम लागत वाली इस एयरलाइन का नेट प्रॉफिट पिछले साल की इसी अवधि के 2,448.8 करोड़ रुपये की तुलना में 77.6 प्रतिशत गिरकर 549.8 करोड़ रुपये पर आ गया। इंडिगो के मुनाफे में इस गिरावट की बड़ी वजह फ्लाइट अव्यवस्था है, जिससे कंपनी को 1,546.5 करोड़ रुपये का भारी नुकसान हुआ था. इंडिगो के फ्लाइट्स के लगातार कैंसिल होने के कारण इसका तिमाही नतीजे खराब रहे हैं. कम लागत वाली एयरलाइन का नेट प्रॉफिट पिछले साल की इसी अवधि के 2,448.8 करोड़ रुपये की तुलना में 77.6 प्रतिशत गिरकर 549.8 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी को भारी नुकसान होने के बाद भी इसके रेवेन्यू में अच्छी तेजी रही है। तिमाही के लिए परिचालन से राजस्व 6.2 प्रतिशत बढ़कर 23,471.9 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल की इसी अवधि में 22,110.7 करोड़ रुपये था। ऑपरेशन के मोर्चे पर एयरलाइन ने स्थिर प्रदर्शन किया है।पिछले साल की समान अवधि के 5,178.5 करोड़ रुपये के मुकाबले 3.6 प्रतिशत बढ़कर 5,367 करोड़ रुपये हो गई।

### इंडिगो के दिसंबर तिमाही नतीजों की 5 बड़ी बातें


- **यात्रियों की संख्या और क्षमता में बढ़ोतरी-** इंडिगो ने अपनी क्षमता में 11.2 फीसदी का इजाफा किया है। इस तिमाही में यात्रियों की संख्या 2.8 फीसदी बढ़कर 3.19 करोड़ पर पहुंच गई है।
- **मुनाफे में हल्की गिरावट-** कंपनी का कामकाजी मुनाफा पिछले साल के मुकाबले 0.8 फीसदी घटकर 6,008.4 करोड़ रहा। अगर विदेशी मुद्रा के असर को हटा दें, तो मुनाफे में 5.5 फीसदी की कमी देखी गई है।
- **ईंधन खर्च घटा, पर ऑपरेशनल कॉस्ट बढ़ी-** एयरलाइन के लिए अच्छी खबर यह रही कि ईंधनपर होने वाला खर्च 2.8 फीसदी कम हुआ है। हालांकि, ईंधन और विदेशी मुद्रा को छोड़कर बाकी ऑपरेशनल खर्चे 2.2 फीसदी बढ़ गए हैं।
- **51,600 करोड़ से ज्यादा का कैश-** कंपनी की वित्तीय स्थिति मजबूत बनी हुई है। 31 दिसंबर 2025 तक इंडिगो के पास कुल 51,606.9 करोड़ का कैश बैलेंस था। वहीं, कंपनी पर कुल कर्ज 76,858.3 करोड़ है।
- **विमानों के बेड़े का विस्तार-** इंडिगो के पास अब कुल 440 विमान हैं। खास बात यह है कि केवल दिसंबर तिमाही के दौरान कंपनी ने अपने बेड़े में 23 नए विमान शामिल किए हैं।

### 3 से 5 दिसंबर को ज्यादा फ्लाइट्स हुई थीं कैंसिल

कंपनी के पैसेंजर संख्या में भी गिरावट आई है और यह पिछले साल की इसी तिमाही के 86.9 प्रतिशत से घटकर 2.4 प्रतिशत अंक गिरकर 84.6 प्रतिशत हो गया है। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा कि इस तिमाही में कंपनी का ऑपरेशनल संबंधी बड़ी बाधाओं का सामना करना पड़ा, जिस कारण 3 से 5 दिसंबर महत्वपूर्ण उड़ानें रद्द हुईं और उनमें देरी हुई। उन्होंने आगे कहा कि इन परिचालन संबंधी बाधाओं के बावजूद, इंडिगो ने दिसंबर तिमाही में लगभग 245 अरब रुपये का राजस्व हासिल किया, जो लगभग 7 प्रतिशत की ग्रोथ है।

# फोनपे के 12,000 करोड़ रुपये के आईपीओ को सेबी ने दी मंजूरी

**मुंबई, जेएनएन।** भारत की सबसे बड़ी डिजिटल पेमेंट कंपनी फोनपे ने अपने आईपीओ के लिए नए डॉक्यूमेंट्स यानी अपडेटेड डीआरएचपी फाइल किया है। मार्केट रेगुलेटर सेबी ने कंपनी को बाजार में लिस्ट होने की मंजूरी भी दे दी है। यह आईपीओ पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल होगा, यानी कंपनी कोई नए शेयर जारी नहीं करेगी। बल्कि इसके पुराने निवेशक अपनी हिस्सेदारी बेचेंगे। कंपनी की इस आईपीओ के जरिए करीब 12,000 करोड़ रुपए जुटाने की तैयारी है। फोनपे में सबसे बड़ी हिस्सेदार अमेरिकी रिटेल कंपनी वॉलमार्ट है। वह इस आईपीओ के जरिए अपनी करीब 9.06 फीसदी हिस्सेदारी बेच रही है, जो 4.59 करोड़ शेयर के बराबर है।





**1.33 लाख करोड़ की वैल्यूएशन का अनुमान**

बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक, फोनपे इस आईपीओ के लिए करीब 15 बिलियन डॉलर की वैल्यूएशन का टारगेट रख रही है। अगर ऐसा होता है, तो यह पेटीएम के बाद भारतीय फिनटेक सेक्टर का दूसरा सबसे बढ़ा आईपीओ होगा। कंपनी ने पिछले साल सितंबर में कॉन्फिडेंशियल रूट से ड्राफ्ट पेपर जमा किए थे, जिसे अब सेबी से हरी झंडी मिल गई है।

**2026 के मध्य तक लिस्टिंग की उम्मीद**

सेबी से मंजूरी मिलने के बाद अब कंपनी रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज के पास आरएचपी फाइल करेगी। माना जा रहा है कि 2026 के मध्य तक फोनपे शेयर बाजार में दस्तक दे सकती है। इस आईपीओ के लिए कोटक महिंद्रा कैपिटल, सिटी बैंक, मॉर्गन स्टेनली और जेपी मॉर्गन जैसे बड़े इन्वेस्टमेंट बैंक सलाह दे रहे हैं।

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया पतंजलि इमरजेंसी एंड क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल का लोकार्पण

**हरिद्वार।** पतंजलि योगपीठ द्वारा संचालित विश्व के प्रथम इंटीग्रेटेड मैडिसिन सिस्टम तथा योग, आयुर्वेद व आधुनिक चिकित्सा के समन्वय का वैश्विक केंद्र पतंजलि इमरजेंसी एवं क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल समस्त भारत के नागरिकों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा। गुरुवार को गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित भाई शाह ने उक्त हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने इमरजेंसी एंड क्रिटिकल केयर हास्पिटल का निरीक्षण भी किया और इंटीग्रेटेड मेडिसिन सिस्टम की इस पहल को सराहा। उन्होंने कहा कि यह हॉस्पिटल विश्व का प्रथम हाइब्रिड हॉस्पिटल बन गया है। ज्ञात हो कि गृह मंत्री दो दिनों के पतंजलि प्रवास पर थे। इस दौरान उन्होंने योग, आयुर्वेद व सनातन जीवन पद्धति को विश्व स्तर पर प्रतिष्ठापित करके रोगमुक्त विश्व का निर्माण कैसे हो, इस पर स्वामी के साथ गहन विमर्श व मंथन किया। बुधवार की रात गृहमंत्री ने पतंजलि योगपीठ परिसर में रात्रि विश्राम किया और चिकित्सा, शिक्षा, सनातन जीवन पद्धति, एवं ऋषियों की ज्ञान विरासत को विश्व पटल पर प्रतिष्ठा दिलाने की दिशा में स्वामी रामदेव एवं आचार्य बालकृष्ण से विमर्श एवं विचार मंथन किया और पतंजलि द्वारा भविष्य में इस दिशा में अग्रणी भूमिका निभाने के बारे जानकारी ली। इस दौरान पतंजलि योगपीठ परिवार की ओर से स्वामी रामदेव महाराज और आचार्य बालकृष्ण ने अनेक संतों, भक्तों, शिष्यों, पतंजलि गुरुकुलम एवं आचार्यकुलम के विद्यार्थियों के साथ उनका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया।



## बाजार पर नजर

### सेंसेक्स 398 अंक चढ़कर 82,307 पर बंद, निफ्टी में तेजी

**मुंबई, जेएनएन।** शेयर बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स सेंसेक्स 398 अंक चढ़कर 82,307 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 132 अंक की तेजी रही। ये 25,290 के स्तर के पर बंद हुआ है। सेंसेक्स के 30 शेयर्स में 24 में तेजी और 6 में गिरावट रही। निफ्टी के बैंकिंग ऑटो, मीडिया और मेटल सेक्टर में ज्यादा तेजी रही। सुबह के सत्र में ग्लोबल मार्केट से मिले अच्छे संकेतों के चलते बाजार बढ़त के साथ खुला था। एक समय सेंसेक्स 82,783 के दिन के हाई पर पहुंच गया था, लेकिन दोपहर होते-होते बैंकिंग और आईटी शेयरों में बिकवाली शुरू हो गई। निफ्टी भी 25,435 का डे हाई छूने के बाद वापस 25,250 के करीब आ गया। बाजार एक्सपर्ट्स का मानना है कि आने वाले दिनों में भी उतार-चढ़ाव बना रहेगा। 1 फरवरी को पेश होने वाले बजट से पहले बाजार किसी बड़े ट्रेंड को पकड़ने की कोशिश कर रहा है। निफ्टी के लिए 25,000 का स्तर एक मजबूत सपोर्ट है। अगर बाजार इसके नीचे जाता है, तो गिरावट और बढ़ सकती है। निवेशकों को फिलहाल संभलकर लार्ज-कैप शेयरों में ही निवेश की सलाह दी जा रही है।

### रूसी तेल फिर खरीदेगी मुकेश अंबानी की रिलायंस

**नई दिल्ली, जेएनएन।** एक महीने के ठहराव के बाद अब तस्वीर बदलती नजर आ रही है। मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड एक बार फिर रूसी कच्चे तेल की ओर कदम बढ़ाने जा रही है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, फरवरी और मार्च में कंपनी प्रतिबंधों के दायरे में फिट बैठने वाला रूसी तेल मंगाने की तैयारी में है। दुनिया के सबसे बड़े रिफाइनिंग कॉम्प्लेक्स को चलाने वाली रिलायंस की यह वापसी तेल बाजार में नई हलचल पैदा कर रही है। दिसंबर में रूसी कच्चे तेल की आखिरी खेप आने के बाद रिलायंस ने कुछ समय के लिए दूरी बना ली थी। अमेरिका से मिली एक महीने की खास छूट ने कंपनी को यह मौका दिया कि वह प्रतिबंधित रूसी तेल कंपनी रोसनेफ्ट के साथ अपने पुराने सौदों को 21 नवंबर की समयसीमा के बाद धीरे-धीरे समेट सके।

# चांदी में 19,386 की आई गिरावट सोना भी 3,099 रुपए सस्ता हुआ

## एक किलो चांदी की कीमत घटकर 3 लाख पर आई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** चांदी की कीमतों में गुरुवार को गिरावट है। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, चांदी 5 फीसदी या करीब 19 हजार प्रति किलो गिर गई। चांदी सुबह 3,03,584 रुपए पर खुली और 2,99,711 रुपए पर बंद हुई। कल ये 3,19,097 लाख रुपए पर बंद हुई थी और कारोबार के दौरान इसने 3,20,075 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। सोना भी 3,099 रुपए गिरकर 1,51,128 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। एक दिन पहले सोने ने 1,55,204 रुपए का हाई बनाया था। फिर 1,54,277 रुपए पर बंद हुआ।

अगर आप नई खरीदारी या निवेश की योजना बना रहे हैं, तो एक्सपर्ट्स का मानना है कि थोड़ा और इंतजार करना सही रहेगा। अभी मुनाफावसूली का दौर चल रहा है, जिससे कीमतों में और गिरावट की संभावना है। वहीं, जिन लोगों ने ऊंचे भाव पर चांदी खरीदी है, उन्हें घबराने के बजाय लंबी अवधि के लिए होल्ड करने की सलाह दी गई है क्योंकि फंडामेंटल्स अब भी मजबूत हैं। 2025 में सोना 57,033 रुपए बढ़ा है।

### सोना-चांदी सस्ते होने की 3 वजहें

- पिछले दिनों आई बड़ी तेजी के बाद हुई मुनाफावसूली से सोना-चांदी सस्ते हुए है।
- शेयर बाजार में तेजी आने से सुरक्षित निवेश के तौर पर सोना-चांदी की डिमांड घटी है।
- जियोपॉलिटिकल तनाव कम होने से सोना-चांदी दोनों की कीमतों में गिरावट आई हैं।

### बिना अनुमति चल रहा आईवीएफ सेंटर सील

**भोपाल।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा भोपाल के आईवीएफ सेंटर और सोनोग्राफी सेंटर को सील किया गया है। इन केंद्रों में नर्सिंग होम, पीसीपीएनडीटी और एआरटी एक्ट के तहत गंभीर अनियमितताएं मिलने पर यह कार्रवाई की गई है। आईवीएफ सेंटर को सील करने का प्रदेश का संभवतः यह पहला मामला है। सीएमएचओ भोपाल की टीम ने जांच में पाया कि अयोध्या बायपास रोड स्थित मार्वल हॉस्पिटल की बिल्डिंग के प्रथम तल में ईश्वर्या फर्टिलिटी सेंटर संचालित किया जा रहा था।

### गणतंत्र दिवस परेड में महिलाओं की बढ़ती भूमिका का एक नया अध्याय दिखेगा

# पहली बार: सीआरपीएफ की पुरुष टुकड़ी का नेतृत्व करेंगी महिला अधिकारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश की सुरक्षा और अर्धसैनिक बलों में महिलाओं की बढ़ती भूमिका का एक नया अध्याय 77वें गणतंत्र दिवस परेड में जुड़ने जा रहा है। 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर होने वाली परेड में 26 वर्षीय सिमरन बाला इतिहास रचने जा रही हैं। वे केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की पुरुष मार्चिंग टुकड़ी का नेतृत्व करेंगी। यह सीआरपीएफ के इतिहास में पहली बार होगा जब कोई महिला अधिकारी पुरुष जवानों की टुकड़ी की अगुवाई करेगी। गणतंत्र दिवस परेड में सिमरन बाला 140 से अधिक पुरुष जवानों वाली बड़ी टुकड़ी का नेतृत्व करेंगी। वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक, यह अवसर केवल 'महिला होने' के आधार पर नहीं दिया गया है, बल्कि कड़ी ट्रेनिंग और रिहर्सल में बेहतरीन कमांडिंग स्किल्स दिखाने के कारण उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई। सीआरपीएफ देश का सबसे बड़ा अर्धसैनिक बल माना जाता है। ऐसे में गणतंत्र दिवस परेड जैसी प्रतिष्ठित और अनुशासित मंच पर पुरुष टुकड़ी की कमान एक महिला अधिकारी के हाथ में होना सिर्फ एक प्रतीकात्मक कदम नहीं, बल्कि यह संदेश भी है कि अब नेतृत्व क्षमता का पैमाना लिंग नहीं, योग्यता और प्रदर्शन है।



### कौन हैं सिमरन बाला?

सिमरन बाला जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के नौशेरा इलाके की रहने वाली हैं, जो कि सीमा क्षेत्र के तौर पर जाना जाता है। वे वर्तमान में सीआरपीएफ में असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने यूपीएससी सीएपीएफ परीक्षा 2023 में ऑल इंडिया रैंक 82 हासिल कर बल में चयन पाया था। लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) के पास बचपन से रहने वाली सिमरन राजौरी जिले से सीआरपीएफ में ग्रुप-ए अधिकारी बनने वाली पहली महिला भी हैं।

### जीडीपी की मौजूदा स्थिति सुधारों से बढ़ेगी अर्थव्यवस्था की गति

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आरबीआई ने कहा, वर्ष 2026 की शुरुआत वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों से हुई। इनमें वेनेजुएला में अमेरिकी हस्तक्षेप, पश्चिम एशिया में तनातनी, रूस-यूक्रेन शांति समझौते को लेकर अनिश्चितता और ग्रीनलैंड विवाद शामिल हैं। इन घटनाओं से वैश्विक जोखिम एवं नीतिगत अस्थिरता बढ़ी, लेकिन भारत की मौजूदा स्थिति आगे के लिए उम्मीद जगाती है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि के प्रारंभिक अनुमान भारतीय जीडीपी की मजबूती को दर्शाते हैं। ये आंकड़े भारत के दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहने की तरफ भी इशारा करते हैं। दिसंबर, 2025 के उच्च-आवृत्ति संकेतकों से पता चला कि घरेलू मांग में मजबूती और वृद्धि की रफ्तार बनी हुई है। खुदरा महंगाई दिसंबर में थोड़ा बढ़ी, लेकिन आरबीआई के संतोषजनक स्तर के निचले स्तर से नीचे ही रही।

# पुलिस की सेहत हुई बेहतर...! आधे रह गए बीमारी से क्लेम के आंकड़े

## 2024-25 में 53.62 करोड़ जबकि 2025-26 के 8 माह में महज 24 करोड़ का भुगतान

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश की पुलिस की सेहत पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले सुधर गई है। इसका खुलासा पीएचक्यू की कल्याण शाखा द्वारा जारी किए हालिया आंकड़ों से हुआ है। वेलफेयर ब्रांच से मिले आंकड़ों के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष (2024-25) के दौरान जहां एक लाख 6 हजार पुलिसकर्मियों में से 6428 पुलिसकर्मियों के कैशले उपचार के लिए पीएचक्यू से 52.62 करोड़ की रकम जारी की गई थी, वह इस 2025-26 के इस वित्त वर्ष (1अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026) के शुरूआती 8 माह में घटकर आधी रह गई है।

इस साल पीएचक्यू ने कुल 2472 पुलिसकर्मियों के कैशलेस उपचार के लिए 24.01 करोड़ की राशि खर्च की है। इसकी बड़ी वजह अलग अलग जिलों में सिविल सर्जन के स्तर पर कैशलेस इलाज के आवेदनों का लंबित होना हैं। पीएचक्यू के नियम के अनुसार आईपीएस स्तर से नीचे के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कैशलेस उपचार के लिए संबंधित जिलों के सिविल सर्जन की मंजूरी होना अनिवार्य है।

> कैशलेस उपचार के लिए कई आवेदन सिविल सर्जन स्तर पर लंबित हैं। वित्त वर्ष के अंत तक ये आंकड़ा बढ़ जाएगा।
>
> **- अनिल कुमार**
> स्पेशल डीजी वेलफेयर



### खर्च में कमी को इस तरह समझें

| योजना | केस | 2024-25 खर्च | केस | 2025-26 खर्च |
|---|---|---|---|---|
| कैशलेस उपचार | 6428 | 53.62 करोड़ | 2472 | 24.01 करोड़ |
| मेडिकल एडवांस | 101 | 4..98 करोड़ | 49 | 2.33 करोड़ |
| पीएचक्यू मंजूरी | 405 | 2.36 करोड़ | 246 | 95.26 लाख |

### भोपाल, जबलपुर में घोटाले के बाद बदली व्यवस्था

भोपाल में पीएचक्यू और जबलपुर की छठीं बटालियन में बीमारी निधी को लेकर पिछले समय में करोड़ों का घोटाला उजागर हुआ। भोपाल में जहां पीएचक्यू में भी फर्जी इलाज के बिल लगाकर दो बार करोड़ों का गबन किया गया था। वहीं जबलपुर में छठीं बटालियन में कर्मचारियों के यात्रा भत्तों के अलावा स्वास्थ्य भत्तों में भी हेराफेरी सामने आई है। इस मामले मे आरोपियों के खिलाफ एफआईआर के बाद पीएचक्यू की कल्याण शाखा ने सख्ती बरतनी शुरू की। इस दौरान घोटालो की रकम की रिकवरी के लिए जहां वसूली की गई, वहीं कुछ बैंक खातों को फ्रीज भी कराया गया। अब यदि कोई पुलिसकर्मी इलाज की योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदन देता है तो उसके दस्तावेजों का यूनिट और पीएचक्यू के स्तर पर परीक्षण किया जाता है। इसके साथ ही सबंधित के उपचार की योजना के लिए जिला स्तर पर मेडिकल बोर्ड से परीक्षण कराया जाता है। ऐसे में मेडिकल से जुड़े आवेदनों की संख्या में भी कमी आई है।

### मेडिकल एडवांस की रकम भी घटी

इसके अलावा इसी अवधि में मेडिकल एडवांस और इलाज के लिए कार्योत्तर मंजूरी वाले प्रकरणों की संख्या भी घटकर आधी रह गई है। पिछले वित्त वर्ष में जहां मेडिकल एडवांस के 101 प्रकरणों के लिए 4.98 करोड़ की रकम जारी की गई थी, वहीं इस वित्त वर्ष में शुरूआती 8 माह में कुल 49 केस मंजूर कर 2.33 करोड़ की स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा समिति द्वारा अमान्य या कम मंजूरी वाले मामलों में पीएचक्यू की समीक्षा के बाद जारी होने वाली राशि में भी कमी आई है। पिछले वित्त वर्ष में ऐसे मामलों में पीएचक्यू की वेलफेयर शाखा ने 405 प्रकरणों पर सुनवाई के बाद 2.36 करोड़ की राशि जारी की थी, जो इस वित्त वर्ष के शुरूआती आठ माह में घटकर 246 रह गए हैं और इस दौरान केवल 95.26 लाख की ही मंजूरी मिली है।

### फिलहाल 64 अस्पतालों के साथ किया गया है करार

मप्र पुलिस के अफसरों और कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों के लिए पुलिस स्वास्थ्य सुरक्षा योजना लागू है। इसके दायरे में प्रदेश के एक लाख से अधिक पुलिसकर्मी आते हैं। कैशलेस उपचार के लिए सीजीएसएस दरों पर इलाज के लिए कुल 64 निजी अस्पतालों से अनुबंध है। इनमें 57 अस्पताल प्रदेश में और 7 हॉस्पिटल प्रदेश के बाहर के हैं। इसके अलावा गैर अनुबंधित अस्पतालों में भी इलाज के लिए एडवांस की भी मंजूरी दी जाती है। 2024-25 और 2025-26 के दौरान ऐसे कुल 150 प्रकरणों में 5 करोड़ की राशि एडवांस में उपचार के लिए जारी की गई है।

### वाई-फाई सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए फैसला

# 500 मेगाहट स्पेक्ट्रम बिना लाइसेंस इस्तेमाल की अनुमति

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश में वाई-फाई सेवाओं को तेज और बेहतर बनाने के लिए केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। दूरसंचार विभाग ने 6 गीगाहर्ट्ज बैंड के निचले हिस्से में मौजूद 500 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम को बिना लाइसेंस इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी है। इस फैसले से घरों, दफ्तरों और सार्वजनिक जगहों पर वाई-फाई की गति और क्षमता बढ़ने की उम्मीद है। डॉट की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, 5925 से 6425 मेगाहर्ट्ज फ्रीक्वेंसी रेंज का इस्तेमाल अब कम पावर इनडोर और बहुत कम पावर वाले आउटडोर वाई-फाई सिस्टम के लिए किया जा सकेगा। इसके लिए किसी तरह का लाइसेंस या स्पेक्ट्रम आवंटन लेने की जरूरत नहीं होगी। यानी वाई-फाई उपकरण बिना सरकारी अनुमति के इस स्पेक्ट्रम पर काम कर सकेंगे। सरकार ने यह फैसला करीब छह महीने पहले जारी किए गए मसौदा नोटिफिकेशन के बाद लिया है। हालांकि, इस स्पेक्ट्रम के इस्तेमाल के लिए कुछ शर्तें भी तय की गई हैं। इसका उपयोग साझा आधार पर होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी अन्य संचार सेवा में बाधा न पड़े। सिग्नल की शक्ति पर भी सीमा रखी गई है, ताकि इसका इस्तेमाल केवल वाई-फाई जैसे कम पावर वाले उपकरणों तक ही सीमित रहे। डॉट ने यह भी स्पष्ट किया है कि 6 गीगाहर्ट्ज बैंड का ऊपरी हिस्सा भविष्य में मोबाइल सेवाओं के लिए आरक्षित रहेगा। इससे वाई-फाई और मोबाइल नेटवर्क के बीच संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी। टेलीकॉम और आईटी क्षेत्र के विशेषज्ञों का मानना है कि इस फैसले से वाई-फाई 7 जैसी नई तकनीकों को बढ़ावा मिलेगा। इससे वीडियो स्ट्रीमिंग, ऑनलाइन पढ़ाई, दफ्तरों में काम और डिजिटल सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा। कुल मिलाकर, बिना लाइसेंस स्पेक्ट्रम की यह अनुमति देश की डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है।



# खारा कबड्डी प्रतियोगिता : रेशु क्लब खारा बना चैंपियन

**सेमरिया, नि.प्र.।** सेमरिया मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत खारा में आयोजित स्व. लखपति सिंह (प्राचार्य) एवं स्व. कौशलेन्द्र प्रताप सिंह (व्याख्याता) स्मृति कबड्डी प्रतियोगिता के पुरुष एवं महिला वर्ग के मुकाबलों का तीसरा दिन उत्साह और रोमांच के साथ सम्पन्न हुआ। तीसरे दिन महिला वर्ग का फाइनल मुकाबला रेशु क्लब खारा एवं मान सिंह फैंस क्लब हरदुआ के बीच खेला गया जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए रेशु क्लब खारा ने विजय प्राप्त की। फाइनल मुकाबले में उत्कृष्ट खेल के लिए तनिष्का सक्सेना को बेस्ट रेडर तथा रोशनी यादव को बेस्ट कैचर का पुरस्कार दिया गया। दोनों खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन ने दर्शकों की भरपूर तालियां बटोरीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद एवं पूर्व मंत्री राजमणि पटेल रहे। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष सतना एवं पूर्व कांग्रेस विधानसभा प्रत्याशी नागौद रश्मि सिंह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधानसभा प्रत्याशी बसपा, सेमरिया पंकज सिंह ने की वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व लोकसभा प्रत्याशी बसपा रीवा एड.अभिषेक पटेल एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अजय शुक्ला, सेमरिया थाना प्रभारी विकास कपीस, पूर्व जनपद सदस्य झलवार अंजनी द्विवेदी सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



### विभिन्न राज्यों की टीमों ने लिया भाग

मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण अंचल खारा में इस स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता पहली बार देखने को मिल रही है जिसमें हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश सहित कई बड़े शहरों की महिला व पुरुष टीमें सहभागिता कर रही हैं। उन्होंने ऐसे भव्य आयोजन के लिए आयोजक गुलाब सिंह को साधुवाद देते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता ग्रामीण प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहचान दिलाने का सशक्त माध्यम बनेगी अतिथियों ने खेल भावना और कबड्डी के महत्व पर प्रेरक शब्द भी कहे। इस अवसर पर पूर्व बसपा प्रत्याशी पंकज सिंह ने ग्रामीणों की मांग पर ग्राम खारा में स्व. तीरथ सिंह के नाम से प्रतिमा निर्माण की घोषणा कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक बृजभान सिंह, डॉ. रामाश्रय सिंह, मंच संचालक दिलराज पटेल, अजय सिंह, मान सिंह, रामनिवास सिंह, लाल बहादुर सिंह, सुरेंद्र द्विवेदी, रामभान सिंह, भारत गुप्ता, पूर्व सरपंच विजय सिंह, पूर्व उपसरपंच मोहन सिंह, पूर्व प्राचार्य उमेश प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी व ग्रामीणजन उपस्थित रहे। तीसरे दिन के सफल आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया कि ग्राम खारा खेल प्रतिभाओं का उभरता हुआ केंद्र बनता जा रहा है, जहां कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल को नई ऊंचाइयां मिल रही हैं पुरुष वर्ग का फ़ाइनल मुकाबला आज 23 जनवरी को खेला जाएगा।

# हिन्दू सम्मेलन में सामाजिक समरसता का दिया संदेश

**आंचलिक डेस्क।** हिन्दू सम्मेलन का आयोजन सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ग्राम लूक मंडल, जवा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बाबूलाल उर्मलिया, समाजसेवी मातृशक्ति अनारकली केवट व मुख्यवक्ता विभाग प्रचार प्रमुख विवेक जायसवाल, सहजिला कार्यवाह मनीष सिंह व धानेन्द्र सिंह, पूरनमल साहू विभाग सेवा प्रमुख, विनय सिंह, शालीग्राम साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता विवेक जायसवाल ने हिंदुत्व की चुनौतिया व संघ स्थापना के उद्देश्य प्रारम्भ से शताब्दी तक की यात्रा संघर्ष व पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता, पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य का विषय विस्तार से रखा।



## पहली से पांचवी कक्षा तक के विद्यार्थियों को बांटे स्वेटर



**देवरा।** के.पी. पटेल सेवा निवृत्त प्राचार्य की धर्मपत्नी स्व. ऊषा पटेल की पुण्य तिथि के अवसर पर ऊषा मेमोरियल शिक्षा समिति रीवा के अध्यक्ष के. पी. पटेल द्वारा जनपद पंचायत हनुमना के जनपद सदस्य हिन्द लाल पटेल, ग्राम पंचायत देवरा के सरपंच सी.एल.पटेल, ग्राम पंचायत देवरा के वार्ड सदस्य विनोद कुमार पटेल की उपस्थिति में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय देवरा विकास खंड हनुमना जिला मऊगंज में अध्ययनरत कक्षा पहली से पांचवी तक के 50 छात्र - छात्राओं को स्वेटर उपहार स्वरूप वितरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी स्टॉफ़ एवं ग्रामीण जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजमणि साकेत एवं स्टाफ़ का सहयोग सराहनीय रहा।

# मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन मऊगंज में आज

**मऊगंज ब्यूरो।** शासन द्वारा गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह और निकाह योजना संचालित की गई है। योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन कर पात्र हितग्राहियों की विवाह योग्य कन्याओं का विवाह सम्पन्न कराया जाता है और उन्हें आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाती है। योजना के तहत मऊगंज जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह और निकाह सम्मेलन 23 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है। समारोह शासकीय केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज में दोपहर 12.30 बजे से आयोजित होगा। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद जनार्दन मिश्र होंगे। समारोह की अध्यक्षता विधायक देवतालाब गिरीश गौतम करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल तथा वरिष्ठ समाजसेवी डॉ राजेन्द्र मिश्र शामिल होकर नवयुगलों को आशिर्वाद देंगे। समारोह में जनपद अध्यक्ष मऊगंज नीलम सिंह, जनपद अध्यक्ष हनुमना गोविंद नारायण तिवारी, जनपद अध्यक्ष नईगढ़ी ममता तिवारी, नगर परिषद अध्यक्ष मऊगंज बृजवासी पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष हनुमना आशुतोष गुप्ता सोनू तथा नगर परिषद अध्यक्ष नईगढ़ी नागिता गुप्ता भी शिरकत करेंगी।

# ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम में नशा मुक्ति की दिलाई शपथ



**त्योंथर ब्यूरो।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक प्रवीण पाठक, जिला समन्वयक जागेश्वर ताम्रकार, ब्लॉक समन्वयक अनीता मिश्रा के कुशल निर्देशन में ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति राजापुर नवांकुर संस्था सूरज विकास समिति सेंगरवार चाकघाट द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय राजापुर में 22 जनवरी को वृहद स्तर पर आयोजन किया गया। जिसमें सबसे पहले मां सरस्वती और स्वामी विवेकानन्द के चरणों में पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन मां सरस्वती की वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में स्वामी विवेकानन्द के आदर्शों पर संगोष्ठी हुई तथा नशा मुक्ति के लिए शपथ ग्रहण कार्यक्रम, जैविक खेती पर ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार मिश्रा द्वारा विधिवत जानकारी दी गई तथा उपस्थित सभी सम्मानित नागरिकों का अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन सूरज विकास समिति सेंगरवार के सचिव शिवा कांत पांडे द्वारा किया गया, कार्यक्रम में स्कूल के प्रभारी प्राचार्य राम सनेही दीपांकर, ग्राम पंचायत सचिव इंद्रबली तिवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पार्वती मिश्रा, स्कूल का समस्त स्टाफ, ग्राम विकास समिति राजापुर के सचिव संतोष कुमार मांझी, परामर्शदाता राजेश ने सामाजिक समरसता एवं शासन की समस्त विभाग की योजनाओं की विधिवत जानकारी दी। कार्यक्रम में पंकज तिवारी दाढ़कला, वीरेंद्र मांझी, राम कुमार मांझी, राकेश मांझी, रमाकांत तिवारी, मधुकर मिश्रा, कृष्ण मिलन यादव, बीएसडब्ल्यू , एमएसडब्ल्यू छात्र उत्कर्ष तिवारी, अल्पा मिश्र, अभय मिश्रा, दिनेश यादव तथा भारी संख्या में ग्रामीणवासी उपस्थित रहे।

## न्यूज कार्नर

### विजय कुमार गुप्ता का निधन



**चाकघाट, नि.प्र.।** नगर परिषद चाकघाट के वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद रहे विजय कुमार गुप्ता (नेताजी) का गत दिवस 22 जनवरी को निधन हो गया, उनके निधन की सूचना मिलते ही पूरे चाकघाट नगर में शोक की लहर व्याप्त हो गई। ज्ञातव्य भी हो श्री गुप्ता काफी अच्छे से बीमार चल रहे थे। बताया गया कि इलाज हेतु ऋषिकेश गए हुए थे, वहीं पर उनका निधन हो गया, उनके शव को चाकघाट लाया गया, पूरे परिवार व रिश्तेदारों में गमगीन माहौल निर्मित है। विजय कुमार गुप्ता चाकघाट के गरीब -असहाय की आवाज को सदैव शासन-प्रशासन के सामने गंभीरता से प्रस्तुत करते थे, इसी कारण से वे चाकघाट बाजार ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भी काफी लोकप्रिय थे । क्षेत्र के सभी प्रबुद्ध वर्ग एवं उनके शुभचिंतकों ने परमपिता परमात्मा से प्रार्थना किया है, कि दिवंगत को अपने श्री चरणों में स्थान दें । जिसके उनकी आत्मा को शांति मिल सके।

### मऊगंज में गणतंत्र दिवस पर कलेक्टर करेंगे ध्वजारोहण

**मऊगंज ब्यूरो।** मऊगंज जिले में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह परेड ग्राउण्ड कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय कुमार जैन प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण करके परेड की सलामी लेंगे। समारोह में जिला पुलिस बल, होमगार्ड, एनसीसी तथा अन्य दलों द्वारा आकर्षक परेड प्रस्तुत की जाएगी। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन करेंगे। समारोह में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। समारोह में श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। जिले के सभी नगरीय निकायों, जनपद पंचायतों, ग्राम पंचायतों तथा सभी शिक्षण संस्थानों में भी गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस में प्रातः सभी शासकीय और अशासकीय कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थाओं में ध्वजारोहण किया जाएगा। गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का आयोजन किया जाएगा। भारत पर्व में जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदेश सरकार की उपलब्धियों तथा विकास कार्यों के संबंध में प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

### रोजगार मेला 28 जनवरी को सेठ रघुनाथ प्रसाद महाविद्यालय हनुमना में

**मऊगंज ब्यूरो।** ब्यूरो। युवा संगम कार्यक्रम के तहत सेठ रघुनाथ प्रसाद महाविद्यालय हनुमना में 28 जनवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 10 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 10000 रुपए से 22 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में आमधनी बजाज ऑटो लि.मि. चाकन औरंगाबाद, याजाकी इंडिया प्रा. लि. अहमदाबाद, ब्राम्हादेवी इंजीनियरिंग इंदौर, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर धार (म.प्र.), प्रभा बायोप्लांट्स प्रा.लि. रीवा, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा.लि. रीवा, कैरियर्स डिस्ट्रीब्यूटर एण्ड सप्लायर्स रीवा, गोकलदास एक्सपोर्टस लि. बेंगलूरू, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा.लि. रीवा तथा सीआईआई-एमसीसी गुजरात में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

### श्रीमद् देवी भागवत महायज्ञ के आयोजन में पहुंची हजारों भक्तों की भीड़



**नईगढ़ी, नि.प्र.।** श्रीमद् देवी भागवत महायज्ञ का आयोजन फूलमती माता मंदिर परिसर में 12 जनवरी से 20 जनवरी तक किया गया, जहां 21 जनवरी को भव्य महाप्रसाद के आयोजन में हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद लिया। आयोजकों ने बताया कि यह कथा भक्ति और ज्ञान का अनुपम संगम था, जो स्थानीय समुदाय को एकजुट करने में सफल रहा। कथावाचक आचार्य रामचंद्र महाराज ने देवी की महिमा का वर्णन किया, जिससे श्रोता ज्ञान और वैराग्य से ओतप्रोत हो गए। महायज्ञ की पूर्णाहुति के बाद महाप्रसाद ने सभी को एक परिवार का अहसास कराया।

# धर्मशाला प्रांगण में स्ट्रीट लाइट की कराई मरम्मत



जागरण खबर का असर

**हनुमना, नि.प्र.।** नगर परिषद हनुमना के वार्ड क्रमांक 9 धर्मशाला प्रांगण में कुछ वर्ष पूर्व बड़ी स्ट्रीट लाइट नगर अध्यक्ष के द्वारा लगवाई गई थी ताकि धर्मशाला प्रांगण में प्रकाश की सुविधा बनी रहे। कुछ दिनों से स्ट्रीट लाइट खराब हो गई थी जिस संबंध में दैनिक जागरण समाचार पत्र के द्वारा प्रमुखता से प्रकाशन किया गया था। नगर परिषद अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि जय गुप्ता ने गंभीरता पूर्वक लेते हुए 21 जनवरी दिन बुधवार को स्ट्रीट लाइट की मरम्मत कर दी गई ताकि जन मानस को प्रकाश की सुविधा उपलब्ध हो सके। नगरीय लोगों ने स्ट्रीट लाइट की मरम्मत हो जाने पर आभार व्यक्त किया, जिसमें मुख्य रूप से बिहारी लाल गुप्ता, ज्योति गुप्ता, उमेश गुप्ता, राजेंद्र रजक, झाला पयासी, नाचे जायसवाल रमाशंकर गुप्ता, सुमित गुप्ता आदि लोगों ने आभार किया।

# अराजकता का शिकार मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा पटेहरा

### खाता धारकों ने क्षेत्रीय महाप्रबंधक रीवा से की कार्रवाई की मांग




**जवा ब्यूरो।** मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक पटेहरा में इन दिनों पूरी तरह से अराजकताओं का शिकार है। हितग्राहियों ने संवाददाता को बताया कि खाता धारकों को शासन के मंशानुरूप नवीन खाता खोलने आधार फीडिंग मोबाइल नं फीडिंग एटीएम नवीन पासबुक सहित अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। साथ ही लड़ाई झगड़ा डांट-फटकार का आरोप लगाते हुए खाताधारकों ने मध्यांचल बैंक रीवा संभाग रीवा के क्षेत्रीय महाप्रबंधक रीवा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यानाकर्षण कराकर कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध राजेश मिश्रा, उमेश तिवारी, गोविंद सिंह, मनोज तिवारी, दिनेश वर्मा सहित अन्य बैंकिंग उपभोक्ताओं का आरोप है कि बैंक में पदस्थ सहायक बैंक प्रबंधक कैशियर के द्वारा पैसा निकालने आधार लिंक नवीन खाता खोलने मोबाइल नं फीडिंग नवीन पासबुक एटीएम सहित अन्य कार्यों के लिए जो उपभोक्ता मध्यांचल बैंक शाखा पटेहरा आते हैं, उनका कार्य तो किया नहीं जाता बल्कि दलालों के माध्यम से पैसे की वसूली भी किया जाता है का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है। खाताधारकों का आरोप है कि यहां पर पदस्थ स्टाफ द्वारा काम तो किया नहीं जाता है बल्कि बैंक आये वृद्धजनों वरिष्ठ जनों महिलाओं तक के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है, जो बैंक के गरिमा को ठेस पहुंचाता है। खाता धारकों ने क्षेत्रीय महाप्रबंधक रीवा से निष्पक्ष जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है जिससे आम जनमानस को समुचित बैंकिंग सुविधा मिल सके।

## युवती के आत्महत्या के प्रयास को पुलिस प्रशासन ने किया नाकाम



**सेमरिया, नि.प्र.।** सेमरिया तहसील अंतर्गत प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पुरवा जलप्रपात में एक युवती द्वारा आत्महत्या करने के प्रयास को सेमरिया थाना प्रभारी विकास कपीस ने अपनी सूझबूझ, साहस और तत्परता से विफल कर दिया। सूचना मिलते ही कि एक युवती रेलिंग पार कर जलप्रपात के किनारे खड़ी है और किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। थाना प्रभारी विकास कपीस तत्काल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। खतरनाक और दुर्गम परिस्थितियों के बीच करीब तीन घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन में थाना प्रभारी ने पूरी सावधानी और धैर्य के साथ युवती को समझाया और सुरक्षित बाहर निकाला कड़ी मशक्कत के बाद युवती को सुरक्षित रेलिंग के भीतर लाकर उसकी जान बचाई गई। स्थानीय लोगों ने युवती की जान बचाने के लिए पुलिस प्रशासन की सराहना की है।

# भाजपा शक्ति केंद्रों की बैठक में गुढ़ विधायक ने लिया एसआईआर का फीडबैक



**गुढ़ (नि. प्र)।** ग्राम रायपुर कर्चुलियान में विधायक नागेन्द्र सिंह ने भारतीय जनता पार्टी मंडल रायपुर कर्चुलियान के विभिन्न शक्ति केंद्रों की बैठक 22 जनवरी को ली। बैठक में एसआईआर के अंतर्गत बूथ स्तर पर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई एवं आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। शक्ति केंद्र रायपुर कर्चुलियान की बैठक में बीएलए-1 जमदग्नि शर्मा, भाजपा जिला मंत्री बाबूलाल यादव, मंडल प्रभारी राजेश कुमार गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अभिषेक सिंह सहित निपेंद्र सिंह निप्पे काकू, बृजेश कोरी, शुभकरण दहिया, रविशंकर सोनी, छेदीलाल सेन, लाल पासवान, नागेंद्र सिंह छोटू, प्रियांशु सिंह, राम किशोर साकेत,दिनेश मिश्रा एवं सच्चिदानंद ओझा उपस्थित रहे। शक्ति केंद्र कोस्टा से शक्ति केंद्र प्रभारी कमलभान दुबे, राजकुमार पांडे, अंगिरा पटेल, पंकज पटेल, रामनाथ कोरी, अमरनाथ कोरी,गौरव दुबे, अमरदीप गौतम, प्रभात गौतम, रोहित दुबे एवं रविंद्र सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। शक्ति केंद्र पहाड़िया से शक्ति केंद्र प्रभारी वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश तिवारी, रमेश वर्मा, भारत भूषण शुक्ला, राजेंद्र कुशवाहा, नागेंद्र शुक्ला, अजय दुबे, हरिशंकर विश्वकर्मा, बृजलाल रजक, मनोज सिंह, सुशील कुमार वर्मा, सत्यभान कोल, महेंद्र सिंह, प्रभाकर सिंह महसुआ एवं जितेंद्र अग्निहोत्री की उपस्थिति रही। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक नागेन्द्र सिंह ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने, एसआईआर के कार्यों को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पूर्ण करने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर संगठन को और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया।

## एपीके फाइल भेजकर मोबाइल फोन हैक कर रहे हैकर्स

**चाकघाट, नि.प्र.।** एपीके फाइल में शादी का कार्ड भेजकर हैकर्स इन दिनों मोबाइल फोन को हैक कर रहे हैं। चाकघाट निवासी संतोष कुमार गुप्ता ने संवाददाता को बताया कि उनके मोबाइल फोन में 18 जनवरी 2026 को व्हाट्सएप के जरिए एक मैसेज शादी में जरूर आएं का एपीके फाइल के रूप में इनविटेशन कार्ड आया, उस फाइल को ओपन करते ही संतोष कुमार गुप्ता से जुड़े समस्त व्हाट्सएप ग्रुप एवं कॉन्टैक्ट्स के पास यही मैसेज अपने आप ही सेंड हो गया। जिन व्यक्तियों ने इस इन्विटेशन कार्ड के अवैध एपीके को ओपन किया तो उनका मोबाइल फोन हैक हो गया और स्वतः संतोष कुमार गुप्ता का भी मोबाइल पूरी तरह हैक हो गया। हालांकि संतोष कुमार गुप्ता ने तत्काल साइबर सेल में ऑनलाइन अपनी प्राथिमिकी दर्ज कर दी एवं सरकार द्वारा बताए गए सुरक्षा उपाय को अपनाया। संतोष गुप्ता की जागरुकता होने वाले किसी भी प्रकार के वित्तीय नुकसान को बचा लिया, उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से अपील की है कि बिना जानकारी के किसी प्रकार के अवैध लिंक(फाइल) को न खोलें और न ही कोई छेड़छाड़ करें, उसे तुरंत डिलीट करें और होने वाली असुविधा से खुद बचे एवं अन्य लोगो को भी अवैध लिंक से बचने हेतु प्रेरित करें।

# फर्जी तरीके से मतदाता सूची से नाम कटवाने के लगाए आरोप

**हनुमना, नि.प्र.।** ग्राम पंचायत बरही के ग्राम झरी के निवासी इन्द्रमणि प्रसाद द्विवेदी एवं उनकी पत्नी सविता द्विवेदी ने संवाददाता से बात करते हुए बताया कि वह लगातार पाँती सेवा सहकारी समिति के तीन बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए एवं ग्राम पंचायत बरही के सरपंच हुए। साथ ही वार्ड क्रमांक 23 से जनपद सदस्य हुए एवं हनुमना जनपद पंचायत के संचार-संकर्म समिति के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। श्री द्विवेदी ने बताया कि उनके घर से 12 सदस्यों का नाम बोटर लिस्ट से काटने हुते रामलाल पटेल का फर्जी हस्ताक्षर करके एसडीएम कार्यालय हनुमना में आवेदन किया गया है एवं एसडीएम कार्यालय से बी.एल.ओ को आदेशित किया गया कि नाम काटा जाए। साथ ही रामलाल पटेल द्वारा मौखिक एवं सपथ पत्र देकर बताया गया कि मेरा फर्जी हस्ताक्षर किया गया। श्री द्विवेदी ने मांग की है कि जिस व्यक्ति द्वारा एसडीएम कार्यालय में आवेदन किया गया उसका सीसीटीवी कैमरे से फोटो लेकर एवं लिखित हस्ताक्षर एवं इसके द्वारा भरवाए फार्म की लेखनी की जांच कर के फर्जी आवेदन करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ जो भी कूट रचित एवं राजनैतिक तरीके से सम्मिलित हो उनके खिलाफ कठिन से कठिन दण्डात्मक कार्यवाही की जाए ।

## अखिल भारतीय वॉलीबाल प्रतियोगिता अतरैला में 2 फरवरी से, राष्ट्रीय स्तर की दर्जन भर टीमें लेगी भाग

**जवा ब्यूरो।** स्वामी नरसिंह महाराज स्मृति क्रीड़ा समिति एवं आदर्श जनता उमावि अतरैला के संयुक्त तत्वाधान में अखिल भारतीय 18वीं वॉलीबॉल प्रतियोगिता आदर्श जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अतरैला के खेल मैदान में संपन्न होगी। उक्त जानकारी देते हुए प्रतियोगिता आयोजक सचिव श्रीनिवास मिश्रा ने संवाददाता को बताया कि स्वामी नरसिंह महराज स्मृति अखिल भारतीय 18वी वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ 2फरवरी को एवं समापन 4फरवरी को होगा।

**ये टीमें करेंगी प्रतिभाग :** आयोजित प्रतियोगिता में पंडित दीनदयाल रेलवे, प्रयागराज रेलवे, बनारस आर्मी, नरसिंहपुर हास्टल, देहरादून, डीएव्हीए रीवा, मुजफ्फरनगर, गोरखपुर हास्टल,देव एकेडमी, प्रयागराज, डब्लूआरसी जबलपुर, आदर्श जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अतरैला सहित 4 महिला टीमें भी भाग लेंगी सहित अन्य आवश्यक तैयारियों के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया। नेशनल रेफरी वीरेश सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी बीरेंद्र मिश्रा, पत्रकार राजेश्वर प्रसाद मिश्रा, नारायणदत्त तिवारी, शिवकुमार द्विवेदी,आर.के.मिश्रा, विद्याभूषण मिश्रा, विजय उपाध्याय, पुष्पराज सिंह, रहीश पाण्डेय, हेमराज सिंह, दीपक पाण्डेय, निहाल पाण्डेय, नरेन्द्र यादव, गौरव द्विवेदी, सुशील अहिरवार, अंशू मिश्रा, दीपक सिंह राणा ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन में खेल प्रेमी जनों से सहयोग की अपील की है।

### मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन आज

**रीवा।** शासन द्वारा गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह और निकाह योजना संचालित की गई है। योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन कर पात्र हितग्राहियों की विवाह योग्य कन्याओं का विवाह सम्पन्न कराया जाता है और उन्हें आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाती है।

## छात्रावास का 7 लाख मनमानी आहरण मामले में वार्डन निलंबित

**जागरण, मऊगंज।** कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मऊगंज एवं तत्कालीन छात्रावास वार्डन श्रीमती शकुंतला नीरत को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए हैं। निलंबन अवधि में श्रीमती नीरत का मुख्यालय बीईओ कार्यालय हनुमना रहेगा। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। वरिष्ठ कार्यालय के आदेशों की अवहेलना करने, छात्रावास का प्रभार न देने तथा अनाधिकृत रूप से 6 लाख 67 हजार 699 रुपए आहरित करने के कारण उन पर निलंबन की कार्यवाही की गई है। यह कार्यवाही मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के तहत की गई है। श्रीमती नीरत का कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास दुबगवां कुर्मियान के अधीक्षक के रूप में एक वीडियो वायरल हुआ था। कलेक्टर द्वारा इसकी अपर कलेक्टर से जाँच कराई गई। जाँच प्रतिवेदन के आधार पर श्रीमती नीरत के विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही की गई है। कलेक्टर ने श्रीमती नीरत द्वारा की गई वित्तीय अनियमितता की जाँच के लिए पाँच सदस्यीय समिति भी तैनात की है।






## ढेकहा बस्ती में हिंदू सम्मेलन 25 जनवरी को

**रीवा।** देश भर में आयोजित हो रहे हिंदू सम्मेलनों की श्रृंखला में ढेकहा बस्ती के नागरिकों द्वारा 25 जनवरी को सुबह 11:00 बजे से विराट हिंदू सम्मेलन एवं भंडारा का आयोजन उन्नतपुल से 200 मीटर पश्चिम सतना रोड स्थित मनकामना मैरिज गार्डन में किया गया है, जिसमें ढेकहा बस्ती के सभी हिंदू बंधुओं मातृशक्तियों से सह परिवार उपस्थित होने का आग्रह है।






# सड़क दुर्घटना में घायल की अस्पताल में मौत, परिजनों ने उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए किया हंगामा



**जागरण, रीवा।** सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की उपचार के दौरान संजय गांधी अस्पताल मे गुरुवार को मौत हो गई। बाइक से सतना जाते समय युवक रामपुर बघेलान के पास सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। पहले तो स्थानीय लोगों ने उसे रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे सतना जिला अस्पताल रेफर किया गया था। हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने इसके बाद संजय गांधी अस्पताल के लिए रेफर किया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत पर परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। तकरीबन 3 घंटे तक चले हंगामे के बाद संजय गांधी अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर राहुल मिश्रा मौके पर पहुंचे और पूरी घटना की जांच के लिए कमेटी गठित करने की बात कही। मृतक विवेक अग्निहोत्री निवासी निपनिया वार्ड क्रमांक 1 हाल मुकाम सतना के परिजनों ने बताया कि बीती शाम तकरीबन 7 बजे रामपुर बघेलान के समीप दो बाइकों में सीधी टक्कर हो गई थी। इसके बाद घायल विवेक को उपचार के लिए रामपुर बघेलान अस्पताल ले जाया गया जहां से उन्हें सतना रेफर कर दिया गया। यहां से चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर रीवा के संजय गांधी अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि देर रात तकरीबन 2 बजे विवेक को लेकर संजय गांधी अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उनकी स्थिति नॉर्मल बताई। परिजनों का कहना है कि कान से खून आ रहा था लेकिन चिकित्सक सही उपचार नहीं किए जिससे विवेक की मौत हो गई। आरोप है कि चिकित्सकों की लापरवाही के चलते सुबह तकरीबन 5 बजे अचानक विवेक की हालत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना मिलते ही चिकित्सकों की सब्र टूट गया और चिकित्सकों के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए अस्पताल के अंदर जमकर हंगामा किया। इस दौरान सुरक्षा कर्मियों से भी जमकर नोकझोक और धक्कामुक्की हुई।

### अधीक्षक के आश्वासन के बाद शांत हुए परिजन

अस्पताल के अधीक्षक डॉ राहुल मिश्रा ने परिजनों को जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। बताया गया कि जांच के लिए एक कमेटी बनाई गई है, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। करीब तीन घंटे तक इसके चलते अस्पताल में हंगामे की स्थित निर्मित रही।

## पाइप की ओवरलोडिंग कर जा रहा ऑटो पलटा, पिता-पुत्री को आई चोट

**जागरण, रीवा।** शहर के अमहिया थाना क्षेत्र अंतर्गत धोबिया टंकी में पाइप से लोड ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दौरान पास से गुजर रहे स्कूटी सवार पिता पुत्री ऑटो में लोड पाइप की चपेट में आ गए जिससे वह मामूली रूप से घायल हो गए। मौके से गुजर रहे राहगीरों द्वारा तत्काल पाइप को हटाकर पिता पुत्री को बाहर निकल गया जिसके चलते एक बड़ा हादसा टल गया। ओवरलोड ऑटो बीच शहर से गुजर रहा था इसके बावजूद भी मौके पर मौजूद यातायात पुलिस कर्मियों की ओवरलोड ऑटो पर नजर नहीं पड़ी और यह सड़क हादसा हो गया। आसपास के लोगों ने बताया कि भीड़भाड़ वाले इलाके धोबिया टंकी में बीती शाम यह ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। इसी दौरान वहां से गुजर रहे स्कूटी सवार पिता पुत्री भी ऑटो में लोड पाइप की चपेट में आ गए। मौके पर भीड़ होने के कारण तत्काल ऑटो सहित पाइप को हटा दिया गया जिससे पिता पुत्री मामूली रूप से घायल हो गए और उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया वरना एक बड़ा सड़क हादसा हो सकता था। घटना के बाद मौके पर पहुंची अमहिया पुलिस ने ऑटो को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।








# नहर में पानी छोड़ने की मांग को लेकर किसानों ने सड़क पर लगाया जाम

### फसलों की नहीं हो पा रही सिंचाई



**जागरण, रीवा।** जल उपभोक्ता संस्था दुलहरा नहर में विगत तीन वर्षों से पानी नहीं छोड़े जाने के कारण किसान परेशान हैं। पानी नहीं मिलने से फसल सूखने की कगार पर हैं। साथ ही पशुपालन एवं पेयजल की समस्या भी सामने आ रही है। किसानों का कहना था कि इसे लेकर उन्होंने कई बाद लिखित आवेदन दिया इसके बावजूद समस्या का सामाधान नहीं हो पाया। गुरुवार को इसी बात से आक्रोशित ग्रामीणों ने सिरमौर-क्योटी मार्ग पर चकाजाम कर दिया। जिसके बाद पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों को कृषकों ने समस्याओं के निराकरण के लिए चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। किसानों ने क्योटी कैनाल के राजगढ़, दुलहरा मेन नहर की सफाई करवाने के साथ नहर को कांक्रीट कराने क्योटी कैनाल के माइनर नम्बर 3,4,5 में साइफन की व्यवस्था करने के साथ क्योटी कैनाल राजगढ़ दुलहरा को पूर्व की तरह मुख्य नहर में बदलने की मांग की है। किसानों के प्रदर्शन की सूचना पर मौके पर पहुंचे सिरमौर तहसीलदार अनुपम पाण्डेय, सिरमौर एसडीओपी उमेश प्रजापति, रीवा बाण सागर विभाग की अधिकारी हेमा सिंह, उपयंत्री आर पी सिंह ने किसानों को समझाइश देते हुए समस्याओं के निराकारण का आश्वासन दिया है।












## ट्रक की टक्कर से ऑटो सवार 5 घायल

### क्योटी- लालगांव मार्ग में देर शाम हुई घटना



**जागरण, रीवा।** सिरमौर थाना क्षेत्र अंतर्गत क्योटी-लालगांव रोड पर एक तेज रफ़्तार हाइवा ट्रक और ऑटो में सीधी भिड़ंत हो गई। इस सड़क हादसे में ऑटो में सवार परिवार के 5 लोग घायल हुए। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची सिरमौर पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। मिली जानकारी के अनुसार सिरमौर थाना क्षेत्र अंतर्गत क्योंटी लालगाव रोड पर दुलहरा गांव के पास एक तेज रफ्तार हाइवा ट्रक और ऑटो में सीधी भिड़ंत हो गई है। इस घटना में आटो चालक सहित ऑटो में सवार 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है, घायलों में मोहित सकित 25 वर्ष, रामधारी साके 60 वर्ष, रोहणी साकेत 22 वर्ष, रामचरित्र साकेत 45 वर्ष, जीतेन्द्र साकेत 20 वर्ष सभी निवासी राजगढ़ थाना सिरमौर घायल हुए है। बताया गया कि बीती शाम करीब 7 बजे ट्रक लालगांव की तरफ जा रहा था, जबकि सवारी लेकर ऑटो राजगढ़ तरफ जा रहा था, इसी दौरान यह हादसा हो गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर घटना को जांच में लिया है।

# कोशिश करने वाले की कभी हार नहीं होती: एसपी

### संभाग स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स सम्पन्न



**जागरण, रीवा।** खेल और युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में संभाग स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को हुआ। बतौर मुख्य अतिथि एसपी शैलेन्द्र सिंह चौहान मौजूद रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुये कहा कि 'लहरों से डरकर से नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती' कह कर युवा खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन कर विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनायें दीं। इस अवसर पर विक्रम सिंह पूर्व संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी, रेशी करोसिया, लवकुश मिश्रा, पप्पू प्रसाद यादव, जगदीश सिंह मरकाम, प्रमाद शाह मरावी, सुनीता मिश्रा, जगदीश सिंह मार्को, रमा उइके, सुरेश तिवारी, रामबहोर रावत, विनय भारती, जावेद अली, करना साकेत, ममता साकेत, राकेश, संदीप कुमार का सराहनीय सहयोग रहा। संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी एमके धौलपुरी ने जानकारी दी। समापन अवसर पर वालीबॉल बालक वर्ग में प्रथम रीवा, द्वितीय सिंगरौली, बालिका वर्ग प्रथम सतना, द्वितीय रीवा, बास्केटबॉल बालक वर्ग में प्रथम रीवा, द्वितीय मऊगंज, बालिका वर्ग में प्रथम रीवा, द्वितीय मऊगंज, फुटबॉल बालक वर्ग में प्रथम रीवा, द्वितीय सतना, बालिका वर्ग में प्रथम सिंगरौली, द्वितीय सतना, क्रिकेट बालक वर्ग में प्रथम सीधी, द्वितीय रीवा, तृतीय मऊगंज योगासन में बालक वर्ग बालिका वर्ग में प्रथम अनामिका तिवारी, दीप्ती तिवारी, द्वितीय अंशिका जायसवाल अर्टिटिस्क पेयर द्वितीय रहीं।









जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**

**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com